जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBIT



The King of Romantic Writing | In India, you cannot write fantasy unless it is backed by some mythology. | EVENT: Bringing Theater to the Masses | Quit Your Job & Move Abroad! | This is the year to pursue the dream: Move to one of the cheapest places to live



*''मां का लाडला'' सुना होगा पर ऐसा नहीं जैसा किलर व्हेल का होता है। इस प्रजाति में मादा अपनी नर संतान के अच्छे भविष्य के लिए अपनी प्रजनन संभावनाओं का भी बलिदान कर देती है। ''मां के लाड़ले'' की अवधारणा को मादा ओरका (किलर व्हेल) चरम पर ले जाती हैं। वो अपने बेटों की वयस्क होने तक देखभाल करती हैं, भले ही इससे उनके प्रजनन के अवसर खत्म हो जाएं। जर्नल करंट बायॉलटी के 8 फरवरी के संस्करण में प्रकाशित शोध में शोधकर्ताओं ने मां -बेटे के इस रिश्ते का अध्ययन किया। उन्होंने वॉशिंगटन स्टेट और ब्रिटिश कोलम्बिया के बीच रहने वाले ओरका समूह (सदर्न रैज़िडैंट्स) की 73 व्हेल्स पर यह शोध किया। वर्ष 1976 से ही सैंटर फॉर व्हेल रिसर्च, हार्बर वॉशिंगटन, के शोधकर्ता इस समूह पर निगरानी रख रहे हैं। उन्होंने यहां एक अलग सोशल सिस्टम देखा कि, अपने वयस्क पुत्रों के लिए भी मां ही शिकार करती है। शोध के प्रथम लेखक माइकल वाइज़, जो व्हेल रिसर्च सैंटर के डायरैक्टर हैं, ने कहा, ओरका मातृ सत्तात्मक समाज है, बेटे और बेटी दोनों अपना सारा जीवन मां के समूह में ही रहते हैं। लेकिन बेटों का मां से ज्यादा मजबूत रिश्ता होता है, वे प्रायः मां के आगे पीछे घूमते रहते हैं। मां से चिपके रहने का उन्हें फायदा भी होता है। इसके विपरीत बेटी को वयस्क होते ही मां अलग कर देती हैं और उसे अपने लिए स्वयं भोजन जुटाना पड़ता है। आमतौर पर व्हेल 6 से 10 साल में वयस्क हो जाती हैं। सवाल यह है कि, मादा ओरका बेटों को ज्यादा और बेटी को कम तवज्जो क्यों देती हैं। वाइज़ ने कहा, आकार में नर मादा से बड़े होते हैं और उन्हें ज्यादा कैलरी की जरुरत होती है तथा उनमें चतुराई भी कम होती है, इसलिए मछली पकड़ने में प्रायः असफल रहते हैं, शायद इसीलिए मां उनकी मदद करती है और बेटियां प्रजनन करती हैं। बेटियों के बच्चे भी उसी समूह में रहते हैं, अर्थात् एक और खाने वाला बढ़ जाता है। इसलिए बेटी की मदद करना व्हेल मदर को भारी पड़ता है, जबकि बेटे जब प्रजनन करते हैं तो उनके बच्चे अपनी माँ के साथ किसी और समूह में रहते हैं। वाइज़ ने कहा, उद्विकास में भी ऐसे ही लाभ मिलते हैं, जब आपके जीन्स नई पीढ़ी में जाते हैं और आपको किसी के पालन पोषण की जिम्मेवारी भी नहीं उठानी पड़ती। लेकिन इसकी कीमत मां को चुकानी पड़ती है। शोधकर्ताओं ने पाया कि वयस्क पुत्र की देखभाल करने वाली मां की प्रजनन संभावना कम हो जाती है।*

# अमेरिका के राष्ट्रपति बाइडन अचानक यूक्रेन पहुंचे

## यूक्रेन वॉर को एक साल होने को हैं और विश्वभर में कूटनीतिक गतिरोध अधिक खतरनाक होता जा रहा है

**-अंजन रॉय-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 20 फरवरी। अगर एक साल तक चले युद्ध की गहराई में जायें, तो हम पायेंगे कि वैश्विक कूटनीतिक गतिरोध बहुत तीक्ष्ण और खतरनाक होता जा रहा है। दुनिया संकट के कगार के इर्द-गिर्द पहुँच चुकी है।

राष्ट्रपति जो बाइडन सोमवार को एकाएक युद्ध पीड़ित यूक्रेन की राजधानी कीव पहुँच गये, वहीं चीन के शीर्ष कूटनीतिज्ञ तथा शी जिनपिंग के मुख्य विदेश नीति सलाहकार, वांग यी मॉस्को जाने वाले हैं।

इसी बीच, अमेरिका के सेक्रेटरी ऑफ स्टेट, ब्लिंकन तथा चीन के नये ताकतवर राजनयिक के रूप में उभरे वांग यी के बीच हुई मीटिंग दोनों सुपर पावर्स के बीच पैदा हुये नये संदेहों तथा आरोपों के साथ खत्म हो गई।

वांग की यह यूरोप यात्रा अमेरिका के यूरोपीय मित्र देशों को प्रभावित करने के चीन के मोहक किन्तु आक्रामक प्रयास का एक हिस्सा है। वांग यी चीन को यूरोप में शान्ति लाने के लिये प्रयासरत एक ईमानदार मध्यस्थ के रूप में प्रस्तुत कर रहे हैं। वांग यी ने इससे पहले हाई प्रोफाइल म्यूनिख सिक्योरिटी कॉन्फ्रैंस को संबोधित कर घोषणा की थी कि यूक्रेन संकट का चीन एक समग्र समाधान प्रस्तुत करेगा। तथापि, उसके म्यूनिख में दिए बयान को सही मान लिया जाए तो उन्होंने एक तरह से इसके व्यापक संदेह पैदा कर दिए हैं कि यूक्रेन के दीर्घकालिक युद्ध में चीन रूस की सहायता करने का आधार निर्मित कर रहा है। अमेरिका ने म्यूनिख कॉन्फ्रैंस में कहा था कि युद्ध भूमि में तैनात करने के लिए चीन रूस को घातक हथियार सप्लाई करने की तैयारियां कर रहा है। अमेरिकी विदेश मंत्री ने वांग यी के साथ एक विशेष बातचीत की, जिसके बाद दोनों महाशक्तियों के बीच तनाव और बढ़ गया।

- **चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के मुख्य विदेश नीति सलाहकार वांग यी भी मॉस्को जा रहे हैं।**
- **वांग इससे पहले यूरोप भी गए थे, अमेरिका के यूरोपियन मित्रों का भरोसा जीतने के लिए। उनकी कोशिश यह बताना है कि, चीन यूरोप में शांति स्थापना के प्रति ईमानदार है।**
- **चीन की कोशिश असल में पश्चिमी एकता को तोड़ने की है, इसके लिए वह यूरोपियन देशों को चीन के विशाल बाज़ार का प्रलोभन भी दे रहा है।**

वांग यी ने यूरोप के नेताओं से कहा था कि चीन आग में घी डालने का काम नहीं करेगा और वह यूक्रेन के दीर्घ युद्ध से किसी प्रकार का लाभ उठाने के विरूद्ध है। यह इशारा अमेरिका के लिए था, क्योंकि चीन ने अपने प्राइम टाइम प्रसारणों में यह बात कही है कि अमेरिका यूक्रेन के युद्ध को लम्बा खींचना चाहता है ताकि उसकी हथियार इण्डस्ट्री को हथियारों की बिक्री से मुनाफा हो सके।

चीन ने यूरोप के देशों से भी अनुरोध किया है कि वे अपनी "सामरिक स्वतंत्रता" पर जोर दें और उसी के अनुरूप काम करें। इसका संदर्भ यह है कि यूरोप के देश अमेरिका के इशारे पर काम कर रहे हैं और उसके सामरिक उद्देश्यों को आगे बढ़ा रहे हैं।

चीन के कूटनीतिक प्रहार का उद्देश्य एटलांटिक महासागर के पार के देशों के बीच अलगाव पैदा करना और

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )




# तमिलनाडू ने "नीट" की वैधता को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी

## तमिलनाडू सरकार ने इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की तथा कहा कि, देशभर के मैडिकल कॉलेजों में प्रवेश के लिए एक ही टैस्ट आयोजित करना संघवाद के खिलाफ है

**-लक्ष्मण वेंकट कुची-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 20 फरवरी। एम.के. स्टालिन के नेतृत्व वाले तमिलनाडु सरकार, नैशनल एलिजिबिलिटी कम ऐन्ट्रैंस टैस्ट (एन.ई.ई.टी.) अर्थात् "नीट" जो मैडिकल कॉलेजों में प्रवेश के लिये राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा है, के मुद्दे पर एक बार फिर केन्द्र सरकार के आमने-सामने हो गई है। अब तमिलनाडु सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर नीट की वैधता को चुनौती दी है।

तमिलनाडु सरकार तथा सत्तारूढ़ द्रमुक मैडिकल कोर्सों के लिए केन्द्रीयकृत प्रवेश परीक्षा के खिलाफ रही हैं। उनका कहना है कि यह संघवाद के सिद्धांत के विरूद्ध है तथा यह (परीक्षा) इस सिद्धांत का पूरी तरह उल्लंघन करती है। हालाँकि केन्द्र सरकार इस बात को पूरी तरह स्पष्ट कर चुकी है कि यह परीक्षा मानकीकरण (स्टेडन्र्डाइजेशन) तथा कैपिटेशन फीस के जरिये होने वाले प्रवेशों से संबंधित भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए एक राष्ट्रीय आवश्यकता है, लेकिन तमिलनाडु सरकार नीट का तभी से विरोध कर रही है, जब 2019 में यह सत्ता में आई थी। यही नहीं, जब द्रमुक विपक्ष में थी, तब भी इसने नीट के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया था। अब, सरकार को यह मालूम है कि अदालत का फैसला किसी भी पक्ष में जा सकता है लेकिन फिर भी वह इस

- **एम. के. स्टालिन ने 2019 में तमिलनाडू में सरकार बनाई थी, तब से ही वे ''नीट'' के विरोधी रहे हैं।**
- **हालांकि, स्टालिन जानते हैं कि, कोर्ट का फैसला किसी भी पक्ष में जा सकता है, पर वे राज्य में नीट विरोधी जनभावना को भुनाने के लिए इस मुद्दे को जीवित रखना चाहते हैं।**
- **ज्ञातव्य है कि, सुप्रीम कोर्ट वर्ष 2020 से ही नीट को वैध ठहरा चुका है। तब सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि, भारी धनराशि लेकर मैडिकल कॉलेज में प्रवेश देने की प्रवृति पर रोक लगाने के लिए ''नीट'' जरूरी है।**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# दिल्ली धर्म संसद की रिपोर्ट मांगी सुप्रीम कोर्ट ने

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 20 फरवरी। सर्वोच्च न्यायालय ने सोमवार को दिल्ली पुलिस से वह चार्जशीट माँगी है, जो दिसम्बर 2021 में दिल्ली में आयोजित धर्म संसद में दिये गये कथित उत्तेजक एवं भड़काऊ भाषणों के सिलसिले में दी गई थी। पुलिस ने कहा है कि उसे फॉरेन्सिक रिपोर्ट अभी तक प्राप्त नहीं हुई है।

- **चीफ जस्टिस डी. वाय. चन्द्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय बैंच ने यह आदेश तब दिया, जब दिल्ली पुलिस ने कहा कि, वह अभी भी फॉरैंसिक जांच रिपोर्ट की प्रतीक्षा कर रही है।**

मुख्य न्यायाधीश डी.वाय. चन्द्रचूड़ तथा न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा एवं जे.बी. पारदीवाला की बैंच ने यह आदेश उस समय दिया, जब दिल्ली पुलिस की ओर से प्रस्तुत हुये एडिशनल सॉलिसिटर के.एम.नटराज ने कहा कि सैम्पल

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# मुम्बई की तर्ज पर दिल्ली में भी बाइक टैक्सी पर रोक

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 20 फरवरी। गोवा में पिछले कई वर्षों से बाइक टैक्सीज़ की अनुमति है, लेकिन दिल्ली या मुम्बई में नहीं है।

सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार द्वारा इसके लिए लायसैंस जारी करने से इन्कार किए जाने के विरूद्ध इस माह की शुरुआत में बाइक टैक्सी सेवा समूह केन्द्र "रैपिडो" को राहत देने से इंकार कर दिया था।

- **ज्ञातव्य है कि, महाराष्ट्र सरकार ने रैपिडो बाइक टैक्सी को लाइसैंस देने से मना कर दिया। कम्पनी ने इस पर सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी, वहां से भी इसे राहत नहीं मिली। अब दिल्ली ने भी यही कदम उठाया है।**

चीफ जस्टिस ऑफ इण्डिया (सी.जे.आई.), जस्टिस जे.बी. पारदी वाला की बैंच ने टिप्पणी की थी कि वर्ष 2019 में मोटर व्हीकल एक्ट में किए

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# महाधिवेशन से तीन दिन पहले छत्तीसगढ़ में कांग्रेसी नेताओं पर ई.डी. की रेड

## कांग्रेस ने कहा, यह डराने धमकाने की कार्यवाही है, पर इससे महाधिवेशन नहीं रूकेगा, वो हो के रहेगा

**-डॉ. सतीश मिश्रा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 20 फरवरी। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में तीन दिन बाद होने जा रहे ए.आई.सी.सी. महाधिवेशन से पूर्व की गई यह कार्यवाही यह स्पष्ट रूप से एक प्रतिशोधी कार्रवाई प्रतीत होती है। एन्फोर्समैन्ट डायरैक्टोरेट (ई.डी.) ने कांग्रेस नेताओं से जुड़े परिसरों सहित छत्तीसगढ़ के कई ठिकानों पर आज छापे मारे।

यद्यपि ई.डी. अधिकारियों का दावा था कि यह मनी लॉन्ड्रिंग के जरिए कोल लेवी से अर्जित धन को लेकर चल रही जांच का हिस्सा है, लेकिन इन रेड्स का समय यह काफी कुछ स्पष्ट करता है कि वित्त मंत्रालय द्वारा नियंत्रित इस केन्द्रीय जांच एजेंसी की कार्यवाही ए.आई.सी.सी. महाधिवेशन की तैयारियों में बाधा डालने और परेशान करने के लिए की गई है।

छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व काल एक कांग्रेस शासित राज्य है। यहां की राजधानी रायपुर में 24 से 26 फरवरी तक कांग्रेस का महाधिवेशन आयोजित किया जा रहा है और रेड्स उसे तीन दिन पूर्व मारी गई है। कांग्रेस महासचिव एवं संचार प्रभारी जयराम रमेश ने ए.आई.सी.सी. मुख्यालय पर मीडिया कर्मियों को ब्रीफ करते हुए कहा कि पार्टी के पांय या छह सीनियर नेताओं के यहां डाली गईं रेड्स लोकतंत्र के लिए विनाशक है। उन्होंने बताया कि रेड्स तड़के सुबह पांच बजे तक जारी रहीं।

रमेश ने कहा कि यह स्पष्ट रूप से प्रतिशोधी एवं परेशान करने वाली राजनीति है और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 85वें महाधिवेशन के लिए यह आंखे खोलने वाली हो सकती हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि "हम भयभीत नहीं हैं। हमारे पास छिपाने के लिए कुछ नहीं हैं। हम नहीं डरेंगे। मैंने बार-बार कहा है कि एफ.डी.आई. की मोदी की पॉलिसी कपटपूर्ण एवं भयभीत करने वाली हैं। यही वास्तविक एफ.डी.आई. पॉलिसी

- **ई.डी.के अधिकारियों ने कहा कि, यह कार्यवाही कोयला लेवी में गड़बड़ी की जांच और मनी लॉण्डरिंग के मामले में की गई है। लेकिन रेड की टाईमिंग को लेकर राजनैतिक हल्कों में सवालिया चिन्ह लगाया जा रहा है।**
- **नई दिल्ली में कांग्रेस मुख्यालय पर पत्रकारों से बात करते हुए पार्टी के मुख्य प्रवक्ता, जयराम रमेश ने कहा कि, यह प्रतिशोध, उत्पीड़न की राजनीति है, पर हम डरे नहीं हैं।**
- **सूत्रों ने बताया कि, दर्जन भर स्थानों पर तलाशी ली जा रही है, जिसमें कांग्रेस नेताओं के परिसर भी शामिल हैं, रेड कब तक चलेगी यह अभी पता नहीं है।**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# राष्ट्रपति के प्रत्याशी के रूप में ट्रम्प अभी भी रिपब्लिकन्स की पहली पसंद हैं

## हाल ही में हुए हारवर्ड कैम्प्स-हैरिस पोल में लगभग 46 प्रतिशत लोगों ने ट्रम्प को चुना

**-सुकुमार साह-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 20 फरवरी। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प जब से राष्ट्रपति पद से हटे हैं, तभी से वे विभिन्न कानूनी चुनौतियों का सामना कर रहे हैं- चाहे उनके कारोबारी सौदों की जाँच है, 2020 के चुनावों में दखलंदाजी की कोशिशें की जाँच हो या फिर उनके पास बरामद हुई बहुत सी क्लासीफाइड फाइलों की डिपार्टमैंट ऑफ जस्टिस द्वारा की जा रही जाँच हो, फिर भी वे 2024 के चुनाव के लिए रिपब्लिकन प्रत्याशी बन सकते हैं।

अगले वर्ष होने वाले चुनावों में, ट्रम्प एक बार फिर वाइट हाउस में पहुँचने तथा जो बाइडन से सत्ता छीनने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन इसके लिये, उन्हें पहले पार्टी-प्राइमरीज में रिपब्लिकन्स समर्थन जीतना होगा।

अगर नये चुनाव को किसी संकेत के रूप में लिया तो पार्टी प्रत्याशी के रूप में रिपब्लिकन्स की पसंद में सबसे आगे रहने की ट्रम्प की संभावना सुस्पष्ट है।

हार्वर्ड कैम्प्स-हैरिस पोल के अनुसार, 15 तथा 16 फरवरी को हुये पोल में, 1800 से अधिक रजिस्टर्ड मतदाताओं में करीब आधे प्रतिक्रिया दाताओं ने ट्रम्प का समर्थन किया। ट्रम्प ने इस सर्वे में अपने अपुष्ट प्रतिद्वंदी तथा फ्लोरिडा के गवर्नन रॉन डीसैन्टिस से दुगुने वोट हासिल किये।

सर्वे में रिपब्लिकन मतदाताओं से पूछा गया था कि अगर 2024 जी.ओ.पी. प्रैसिडेन्शियल प्राइमरी आज सम्पन्न हो, तो वे किस प्रत्याशी को समर्थन देंगे। करीब आधे, 46 प्रतिशत मतदाताओं ने ट्रम्प का चयन किया। डीसैन्टिस, 23 प्रतिशत समर्थन के साथ, ट्रम्प से बहुत दूर किन्तु दूसरे स्थान पर रहे। उन्हें पहले पोल से मामली से कम वोट मिले। पूर्व उपराष्ट्रपति माइक पेन्स 7 प्रतिशत मतों के साथ तीसरे स्थान पर तथा साउथ केरोलिना की गवर्नर निक्की हैली 6 प्रतिशत मतों के साथ चौथे स्थान पर रहीं। उन्हें पहले से कुछ ज्यादा वोट मिले। हैली ने पिछले सप्ताह वाइट हाउस की अपनी दौड़ वाले पहले तथा इस प्रकार ट्रम्प को चुनौती देने वाले पहले रिपब्लिकन नेता के रूप में सामने आईं। इसी पोल में रिपब्लिकन प्रतिक्रिया दाताओं से यह भी पूछा गया था कि अगर ट्रम्प 2024 में राष्ट्रपति पद की दौड़ में नहीं रहते हैं तो वे किसे वोट देंगे। 39 प्रतिशत के साथ लोगों ने डीसैन्टिस, उनके बाद 17 प्रतिशत लोगों ने पेन्स, 10 प्रतिशत लोगों ने हैली तथा 5 प्रतिशत लोगों ने टैक्सास सीनेटर टेड क्रुज का चयन किया।

हैरिस पोल में आधे से अधिक, 57 प्रतिशत प्रतिक्रिया दाताओं ने कहा कि वे राष्ट्रपति जो बाइडन की "पद के लिये फिटनैस" को लेकर संदेह में हैं। अमेरिका के सामने खड़ी बड़ी चुनौतियों के रूप में महँगाई, अर्थव्यवस्था तथा रोजगार चिन्हित किये गये। केवल एक-तिहाई मतदाताओं ने ही यह कहा कि देश सही राह पर अग्रसर है।

- **उनके निकटतम प्रतिद्वंदी फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डीसैन्टिस को ट्रम्प से आधे, मात्र 23 प्रतिशत वोट मिले, वे दूसरे स्थान पर रहे।**
- **पर्व उपराष्ट्रपति को 7 प्रतिशत लोगों ने प्राथमिकता दी, पर भारतीय मूल की साउथ कैरोलाइना गवर्नर निकी हैली 6 प्रतिशत वोट के साथ चौथे स्थान पर रहीं। निकी ने पिछले सप्ताह ही अपनी उम्मीदवारी घोषित की थी।**
- **सर्वे में यह पूछा गया कि, अगर ट्रम्प नहीं तो कौन? इस पर 39 प्रतिशत ने डीसैन्टिस को चुना और सिर्फ 10 प्रतिशत ने हैली के प्रति रूझान व्यक्त किया।**

# 'गोधरा कांड के अपराधियों को मृत्युदंड दिया जाए'

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 20 फरवरी। गुजरात सरकार ने सोमवार को उन 11 अभियुक्तों को मृत्युदंड दिये जाने का आग्रह किया, जिन्हें 2002 के गोधरा में ट्रेन देने वाले केस में दिये गये मृत्युदंड को गुजरात उच्च न्यायालय ने आजीवन कारावास में बदल दिया था। मुख्य न्यायाधीश डी.वाय. चन्दूचूड़ तथा

- **गुजरात सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ दायर याचिका में आग्रह किया। ज्ञातव्य है कि, गुजरात हाई कोर्ट ने गोधरा कांड के मृत्युदंड प्राप्त 11 दोषियों की सजा को आजीवन कारावास में बदल दिया था।**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )



विचार बिन्दु

चापलूस आपको हानि पहुंचा कर अपना स्वार्थ सिद्ध करना चाहता है। –हरिऔध

# यह कैसा सरलीकरण ?

प्रधानमंत्री बनने के बाद अपने प्रारंभिक उद्बोधनों में कई बार नरेंद्र मोदी ने सरकार की प्रक्रियाओं की जटिलता की ओर लोगों का ध्यान दिलाया एवं आश्वासन दिया कि वे प्रक्रियाओं को सरल करेंग, ताकि सामान्य जन विभिन्न सरकारी योजनाओं के अंतर्गत वांछित लाभ प्राप्त कर सके। उन्होंने कहा कि वे " minimum government, maximum governance" अर्थात् न्यूनतम सरकार और अधिकतम शासन के सिद्धांत पर काम करेंगे। सरकारी कार्यालयों द्वारा आने वाली बाधाएं कम से कम की जाएंगी, ताकि साधारण नागरिक बिना किसी परेशानी के अपना काम करवा सकें। देश के नागरिकों ने उन पर विश्वास जताते हुए पहले 2014 में उन्हें सत्ता सौंपी और 2019 में और अधिक बहुमत के साथ भाजपा को सत्ता में बिठाया। इस सरकार को अब 9 साल हो चुके हैं।

यह एक अच्छा अवसर है जब प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए आश्वासन का वास्तविकता के धरातल पर मूल्यांकन किया जाय। ऐसा लगता है कि जो अच्छी मंशा उन्होंने प्रारंभ में व्यक्त की थी, वह समय के साथ साथ भूल चुके हैं। वास्तविकता में तो आज सामान्य जन और भी अधिक परेशानियां विभिन्न क्षेत्रों में अनुभव कर रहा है। इस बारे में एक ताजा उदाहरण पाठकों के समक्ष रखना उपयुक्त होगा। हाल ही में सभी बैंकों ने लॉकर धारकों को सूचित किया है कि वे बैंक के साथ नया समझौता पत्र हस्ताक्षिरत करके प्रस्तुत करें, जो 500 रुपये के स्टाम्प पर होना चाहिए।

यह उल्लेखनीय है कि बैंकों में लाखों लोगों के लॉकर हैं जिनमें कई महिलाएं हैं। इनमें से कई तो बहुत कम पढ़ी लिखी हैं। बैंकों ने यह भी कहा कि जो समय पर एग्रीमेंट फॉर्म जमा नहीं कराएंगे, वे अपने लॉकर का संचालन नहीं कर पाएंगे। बैंक का यह आदेश सभी लाखों–करोड़ों लोगों के लिए अत्यंत परेशानी का कारण बन के रह गया है। समझ में नहीं आता कि बैंक के पास जब पूरी केवाईसी (Know Your Customer) के दस्तावेज उपलब्ध हैं, तो उन्हें क्यों इस प्रकार के एग्रीमेंट करने के लिए मजबूर किया जा रहा है? बैंक में पता करने पर बताया गया कि ऊपर के आदेश है।

इस प्रकार का नोटिस देने के बाद 1सप्ताह का ही समय दिया गया था। उसके बाद समय–समय पर बढ़ाया जा रहा है। सरकार में बैठे लोगों को नहीं पता कि इस अनावश्यक आदेश से लोगों की जिंदगी में परेशानियां कितनी बढ़ गई हैं। पहली बात तो यही समझ से परे है कि जब लॉकर खोलते समय बैंक द्वारा एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर कराए जाते हैं तो अब फिर दोबारा स्टांप पेपर पर ऐसा करने की क्या आवश्यकता है? स्टांप पेपर हर जगह उपलब्ध नहीं होता है। कई लोग तो यह भी नहीं जानते कि स्टाम्प पेपर भी ज्यूडिशल, नॉन जूडिशल, दो तरह का होता है, न केवल यह, 500 के स्टाम्प पेपर के लिए टैक्स समेत 750 रुपये वसूल किए जा रहे हैं। अंदाजा लगाइए कि लाखों से 750 रुपये प्रति व्यक्ति वसूल किए जाने हैं तो कितनी धनराशि केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा इस स्टाम्प पेपर एवं कर के रूप में अनावश्यक रूप से वसूल की जा रही है? इसका कोई कारण भी बैंकों के द्वारा किसी तरह से नहीं समझाया जाता कि ऐसा किया क्यों जा रहा है? स्पष्टता की इसी कमी के कारण लोगों में भ्रम तो यह भी उत्पन्न हो रहा है कि जो लोग इस प्रकार का एग्रीमेंट स्टाम्प पेपर पर जमा नहीं करा पाएंगे, उनके लॉकर ज़ब्त करके बैंक की संपत्ति माना जा सकता है।

मजबूर होकर मैंने किसी से स्टाम्प पेपर और एग्रीमेंट मंगवाया, एग्रीमेंट 10– 12 पेज का था और उसे पढ़कर मतलब निकालना सरल नहीं था। अत: बिना देखे ही करीब 12 जगह हस्ताक्षर कर दिए। पूरा एग्रीमेंट अंग्रेजी में था और सभी लोग इसको बिना पढ़े ही हस्ताक्षर कर रहे हैं। वैसे ही आजकल बिना पढ़े हस्ताक्षर करने की बाध्यता कई स्थानों पर हो गई है। बाद में मनमाने तौर पर, इसी आधार पर साधारण नासमझ लोगों को परेशान किया जा सके, तो आश्चर्य नहीं होना चाहिए। यह स्थिति तो तब है जब प्रधानमंत्री ने स्वयं प्रक्रिया को सरल करने का वादा किया था। बैंक के अन्य कार्यों के लिए भी हर स्थान पर, बार–बार आधार कार्ड और पैन कार्ड माँगा जाता है। लॉकर के एग्रीमेंट के साथ एक बार फिर सबसे सत्यापित आधार कार्ड और पैन कार्ड माँगा जा रहा है। जब एक बार बैंक के पास सारे दस्तावेज उपलब्ध है तो फिर उन्हीं को, जहां आवश्यकता हो, वहां क्यों नहीं काम में लिया जा सकता है? सरलीकरण का अर्थ ही अनावश्यक दस्तावेजों की आवश्यकता को कम करना होता है. काग़ज़ी कार्यवाही को कम करना तो दूर, जो दस्तावेज उपलब्ध हैं , उन्हीं को बार–बार मांग कर, लोगों को परेशान कर रहे हैं. इस बारे में खाताधारकों के पास किसी प्रकार का कोई विकल्प न होने से सब परेशान हो रहे हैं. अब भी बैंकों को इस पर पुनर्विचार कर इस प्रक्रिया तो समाप्त करके लोगों को अनावश्यक परेशानी से बचाना चाहिए. सरकार ने सरलीकरण के नाम पर विभिन्न कार्यों के लिए प्रार्थना पत्र ऑनलाइन कर दिए हैं .इससे बिचौलियों की भरमार हो गई है , अधिकांश व्यक्ति तो इस प्रकार के ऑनलाइन प्रार्थना पत्र फॉर्म भरने में सक्षम ही नहीं है. ऐसा करने की प्रक्रिया भी जटिल है. जो दूसरा व्यक्ति ( बिचौलिया), आपकी तरफ से ऑनलाइन फॉर्म भर रहा है, वह कितनी सूचनाएं गलत और कितनी सही देता है ,इसकी आपको कोई जानकारी नहीं होती. आपका काम तो ,जहां पर वह कहे ,वहां पर आंख बंद करके हस्ताक्षर करने का हो गया है. इसके दुष्परिणाम तो आपको ही भुगतने होंगे, क्योंकि गलत सूचनाएँ देने की जिम्मेदारी तो आप पर ही होगी.

**उदाहरणार्थ, ''शिक्षा के अधिकार कानून '' में गरीब लोगों के लिए निजी विद्यालयों में 25 आरक्षण किया गया है। इसके लिए सारी सूचनाएं अँग्रेजी में मांगी जाती हैं। गरीब अभिभावक कंप्यूटर से किसी भी प्रकार से परिचित नहीं हैं। उनके लिए ऑनलाइन आवेदन की बाध्यता एक प्रकार से उन्हें प्रवेश प्रक्रिया से वंचित करने जैसा ही है। हम ऑनलाइन आवेदन की अनिवार्यता के कारण कहीं हाशिये के लोगों को एकदम बाहर ही तो नहीं धकेल रहे हैं? साधारण नागरिक के जीवन को जटिल बनाने में केंद्र एवं राज्य सरकार, दोनों बराबर की दोषी हैं। अच्छे खासे पढ़े-लिखे लोग भी विभिन्न प्रकार के कामों के लिए स्वयं अपने स्तर पर ऑनलाइन आवेदन करने का प्रयास करते हैं, किंतु विभिन्न समस्याओं के चलते और अधिकांश वेबसाइट उपयोगकर्ता के लिए सरल नहीं होने के कारण उन्हें अंततः मजबूरी में किसी ''एजेंट'' का सहारा लेना होता है।**

उदाहरणार्थ, ''शिक्षा के अधिकार कानून '' में गरीब लोगों के लिए निजी विद्यालयों में 25 आरक्षण किया गया है. इसके लिए सारी सूचनाएं अँठोजी में मांगी जाती हैं. गरीब अभिभावक कंप्यूटर से किसी भी प्रकार से परिचित नहीं हैं. उनके लिए ऑनलाइन आवेदन की बाध्यता एक प्रकार से उन्हें प्रवेश प्रक्रिया से वंचित करने जैसा ही है. हम ऑनलाइन आवेदन की अनिवार्यता के कारण कहीं हाशिये के लोगों को एकदम बाहर ही तो नहीं धकेल रहे हैं?

साधारण नागरिक के जीवन को जटिल बनाने में केंद्र एवं राज्य सरकार, दोनों बराबर की दोषी हैं. अच्छे खासे पढ़े–लिखे लोग भी विभिन्न प्रकार के कामों के लिए स्वयं अपने स्तर पर ऑनलाइन आवेदन करने का प्रयास करते हैं, किंतु विभिन्न समस्याओं के चलते और अधिकांश वेबसाइट उपयोगकर्ता के लिए सरल नहीं होने के कारण उन्हें अंततः मजबूरी में किसी ''एजेंट'' का सहारा लेना होता है .शायद ऑनलाइन प्रक्रियाओं को जटिल रखने के पीछे कहीं यह कारण तो नहीं कि बिचौलियों का धंधा यथावत चलता रहे ? कभी किसी ने बैठकर यह नहीं सोचा कि हम प्रक्रिया के सरलीकरण के नाम पर उसे कहीं अधिक जटिल और साधारण व्यक्ति की समझ से बाहर तो नहीं बना रहे हैं ? यही हाल, कमोबेश हर जगह है, चाहे बैंक में खाता खोलना, उज्जवला गैस कनेक्शन लेना हो, '' मुद्रा'' योजना में लोन लेना हो, राशन कार्ड बनवाना हो, मकान का नक्शा पास करवाना हो आदि–आदि . मुद्रा लोन के लिए, कहा तो यह जाता है कि किसी भी दस्तावेज की आवश्यकता नहीं है ,केवल बैंक में जाएं फॉर्म भरें और लोन मिल जाएगा. असलियत वही जानता है जिसने कभी इसके लिए प्रयास किया हो, कि कितने पापड इस हेतु बेलने पड़ते हैं.

यदि आपने आधार कार्ड बनने के बाद मकान बदल लिया तो उसे ठीक कराने में बहुत परेशानी है. कई लोगों के पास अपने निवास का कोई दस्तावेज भी नहीं होता और इस संबंध में किसी प्रकार का कोई स्पष्ट दिशानिर्देश भी नहीं है. दस्तावेज बनवाने और ऑनलाइन आवेदन के चक्रव्यूह में फंस कर साधारण नागरिक रह गया है. दूसरी बात यह कि आजकल ,ओटीपी से ही सारा काम चलता है .अधिकांश लोगों को तो इसका महत्व ही नहीं पता है. जब काम किसी बिचौलिए के माध्यम से करना है ,तो फिर वह किस प्रकार से ओटीपी का दुरुपयोग करके उस व्यक्ति को नुकसान पहुंचा सकता है, इसका कोई अंदाजा नहीं है. एक ओर तो बैंक विज्ञापनों में बार–बार यह कहते हैं कि अपना आधार कार्ड और पैन कार्ड के नंबर किसी को न बताएं और दूसरी और अधिकांश प्रकार के बैंक संबंधी कामों में आधार कार्ड की प्रति और पैन कार्ड की प्रति सत्यापित करके मांगी जाती है. इस प्रकार के आधार कार्ड की सूचना का ,बैंक या अन्य संस्थाएं किस प्रकार से क्या दुरुपयोग करते हैं, इसका पता तब लगता है जब किसी व्यक्ति के संपत्ति की नीलामी होने लगती है, या फिर उसके विरुद्ध बैंक का पैसा न लौटाने के कारण विभिन्न प्रकार की कार्यवाही प्रारंभ कर दी जाती है. ऐसे काम गिने चुने हैं, जिनसे साधारण नागरिक का वास्ता पड़ता हो,और उसकी प्रक्रिया पहले से सरल हो गई हो. बड़ी समस्या तो तब आएगी जब सी ए ए ( नागरिकता संशोधन कानून)लागू हो जाएगा और जब एन आर सी ( राष्ट्रीय नागरिकता रजिस्टर) बनाया जाएगा. उस समय समस्याएं अत्यधिक होंगी, क्योंकि देश के अधिकांश नागरिकों के पास तो ऐसा कोई दस्तावेज भी शायद नहीं होगा जिसके आधार पर वह इस देश की नागरिकता को सिद्ध कर सके. क्या ऐसे सभी लोगों को देश निकाला देने की बात की जाएगी? यदि हां, तो फिर यही एक चुनाव लड़ने का मुद्दा बन जाएगा.

हर जगह पर न केवल समस्याएं पहले से कहीं अधिक हो गई हैं, आधार कार्ड की जानकारी अनेक स्थानों पर पहुंचने के कारण निजता का हनन भी हुआ है. पता नहीं, कहां–कहां हमारे रिकॉर्ड आधार के माध्यम से किन–किन कंपनी द्वारा लिए जा रहे हैं ? इसका क्या दूरगामी प्रभाव होगा, यह कहना कठिन है. हां , यह तो हो ही गया है कि व्यक्तिगत पसंद– नापसंद के आधार पर व्यावसायिक कंपनियां फोन करती रहती हैं. चुनाव में भी लोगों की पसंद को प्रभावित कर एक तरफ मोड़ना सरल हो गया है. हाल ही में इजरायल की एक कंपनी ने तो ऐसा दावा किया गया है कि उसने विश्व के 29 देशों चुनाव परिणाम को प्रभावित किया. कुल मिलाकर, नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने पर जो आशाएं जनता में जागृत हुई थीं कि अब अधिक सरलता से सरकारी कार्यालयों में काम होने लगेंगे या संभवतया सरकारी कार्यालय में जाने की आवश्यकता ही नहीं होगी, वह अब तक पूरी नहीं हो पायीं हैं. इसके लिए दोषी राज्य सरकार भी है क्योंकि नागरिकों का अधिकांश काम तो राज्य सरकार के कार्यालय से ही पड़ता है. यदि सरलीकरण का अर्थ केवल डिजिटलीकरण है और उसका अर्थ केवल साधारण व्यक्तियों को बिचौलियों के पास जाने के लिए बाध्य करना है, तो ऐसे सरलीकरण का क्या लाभ? अधिक अच्छा होता यदि पहले दस्तावेजों की आवश्यकता को कम किया जाता और प्रक्रियाओं को सरल बनाया जाता , तो वह बहुत राहत अनुभव करता। प्रधानमंत्री जी ने शायद इसे भांपते हुए ही आजकल '' अच्छे दिन '' की बात करना बंद कर दिया है।

**राजेन्द्र भाणावत**
**( आई.ए.एस. रिटायर्ड )**

अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस 2023 पर विशेष

# बहुभाषी शिक्षा-शिक्षा को बदलने की आवश्यकता




भारत के साथ दुनिया के कई देशों में अब कई प्राचीन भाषाएं लुप्त होने की कगार पर हैं और हर दो सप्ताह में एक भाषा अपने साथ एक पूरी सांस्कृतिक और बौद्धिक विरासत को ले जाने के लिए गायब हो रही है। बहुभाषी और बहुसांस्कृतिक समाज अपनी भाषाओं के माध्यम से मौजूद हैं। जो पारंपरिक ज्ञान और संस्कृतियों को प्रसारित और संरक्षित करते हैं। सांस्कृतिक विविधता और बहुभाषावाद को बढ़ावा देने के लिए प्रति वर्ष अंतराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया जाता है।

भाषाएं अपने जटिल निहितार्थ के साथ, दुनिया भर में पहचान, संचार, सामाजिक एकीकरण, शिक्षा और विकास के लिए पृथ्वी और लोगों के लिए रणनीतिक महत्व रखती हैं। लगातार हो रहे वैश्वीकरण के कारण भाषाएं और बोलियां खतरे में हैं, और पूरी तरह से गायब हो रही हैं। जब भाषाएं लुप्त होती हैं, तो उनके साथ दुनिया की सांस्कृतिक विविधता भी ख़त्म होने लगती हैं। और साथ ही परंपराएं, स्मृति, सोच और अभिव्यक्ति के अद्वितीय तरीके एक बेहतर भविष्य सुनिश्चित करने के लिए मूल्यवान संसाधन भी खो जाते हैं।

दुनिया में बोली जाने वाली अनुमानित 6–7 हजार भाषाओं में से कम से कम 43 प्रतिशत लुप्तप्राय हैं। केवल कुछ सौ भाषाओं को वास्तव में शिक्षा प्रणालियों और सार्वजनिक डोमेन में जगह दी गई है, और डिजिटल दुनिया में सौ से भी कम का उपयोग किया जाता है।

अकेले भारत में लगभग 22 आधिकारिक रूप से मान्यता प्राप्त भाषाएं, 1635 मातृभाषाएं और 234 पहचानयोग्य मातृभाषाएं हैं। अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस इस बात की याद दिलाता है कि भाषा हमें कैसे जोड़ती है, हमें सशक्त बनाती है और दूसरों को हमारी भावनाओं को संप्रेषित करने में हमारी मदद करती है। इसी ओर लोगों का ध्यान आकर्षित करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस हर साल भाषाई और सांस्कृतिक विविधता और बहुभाषावाद को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है। वर्ष 2023 अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस का विषय, ''बहुभाषी शिक्षा,'' शिक्षा को बदलने की आवश्यकता'' ट्रांसफॉर्मिंग एजुकेशन समिट के दौरान की गई सिफारिशों के साथ संरेखित है, जहां स्वदेशी लोगों की शिक्षा और भाषाओं पर भी जोर दिया गया था। पिछले साल अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस 2022 अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस का विषय, ''बहुभाषी सीखने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करना: चुनौतियां और अवसर था। अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस दुनिया भर में वर्ष 2000 से मनाया जा रहा है। इसकी घोषणा नवंबर 1999 में संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) के सामान्य सम्मेलन द्वारा की गई थी।

यह बांग्लादेश द्वारा अपनी भाषा बांग्ला की रक्षा के लिए एक लंबे संघर्ष को भी याद करता है। 21 फरवरी, बांग्लादेशी लोगों द्वारा अपनी मातृभाषा के माध्यम से अपनी सांस्कृतिक जड़ों की रक्षा के लिए किये गए आंदोलन की वर्षगांठ है। इतिहास में दुर्लभ घटनाओं में से एक इस आंदोलन में लोगों ने अपनी मातृभाषा के खातिर अपने जीवन का बलिदान दिया था। असल में जब 1947 में पाकिस्तान बना, तो इसके दो क्षेत्र पूर्वी पाकिस्तान, (वर्तमान में बांग्लादेश) और पश्चिमी पाकिस्तान संस्कृति, भाषा में पूरी तरह से अलग थे और यहां तक कि भूमि से भी जुड़े नहीं थे। वर्ष 1948 में पाकिस्तान सरकार ने उर्दू को एकमात्र राष्ट्रभाषा घोषित कर दिया। पूर्वी पाकिस्तान के बांग्ला मातृभाषीय लोगों ने इस फैसले का विरोध किया और बांग्ला को भी एक राष्ट्रीय भाषा का दर्जा देने की मांग की।

इस आंदोलन को समाप्त करने के लिए पाकिस्तान सरकार ने सभी बैठक और रैली रद्द करवा दी। आदेशों की अवहेलना करते हुए ढाका विश्वविद्यालय के छात्रों ने बड़े पैमाने पर रैलियों की व्यवस्था जारी रखी। 21 फरवरी 1952 को प्रदर्शनकारियों पर पुलिस ने गोलीबारी करवा दी जिसमें 04 छात्रों ने अपनी जान गंवाई और कई घायल हुए। इसके बाद भी विरोध जारी रहा और 1956 में पाकिस्तान सरकार को बांग्ला को आधिकारिक भाषा का दर्जा देना पड़ा।

जनवरी 1998 में एक बांग्लादेशी कैनेडियन नागरिक रफीकुल इस्लाम ने सयुंक्त राष्ट्र के जनरल को खत लिखकर दुनिया की लुप्त होती भाषाओं को बचाने के लिए अंतराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाए जाने के लिए आठाह किया और इसके लिए उन्होनें 21 फरवरी के दिन प्रस्ताव रखा। इसके बाद नवंबर 1999 में यूनेस्को ने 21 फरवरी को मातृभाषा दिवस मनाए जाने की घोषणा कर दी।

16 मई 2007 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने अपने प्रस्ताव //61/266 में सदस्य देशों से ''दुनिया के लोगों द्वारा उपयोग की जाने वाली सभी भाषाओं के संरक्षण और संरक्षण को बढ़ावा देने'' का आ ान किया।

उसी प्रस्ताव द्वारा, महासभा ने बहुभाषावाद और बहुसंस्कृतिवाद के माध्यम से विविधता और अंतर्राष्ट्रीय समझ में एकता को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 2008 को भाषाओं के अंतर्राष्ट्रीय वर्ष के रूप में घोषित किया।

आज के समय में यह जागरूकता बड़ी है कि भाषाएं विकास में, सांस्कृतिक विविधता और सांस्कृतिक संवाद सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इसी के साथ भाषाएं, आपसी सहयोग बढ़ाने और सभी के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने में, समावेशी ज्ञान समाजों के निर्माण और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने में और सतत विकास के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी के लाभों को लागू करने के लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति को जुटाने में भी अपना योगदान देती हैं। यूनेस्को का मानना है कि पहली भाषा या मातृभाषा पर आधारित शिक्षा को बच्चों के शुरुआती वर्षों से ही शुरू होना चाहिए क्योंकि बचपन की देखभाल और शिक्षा, सीखने की नींव होती है।

अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस विभिन्न तरीकों से मनाया जाता है। हालाँकि, उत्सव का मुख्य विचार मातृ भाषाओं के बारे में जागरूकता फैलाना और समावेशिता को प्रोत्साहित करना है। चूंकि बांग्लादेश का अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के साथ एक ऐतिहासिक संबंध है, इसलिए यह दुखद गोलीबारी की याद में और उन शहीदों को सम्मानित करने के लिए मनाया जाता है जिन्होंने अपनी मातृभाषा के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए।

वैश्विक स्तर पर, अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस बहुभाषी शिक्षा के बारे में जागरूकता पैदा करने और प्रोत्साहित करने के लिए मौजूद है। कोई भी किसी भी संभावित क्षमता में भाग ले सकता है, जैसे अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के बारे में विभिन्न विषयों पर शोध करना, सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी साझा करना और बहुभाषावाद पर व्याख्यान, कार्यक्रम या कार्यशालाओं में भाग लेना। साहित्यिक कार्यक्रमों में भाग लेना, विभिन्न भाषाओं में या अपनी मातृभाषा में लिखी गई फिल्मों और पुस्तकों को बढ़ावा देना, मातृभाषा के उपयोग को प्रोत्साहित करना या एक नई भाषा सीखना इस दिन को मनाने के कुछ और तरीके हैं।

अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस इस संदेश को प्रतिध्वनित करता है कि हमें कुछ भाषाओं के बारे में हमारे किसी भी पूर्वाठाह को बदलना चाहिए, और हमारे ठाह पर मौजूद कई अलग–अलग संस्कृतियों और परंपराओं को विकसित करने के लिए समावेशिता का वातावरण बनाना चाहिए। ऐसा करने से, और अपनी मातृभाषा में व्यक्त करने की स्वतंत्रता का विस्तार करके, रोजगार और विकास के अवसर पैदा होते हैं, और इस प्रकार सभी को अपनी संस्कृति और अपने देश के विकास में योगदान करने का अवसर मिलता है।

**प्रकाश चंद्र शर्मा**
**स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक**

# छात्रा सिमरन के चौके व छक्कों से सतीश पूनिया अभिभूत हुए

**निवाई,** (निसं)। निवाई की करेडा बुजुर्ग के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की कक्षा 8वीं में अध्ययनरत छात्रा सिमरन चौधरी का किक्रेट खेलते हुए का वीडियो भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया ने ट्वीट कर खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया है। वीडियो में छात्रा शानदार बेटिंग कर रही हैं।

- **भाजपा प्रदेशाध्यक्ष पूनिया द्वारा भेजी गई किट छात्रा को सौंपी**
- **विद्यालय में पूनिया ने खिलाड़ी सिमरन चौधरी से फोन पर बात भी की**



**सिमरन को भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया से फोन पर जिलाध्यक्ष राजेन्द्र पराणा ने बात करवाई।**

पूनिया के द्वारा भेजा हुआ ट्रैक सूट, बेट, हैलमेट, विकेट, शूज सहित संपूर्ण किट जिलाध्यक्ष राजेन्द्र पराणा, रतनदीप गुर्जर, राकेश चंवरिया, शिवदयाल गुर्जर, मोहित चंवरिया ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय करेडा बुजुर्ग पहुंचकर खिलाडी सिमरन व उनके पापा को सौंपी। विद्यालय में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया ने खिलाडी सिमरन चौधरी से फोन पर बात भी की। सतीश पूनिया ने कहा कि आप आगे बढ़ो आपको खेल से सम्बधित किसी भी चीज की जरूरत पड़े तो हमें बता देना में आपकी हरसंभव मदद करेंगे। खिलाडी सिमरन ने भी प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया को किट दिलवाने के लिए धन्यवाद दिया। पूनिया ने पूछा आगे क्या करोगी, सिमरन ने कहां भारत की टीम में किक्रेट खेलूंगी। सूचना मिलते ही सांसद सुखवीर सिंह जोनापुरिया ने करेडा बुजुर्ग स्कूल में पहुचंकर खिलाडी सिमरन को मिठाई खिलाकर मनोबल बढाया।

सांसद ने कहा कि ग्रामीण परिवेश की प्रतिभा को सुविधा मिल जाए तो यह राजस्थान का नाम रोशन कर सकती है। प्रधानाचार्य भवानीशंकर दरोगा ने बताया कि खिलाड़ी दो बार जिलास्तर पर खेल चुकी हैं। खिलाडी एकेडमी में जिलास्तर पर चयन हो गया है। इस दौरान नरेश बंसल, विष्णु शर्मा, प्रभु बाडोलिया, बेनीप्रसाद जैन, मोहित चंवरिया, युवा मोर्चा प्रदेश महामंत्री चंद्रवीरसिंह चौहान, शिवदयाल गुर्जर, गणेश सैनी, नारायण महाराज, जगदीश दौराया, रामजीलाल मीणा, शम्भुदयाल शर्मा, चतुर्भुज कुमावत, अशोक सैनी, गोपीराम चौधरी सहित स्कूल स्टाफ मौजूद था।

# सुविधाओं को तरस रहे ग्रामीण

**डीडवाना,** (निसं)। डीडवाना उपखण्ड क्षेत्र के मौलासर पंचायत समिति क्षेत्र की ग्राम पंचायत फोगडी के आईटी सेंटर पर ग्रामीणों के मुताबिक अमूमन ताला लटका रहता है। कभी कभी ऑफिस की कागजी कार्यवाही पूरी करने कर्मचारी आते भी है तो महज कुछ घंटों के लिये कार्यालय खोला जाता है मगर उसमें भी ग्रामीणों को बहाना बनाकर वापस बिना काम भेज दिया जाता है ऐसे में ग्रामीणों को ग्राम पंचायत से जुड़े कार्यों के लिए दर–दर भटकना पड़ता है। ग्रामीणों की शिकायत पर जब आईटी सेंटर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तो आईटी सेंटर पर ताला लगा हुआ था और यहां ग्रामसेवक, लिपिक और अन्य कोई कर्मचारी मौजूद नहीं था।

जब फोन पर ग्रामसेवक हनुमान राम से बात की तो दूसरी ग्राम पंचायत का अतिरिक्त चार्ज होने का बहाना बनाकर फोन काट दिया वही विकास अधिकारी श्री किशन जांगिड़ का कहना है कि मामले की जांच करवाई जाएगी और कार्मिकों को समय पर ड्यूटी के लिए पाबंद किया जाएगा। बहरहाल गांव में व्यवस्थाएं बदहाल है। गांव में वर्षों से साफ सफाई नहीं हुई है तो वहीं गांव के मुख्य चौक में वर्षों से गंदे पानी का भराव होकर बदबू मार रहा है। ग्राम में मौसमी बीमारियां पनप रही है। लेकिन सरपंच और ग्रामसेवक कोई इनकी सुध लेने वाला नहीं है।

## राशिफल



**पंडित अनिल शर्मा**

**21 फरवरी 2023**

फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा तिथि, मंगलवार, विक्रम सम्वत 2079, शतभिषा नक्षत्र प्रात: 9.00 तक, सिद्ध योग रात्रि 3.08 तक, बवकरण प्रात: 9.05 तक, चन्द्रमा रात्रि 9.14 से मीन राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति** – सूर्य–कुम्भ, चन्द्रमा–कुम्भ, मंगल–वृष, बुध–मकर, गुरु–मीन, शुक्र–मीन, शनि–कुम्भ, राहु–मेष, केतु–तुला राशि में संचार करेगा। कुमार योग दिन 9.00 से दिन 9.05 तक है। त्रिपुष्कर योग दिन 9.05 से बुधवार प्रात: 5.50 तक है। आज चन्द्रदर्शन उत्तरशृगोन्नति है आज द्वितीय तिथि का क्षय हुआ है। आज फुलेरा दोज है ओर स्वामी रामकृष्ण परमहंस जयंती है।

**श्रेष्ठ चौघडिया –** चर 9.52 से 11.16 तक, लाभ–अमृत 11.16 से 2.05 तक, शुभ 3.29 से 4.54 तक **राहुकाल** – 3.00 से 4.30 तक सूर्योदय 7.03 सूर्यास्त 6.18 मिनट पर

### मेष

आर्थिक वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आय के नवीन स्त्रोत सामने आयेगे। शुभ–मांगलिक कार्यों पर धन खर्च हो सकता है।

### वृष

व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेगी। आवश्यक कार्य शीघ्रता सुगमता से बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### तुला

व्यावसायिक कार्यों के संबंध में समय अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा।

### वृश्चिक

परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में मांगलिक–धार्मिक कार्य संपन्न हो सकते हैं। परिवार में सुख–सुविधाएं बडेगी। व्यावसायिक आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### मिथुन

नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक सफलता से मनोबल ऊंचा रहेगा। व्यावसायिक प्रतिष्ठा बडेगी।

### कर्क

चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलंब हो सकता है। पारिवारिक कार्यों के कारण भाग–दौड रहेगी। आपसी वाद–विवाद बढ़ने का भय बना रहेगा।

### सिंह

परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। आपसी सहयोग समन्वय बना रहेगा। सामुहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य संपन्न हो सकते हैं।

### कन्या

आर्थिक मामलों से संबंधित विवादों से राहत मिल सकती है। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य संपन्न हो सकते हैं।

### धनु

परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है।

### मकर

परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है।

### कुंभ

मन:स्थिति ठीक रहेगी। मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनोबल आत्मविश्वास बडेगा। आवश्यक ओर महत्वपूर्ण कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। व्यावसायिक आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### मीन

पारिवारिक कार्यों के कारण भाग–दौड रहेगी। आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में दुविधा बनी रहेगी। आर्थिक कार्यों में समय खराब होगा। आर्थिक मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी।

# एनपीएस का पैसा कर्मचारी का, रिटायरमेंट के वक्त कर्मचारी के हाथ में आएगा : निर्मला सीतारमण

## ओल्ड पेंशन जैसी स्कीम्स के लिए राज्य अपने संसाधन से फंड जुटाएं, फ्री स्कीम्स का भार किसी और पर डालना गलत : केन्द्रीय वित्त मंत्री



- सीतारमण ने कहा, राजस्थान में कांग्रेस के मुख्यमंत्री की डिक्शनरी एक ही है, हर चीज का राजनीतिकरण कर देते हैं। पुराना बजट पढ़ने को लेकर भी गहलोत पर चुटकी ली
- बिजली की कमी पर उन्होंने कहा, ''जनता से वादा आपने किया, बिजली कंपनियां कर्ज से दब गईं, डिस्कॉम से बकाया मांगा, सरकार ने पैसा नहीं दिया तो फिर बिजली उत्पादन का खर्च कौन देगा?''

**जयपुर**, (का.प्र.)। राजस्थान की मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और कांग्रेस सरकार पुरानी पेंशन स्कीम को लेकर लगातार वाहवाही लेना चाह रही है, लेकिन केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एन.पी.एस. का पैसा राज्य सरकारों को देने से साफ इनकार करते हुए राजस्थान सरकार को झटका दिया है।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, राजस्थान सरकार को न्यू पेंशन स्कीम्स का केन्द्र के ट्रस्ट में जमा 45 हजार करोड़ रुपए नहीं मिलेगा। सीतारमण ने जयपुर में मीडिया से कहा कि कोई राज्य अगर किसी कारण से यह डिसीजन लेता है कि एनपीएस का फंड है, वो इकट्ठा दे देना चाहिए, तो वह नहीं मिलेगा। सीतारमण के इस बयान से राजस्थान सरकार की बहु प्रचारित ओल्ड पेंशन स्कीम को धक्का लग सकता है। सीतारमण ने स्पष्ट रूप से कहा कि वह कर्मचारी का पैसा है, ब्याज कमा रहा है, वह पैसा रिटायरमेंट के समय कर्मचारी के हाथ में आएगा। इकट्ठा पैसा राज्य सरकार के हाथ नहीं आएगा, यह असंभव है। जब सही समय आएगा, तभी यह पैसा कर्मचारी को दिया जाएगा।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जयपुर के एक होटल में बजट चर्चा के बाद मीडिया से बात करते हुए कहा कि जब सरकार की वित्तीय हालात ठीक हो तो ऐसी स्कीम चलाएं, उनका पैसा आपके पास हो तभी लाएं। आप बजट में उनके लिए प्रावधान करें। अगर आपके राज्य के वित्तीय हालात ठीक नहीं है, आप बजट में भी प्रावधान नहीं कर रहे हो, उसके लिए कर्ज ले रहे हो, यह ठीक नहीं है। फिर उसका पैसा कौन देगा ?

सीतारमण बोली कि, ऐसी स्कीम्स लाने के लिए राज्य अपने संसाधन से फंड जुटाएं, टैक्स से कमाएं। फ्री स्कीम्स के लिए राज्य उसका भार किसी और पर डाल रहे हैं, यह गलत है। उन्होंने यह भी कहा कि बिजली सेक्टर को हम पिछले 5 साल से री-स्ट्रक्चर कर रहे हैं। जनता से वादा आपने किया, उन वादों से सरकार बनाई। बिजली कंपनियां कर्ज से दब गईं। बिजली उत्पादन करने वाली कंपनियों ने डिस्कॉम से बकाया मांगा, डिस्कॉम के पास पैसा नहीं था। सरकार ने यह पैसा नहीं दिया, तो फिर बिजली उत्पादन का खर्च कौन देगा। अगर एक घंटे का भी बिजली में डिले होता है, तो मोदी सरकार पर आरोप लगता है कि देखिए मोदीजी गरीबों को बिजली नहीं दे रहे। जनता से लेकिन वादा किसने किया, जिसने वादा नहीं किया, वो पैसा क्यों दे ?

बाड़मेर पेट्रो केमिकल्स हब को लेकर पूछे गए सवाल पर सीतारमण ने कहा कि पत्थर जैसा दिल रखने वाले कांग्रेस नेताओं को मोदी सरकार पर आरोप लगाने का कोई अधिकार नहीं है। गुजरात के लोगों का नर्मदा का पानी रोकने वाली कांग्रेस को मोदी सरकार पर आरोप लगाने का कोई हक नहीं है।

सीतारमण ने मुख्यमंत्री गहलोत को लेकर कहा कि कांग्रेस के मुख्यमंत्री की डिक्शनरी एक ही है और वह हर चीज का राजनीतिकरण कर देते हैं। मैं मुख्यमंत्री की इज्जत करती हूं। राजस्थान के बजट के दिन भी मैंने बोला कि गलती हो जाती है, सीएम ने पिछले साल का बजट पढ़ दिया। भगवान की कृपा रहे कि ऐसी गलती किसी वित्त मंत्री से नहीं हो। पीएम भी बोले थे कि पिछले साल का बजट डिब्बे में रखकर भूल गए, उस पर कोई काम हुआ नहीं। उसी डिब्बे को खोलकर बजट पढ़ लिया। किसी वित्त मंत्री को ऐसा नहीं होना चाहिए।

डीजल-पेट्रोल की कीमतों को लेकर निर्मला सीतारमण बोली कि कई राज्य सरकारों ने एक बार भी वैट नहीं घटाया है। वे ही राज्य खड़े होकर केंद्र सरकार से पूछ रहे हैं कि गैस पर पैसा कम नहीं किया। हिमाचल में चुनाव जीतने के बाद कांग्रेस सरकार ने पेट्रोल-डीजल पर टैक्स बढ़ा दिया है। अब वो छत्तीसगढ़ में बैठकर चिंतन करें, लेकिन हमसे सवाल किस मुंह से पूछ रहे हैं।

पेट्रोल-डीजल को जीएसटी के दायरे में लाने के सवाल पर सीतारमण ने कहा कि यह जीएसटी काउंसिल तय करती है, काउंसिल ही तय करेगी। अकेले केंद्र सरकार ही नहीं, जीएसटी काउंसिल में सभी राज्य हैं। यदि कांग्रेस सरकारें चाहती हैं कि यह जीएसटी में शामिल हो तो वे रेट बताएं, जीएसटी काउंसिल में चर्चा करें।

इसी दौरान केंद्रीय वित्त सचिव टीवी सोमनाथ ने कहा कि ओपीएस लागू करने के बाद राज्य एनपीएस फंड का पैसा वापस मांग रहे हैं। वह पैसा राज्य सरकारों को वापस नहीं दिया जा सकता। एनपीएस का पैसा कर्मचारी और ट्रस्ट के बीच समझौता है। इसी मुद्दे पर केंद्रीय आर्थिक मामलों के सचिव विवेक जोशी ने कहा कि ओपीएस अनफंडेड स्कीम है। सरकार अपनी देनदारियों के भार को आगे के लिए टाल रही हैं। वे दूसरी सरकारों पर अपनी जिम्मेदारी टाल रहे हैं, आज जो कर्मचारी काम कर रहे हैं, उनकी पेंशन का भार अगली जनरेशन पर पड़ेगा। इस भार को भविष्य के लिए शिफ्ट किया जा रहा है।

# सीएचओ परीक्षा का पेपर लीक होने के सबूत एसओजी को सौंपे

-कार्यालय संवाददाता-

- राजस्थान बेरोजगार एकीकृत महासंघ के अध्यक्ष उपेन यादव ने तीन अभ्यर्थियों के साथ एसओजी को परिवाद सौंपा
- इससे पहले महासंघ की ओर से कर्मचारी चयन बोर्ड के अध्यक्ष को भी पेपर लीक के साबूत सौंपे।
- झुंझुनूं की अभ्यर्थी के पास रविवार को सुबह 8 बजकर 2 मिनट पर मोबाइल पर पेपर आ चुका था। इस पेपर में से 78 प्रश्न परीक्षा में आए थे।

**जयपुर।** प्रदेश में सैंकड ग्रेड टीचर पेपर लीक मामले अभी शांत भी नहीं हुआ, वहीं अब कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से कराई गई सीएचओ परीक्षा का पेपर लीक होने का नया मामला खड़ा हो गया है। राजस्थान बेरोजगार एकीकृत महासंघ की ओर से एसओजी में परिवाद दिया गया है।

महासंघ के अध्यक्ष उपेन यादव ने बताया कि रविवार को हुई सीएचओ परीक्षा का पेपर लीक होने को लेकर सोमवार को कर्मचारी चयन बोर्ड के अध्यक्ष को सबूत सौंपे गए। उन्होंने बताया कि रविवार को परीक्षा शुरू होने से पहले झुंझुनूं की रहने वाली सुनीता के पास सुबह 8 बजकर 2 मिनट पर सीएचओ परीक्षा का पेपर आ गया था। परीक्षा के बाद मोबाइल पर आए पेपर में से 78 प्रश्न पूरी तरह मिल रहे थे। इसके बाद सोमवार को बोर्ड अध्यक्ष हरीप्रसाद शर्मा से मिलकर पेपर लीक होने के सबूत पेश किए। इस पर उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया। साथ अपने एक कर्मचारी महावीर सिंह को हमारे साथ एसओजी मुख्यालय में मामला दर्ज कराने भेजा। इस दौरान सुनीता और उसकी दो सहेलियां जिनके पास पेपर आया था उन्होंने एसओजी कार्यालय पहुंचकर परिवाद दिया। इस दौरान एसओजी अधिकारियों के समक्ष पेपर लीक संबंधित सबूत के तौर पर मोबाइल पर आए पेपर के स्क्रीन सूट, मोबाइल सहित अन्य साक्ष्य सौंपे। अब एसओजी इन सबूतों की जांच कर रही है। यादव ने बताया कि वह अभ्यर्थी सुनीता व उसकी सहेलियों के साथ करीब चार घंटे एसओजी मुख्यालय में रहे। एसओजी के अधिकारियों मामले की जांच में जुट गए है।

# आई.एस.आई.एस. से जुड़े आरोपी सिराजुद्दीन को 7 साल की सजा

## अदालत ने कर्नाटक निवासी इस अभियुक्त पर 26 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया

**जयपुर** (कासं)। एनआईए मामलों की विशेष अदालत ने आईएसआईएस के लिए काम करने के मामले में अभियुक्त मोहम्मद सिराजुद्दीन को विधि विरुद्ध क्रियाकलाप निवारण अधिनियम और भारतीय दंड संहिता के तहत सात साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने कर्नाटक निवासी इस अभियुक्त पर 26 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। अभियुक्त को दिसंबर 2015 में गिरफ्तार किया गया था। अदालत ने गत 17 फरवरी को अभियुक्त को विधि विरुद्ध क्रियाकलाप निवारण अधिनियम की धारा 13, 38 और धारा 39 के साथ ही आईपीसी के तहत दोषी माना था।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक ने अदालत को बताया एटीएस ने इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन में मार्केटिंग मैनेजर के तौर पर काम करने वाले सिराजुद्दीन को 10 दिसंबर 2015 को गिरफ्तार किया था। वहीं मामले की जांच एनआईए को दिए जाने के बाद एनआईए ने आरोप पत्र पेश किया था। आरोप पत्र में कहा गया था कि आरोपी सिराजुद्दीन फेसबुक, व्हाट्सएप और टेलीग्राम सहित अन्य हाईटेक माध्यमों से युवाओं को आईएसआईएस में शामिल करने के लिए उकसाता था। एटीएस की ओर से अभियुक्त को गिरफ्तार करने के बाद पता चला कि वह भारत में आईएसआईएस का ठिकाना बनाना चाहता था। वहीं गजवा-ए-तुल चैनल में उसने कश्मीर के आतंकियों को शहीद भी बताया था। उसके कब्जे से ओसामा बिन लादेन, मौलाना अनवर अवलाकी मौलाना और आसिम उमर आदि के भाषण और पुस्तकें भी बरामद हुई थी। अभियुक्त कश्मीर को इस्लामिक स्टेट बताकर भारत को अवैध कब्जा करने वाला बताता था। आरोप पत्र में यह भी कहा गया था कि यहां आईएसआईएस का नेटवर्क तैयार होने के बाद वह लीबिया जाने वाला था।

# निर्माणाधीन मकान की दूसरी मंजिल से गिरे मिस्त्री की मौत

**जयपुर।** रामगंज इलाके में निर्माणाधीन मकान में मजदूरी कर रहे मिस्त्री की दूसरी मंजिल से नीचे गिर कर मौत हो गई। इस घटना को लेकर मकान मालिक पर मिस्त्री से मारपीट कर धक्का देने का आरोप लगा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

जांच-अधिकारी एसआई रामवतार मिश्रा ने बताया शान्ति कॉलोनी में नाले के पास मुकेश सांवरिया के मकान का निर्माण कार्य चल रहा है। यहां दोस्तपुर खैरवी जिला सीतामढ़ी, बिहार निवासी मोहम्मद इसराफिल (55) राजमिस्त्री का कार्य कर रहा था। आरोप है 18 फरवरी की शाम करीब 5 बजे इसराफिल ने मुकेश से मजदूरी के रूपए मांगे। मुकेश ने देर रात काम करने के लिए कहा तो दोनों के बीच कहासुनी हो गई। इस दौरान मुकेश पर इसराफिल से मारपीट कर दूसरी मंजिल से धक्का मारने का आरोप भी है।

हादसे में इस्त्राफील की मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। वहीं, मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी है।

# 'राजस्थान की तरह तेलंगाना रोडवेज में होंगे नवाचार'



तेलंगाना राज्य पथ परिवहन निगम के प्रबन्ध निदेशक एवं एडीजी वी. सी. सज्जनार ने सोमवार को जयपुर आकर राजस्थान रोडवेज के नवाचारों की जानकारी ली।

**जयपुर** (कासं)। तेलंगाना राज्य पथ परिवहन निगम के प्रबन्ध निदेशक एवं अतिरिक्त महानिदेशक, पुलिस वी. सी. सज्जनार ने सोमवार को राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम में किये जा रहे नवाचारों एवं क्रियाकलापों की जानकारी ली।

उन्होंने राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम के परिवहन मार्ग स्थित मुख्यालय में निगम के प्रबन्ध निदेशक नथमल डिडेल के साथ बैठक की। बैठक के दौरान डिडेल ने राजस्थान परिवहन निगम में किये जा रहे नवाचारों एवं क्रियाकलापों की जानकारी दी। उन्होंने निगम में ऑनलाईन टिकिटिंग, डायनमिक क्यू आर कोड से यूपीआई भुगतान, अपनी बस केयर डे, निगम द्वारा विभिन्न श्रेणियों के नागरिकों को दी जाने वाली लगभग 40 तरह की रियायतों, कर्मचारी हित में आरजीएचएस (स्वास्थ्य योजना), विवाहित पुत्रियों के लिये अनुकम्पा नियुक्ति, कर्मचारी कल्याण कोष 25000 से बढाकर एक लाख रुपए किया जाने आदि के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। सज्जनार ने तेलंगाना राज्य पथ परिवहन निगम में किए जा रहे नवाचारों के बारे में बताया। साथ ही कहा कि राजस्थान रोडवेज में किए जा रहे नवाचारों को जल्द ही तेलंगाना रोडवेज भी लागू किया जाएगा। इस दौरान निगम के अधिकारी उपस्थित रहे।

# पुलिस कस्टडी से भागने की कोशिश की बदमाश शिवराज ने



- आरोपी ने चौमूं स्थित घटनास्थल की मौका तस्दीक के दौरान लौटते वक्त चलती गाड़ी में से कूदकर भागने की कोशिश की

**जयपुर** (कासं)। बदमाश शिवराज गुर्जर ने मौका तस्दीक करवा कर लौट रही करधनी पुलिस को चकमा देकर भागने की कोशिश की, लेकिन नाकाम रहा। बदमाश चलती गाड़ी से कूदा लेकिन पैर में हुए फ्रैक्चर के कारण भाग नहीं पाया। पुलिस ने फ़िलहाल उसे अस्पताल में भर्ती कराया है।

एसीपी झोटवाड़ा प्रमोद स्वामी ने बताया कि विजेंद्र हत्याकांड का मास्टर माइंड कुख्यात बदमाश शिवराज सिंह जुसरिया 23 फरवरी तक पुलिस रिमांड पर है। सोमवार को बदमाश शिवराज को चौमूं स्थित एक घटनास्थल की मौका तस्दीक के लिए ले जाया गया था। वापिसी में करीब शाम 4 बजे बदमाश शिवराज ने चलती गाडी से कूदकर भागने की कोशिस की। हालांकि गनीमत यह रही कि कूदते वक्त उसके पैर में फ्रैक्चर हुआ तो भाग नहीं सका और इसी बीच पुलिस टीम ने उसे पकड़ लिया। अब उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है।

एसीपी प्रमोद स्वामी ने बताया 9 नवंबर को प्रॉपर्टी डीलर विजेंद्र की दिन दहाड़े हत्या की गई थी। इस वारदात की साजिश 4 नवंबर को चौमूं में सामोद रोड स्थित कल्याण सैनी के फार्म हाउस पर रची गई थी। इस दिन हत्याकांड में शामिल सागर का जन्मदिन था।

मास्टरमाइंड शिवराज ने अपने साथियों सहित इसी फार्म हाउस में विजेंद्र की हत्या की साजिश रची थी। पुलिस सोमवार को शिवराज को यहां मौका तस्दीक के लिए लेकर आई थी, वापिसी में भागने की कोशिश में शिवराज के पैर में चोट आई हैं।


**NAME CHANGE**

I Ashok Dan S/o Gendan, R/o Ward No. 03, Pugal, Bikaner, Rajasthan-334808 have changed my name to Ashok Charan

मैंने अपना नाम फैजान से बदलकर मोहम्मद फैजान रख लिया है। भविष्य मैं मुझे मोहम्मद फैजान के नाम से जाना जाये। मोहम्मद फैजान पुत्र मोहम्मद इसहाक, म. न.4030, निंदर राव जी का रास्ता चांदपोल बाजार जयपुर


प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)

**कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर**

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस

समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर 29/2023

(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि प्रार्थी श्री हिमांशु शर्मा पुत्र श्री सतीश कुमार शर्मा निवासी हाजीपुर, तहसील बानसूर जिला अलवर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत प्रन्यास विजन संस्थान, प्लाट नं. 22, रामनगर, 60 फुट रोड, तहसील अलवर जिला अलवर के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।

अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 17.02.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइदा तारीख पेशी 26.04.2023

मोहर अदालत

सहायक आयुक्त (द्वितीय)
देवस्थान विभाग, जयपुर

# श्रीकृष्ण नीति कथा आयोजित

**गुरुग्राम** (कासं)। फॉर्च्यून सलेक्ट ग्लोबल होटल में 3 दिवसीय कृष्ण नीति कथा का आर्किड इन्फ्रास्ट्रक्चर डवलपर्स एवं श्री राम हरि राम ज्वैलर्स दिल्ली वाला के सौजन्य से आयोजन किया गया। जिसमें श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्रा न्यास के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविन्द देव गिरी महाराज ने कृष्ण नीति कथा का वर्णन किया गया। महाराज ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन, व्यापार एवं परिवार में सफलता, सुख-शांति, प्रगति एवं सौहार्द चाहता है। इस सफलता तथा पारस्परिक सौहार्द के लिए वह अपने भौतिक संसाधनों का उपयोग भी करता है।

उससे कुछ मात्रा में सफल तो होना है, किन्तु सर्वांगीण सफलता एवं स्थायी सौहार्द उसी को प्राप्त होता है, जो व्यवहार कुशलता के साथ अपने व्यक्तित्व में विशिष्ट गुणों का और आंतरिक क्षमताओं का विकास करता है। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण का मानना था कि नीति का लचीलापन होना आवश्यक होता है। उत्तम पुरूष वह होता है जो प्रतिपक्षी के किसी विकार का उसके स्वभाव विशेष का उपयोग अपने यश के लिए कर लेता है। श्रीकृष्ण सिखाना चाहते हैं कि कोई काम छोटा नहीं कोई काम बड़ा नहीं होता, अपने हिस्से में आया हुआ हर काम निस्वार्थ भाव से करना यही वास्तव में ईश्वर की सच्ची पूजा है। महाराज ने बताया कि आजकल परफेक्शन की भी बड़ी बीमारी है सभी को ज्यादा की अपेक्षा रहती है।



सीएचओ भर्ती परीक्षा के पेपरलीक मामले की सी.बी.आई. जांच की मांग को लेकर सोमवार सुबह एबीवीपी के कार्यकर्ता चिकित्सा मंत्री परसादीलाल मीणा के सरकारी आवास के बाहर धरने पर बैठ गए। मंत्री की गाड़ी को बाहर नहीं निकलने देने पर पुलिस ने उन्हें हटाने की कोशिश की, बाद में समझाइश पर एबीवीपी के कार्यकर्ता खुद ही हट गए। इस बीच पुलिस ने उन्हें टांगाटोली करके भी हटाने की मशक्कत की।

# जोधपुर में वकील की हत्या के विरोध में रहा न्यायिक बहिष्कार

**जयपुर** (कासं)। जोधपुर में वकील की हत्या के विरोध में सोमवार को हाईकोर्ट सहित शहर की निचली अदालतों में वकीलों ने न्यायिक कार्य का बहिष्कार किया और कोर्ट में पैरवी नहीं की। इस दौरान वकीलों ने हाईकोर्ट और सेशन कोर्ट के बाहर प्रदर्शन कर अधिवक्ता सुरक्षा कानून बनाने की मांग की।

न्यायिक कार्य के बहिष्कार के चलते हाईकोर्ट, जयपुर मेट्रो प्रथम, जयपुर मेट्रो द्वितीय, डिस्ट्रिक्ट कोर्ट व सांगानेर कोर्ट में न्यायिक कामकाज पूरी तरह से ठप्प रहा। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन जयपुर के महासचिव बलराम वशिष्ठ और पूर्व महासचिव प्रहलाद शर्मा ने राज्य सरकार से जल्द एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को लागू करने की मांग की है।

वकीलों का कहना है कि राज्य सरकार ने अपने घोषणा पत्र में वकीलों की सुरक्षा के लिए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को लागू करने का वादा किया था, लेकिन चार साल के कार्यकाल में यह घोषणा लागू नहीं हो पाई है।

डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन जयपुर के महासचिव गजराज सिंह राजावत ने कहा कि कि पिछले कुछ सालों में वकीलों पर होने वाले हमलों व दुर्व्यवहार की घटनाओं में बढोतरी हुई है। जिसके चलते वकील समुदाय खुद को असुरक्षित महसूस कर रहा है। इसलिए राज्य सरकार वकीलों की सुरक्षा वाले एक्ट को जल्द लागू करे।

# पुलिस पदक विजेता खिलाड़ियों का सम्मान

- कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा ने सोमवार को तमिलनाडू पुलिस द्वारा चेन्नई में आयोजित 23वीं अखिल भारतीय पुलिस शूटिंग चौम्पियनशिप में राजस्थान पुलिस शूटिंग टीम के मैडलिस्ट खिलाड़ियों को सम्मानित किया।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक आर्म्ड बटालियन्स एवं मुख्य खेल अधिकारी विशाल बंसल ने बताया कि चेन्नई में आयोजित 23वीं अखिल भारतीय पुलिस शूटिंग चौम्पियनशिप-2022 में राजस्थान पुलिस के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण पदक एवं दो कांस्य पदक, ओवर ऑल कार्बाइन ईवेन्ट की चौम्पियनशिप ट्राफी तथा ऑल स्टेट पुलिस की उप विजेता ट्राफी प्राप्त की। प्रतियोगिता में राजस्थान पुलिस शूटिंग टीम में विनिता ठाकुर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक तथा पुलिस अधीक्षक पारिस देशमुख भी प्रतिभागी रहे।



पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा ने सोमवार को तमिलनाडु पुलिस द्वारा चेन्नई में आयोजित 23वीं अखिल भारतीय पुलिस शूटिंग चौम्पियनशिप में राजस्थान पुलिस टीम के मैडलिस्ट खिलाड़ियों को सम्मानित किया।

# प्रदेश में लगातार तीसरे दिन भी नया संक्रमित नहीं मिला

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** प्रदेश में सोमवार को लगातार तीसरे दिन भी कोई नया करोना संक्रमित नहीं मिला है। वहीं इस बीच दो संक्रमित के रिकवर होने से एक्टिव केस घटकर 5 रह गए हैं। प्रदेश में सोमवार को भी कोई नया संक्रमित नहीं मिला है। इधर राजधानी जयपुर में आज लगातार सातवें दिन भी कोई नया मरीज सामने नहीं आया है। इस बीच जिले में केवल एक एक्टिव केस रह गया हैं।

उधर प्रदेश में सोमवार को दो मरीजों के रिकवर होने से 5 एक्टिव केस रह गए हैं। इनमें उदयपुर में 2, जयपुर, अजमेर व राजसमंद में 1-1 मामला है। राज्य में पिछले चौबीस घंटों में करोना से किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है। प्रदेश में अब तक इस बीमारी से 9654 लोगों की मौत हो चुकी है। प्रदेश में आज 966 कोविड के टीके लगाये गये है। इनमें 562 लोगों को प्रोकॉशन डोज दी गई है।


**खोया पाया**

श्री महावीर स्वामी गृह निर्माण सहकारी समिति लि. जयपुर (रजिस्टर नं. 2781एल) प्लाट नं. 106 खण्डेलवाल वाटिका, आगरा रोड जयपुर का मूल पट्टा जो रितेश खण्डेलवाल पुत्र रामजी लाल खण्डेलवाल के नाम से था घाटगेट से बडी चौपड के मध्य कहीं गिर गया है। मिलने पर सूचित करें। 9314066678

मेरे प्लाट संख्या 29 हरि विहार कॉलोनी गोनेर रोड जयपुर के मूल दस्तावेज आवंटन पत्र, नक्शा व रसीद खो नागोरियान में कहीं गिर गये है मिलने पर सूचित करें। मोहसिन अहमद पुत्र स्व.हनीफ अहमद, 9829024355

मेरा मकान सं. 262/193, प्रताप नगर सांगानेर जयपुर के मूल नियमितिकरण एवम् अदेय प्रमाण पत्र और लीजमुक्ती प्रमाण गुम हो गया। मिलने पर सम्पर्क करें- सुरेश कुमार-9928122523

नम्बर मिलाइए 9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

# अधिवक्ता जुगराज हत्याकांड मामला: तीसरे दिन भी नहीं उठाया वकील का शव

## मांगों को लेकर अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्यों का बहिष्कार शुरु किया


जोधपुर में अधिवक्ता जुगराज चौहान की हत्या के मामले में वकीलों ने कार्य बहिष्कार शुरू किया।

- राज. हाईकोर्ट एसोसियेशन की तरफ से अधिवक्ता परिवार को उचित मुआवजा राशि, नौकरी आदि की मांगें रखी
- हत्या के तीन आरोपियों से पुलिस की पूछताछ जारी
- परिजन और समाज के लोग धरने पर बैठे हैं

**जोधपुर, (कासं)।** शहर के माता का थान पुलिस थाना क्षेत्र भदवासिया के समीप शनिवार की देर शाम अधिवक्ता जुगराज चौहान की हत्या के आरोप में पुलिस ने अब तक तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुत्र ने सात आठ लोगों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दी है। दूसरी तरफ इधर शहर में राजस्थान हाईकोर्ट एसोसियेशन की तरफ अधिवक्ता परिवार को उचित मुआवजा राशि, नौकरी आदि की मांगों को लेकर आज से न्यायिक कार्यों का बहिष्कार शुरू कर दिया गया है। वकीलों की हड़ताल आगामी दिनों तक जारी रह सकती है फिलहाल इस पर संशय बना है। उनकी मांगे नहीं मानी जाने पर हड़ताल को बढ़ाया भी जा सकता है। अधिवक्ता जुगराज का शव आज तीसरे दिन भी मोर्चरी में पड़ा है। अब शव को नहीं उठाया गया है। परिजन और समाज के लोग धरने पर बैठे हैं।

सोमवार दोपहर में अधिवक्ताओं ने एकत्र होकर एमजीएच की तरफ मार्च किया है। अधिवक्तागण पैदल ही हाईकोर्ट परिसर से निकले। उन्हें मुख्यमंत्री की तरफ से दिए जाने वाले आश्वासन पर बात करनी है। हालांकि मुख्यमंत्री को रात में ही अधिवक्ताओं ने घटना के बारे में अवगत कर दिया था। अधिवक्ता पोटेशन बिल को लेकर भी अधिवक्ता लामबंद हो रखे है। गत सप्ताह में अधिवक्ताओं की तरफ से तीसरी बार न्यायिक कार्यों का बहिष्कार किया गया है। दो बार अधिवक्ताओं से हुई मारपीट को लेकर न्यायिक कार्यों का बहिष्कार किया जा चुका है। अब तीसरा बार अधिवक्ता जुगराज चौहान की हत्या को लेकर रोष जताया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार शनिवार की देर शाम को अधिवक्ता मोहल्ला वाला बास मदेरणा कॉलोनी निवासी जुगराज चौहान की चाकू से गोदने के साथ सिर पर पत्थर पटक कर बुरी तरह हत्या की गई थी। बाद में पुलिस ने तीन अभियुक्तों को तत्काल गिरफ्तार कर लिया था। आरोपी पुलिस अभिरक्षा में है। हत्याकांड की वजह जमीन का विवाद और पुत्र की हत्या से जुड़ा होना अब तक सामने आया है।

# लग्जरी कारें चुराने वाले गिरोह का खुलासा, एक गिरफ्तार

## अब तक की पूछताछ में आरोपित घेवर चंद ने चोरी की पांच वारदातें कबूल की


भीलवाड़ा के प्रतापनगर थाना पुलिस ने लग्जरी कारें चुराने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया।

- कार चुराने के लिए लॉक तोड़ने का तरीका यूट्यूब पर सर्च कर सीखा था, तीन हैरियर कारें बरामद

**भीलवाडा, (निसं)।** शहर की प्रताप नगर थाना पुलिस ने लग्जरी कारें चुराने वाले गिरोह का खुलासा करते हुये एक आरोपित को गिरफ्तार कर 3 हेरियर कारें बरामद की।

जिला पुलिस अधीक्षक आदर्श सिद्धू ने बताया कि वाहन चोरी की वारदातों को रोकने के लिए डीएसपी सिटी नरेंद्र दायमा के निर्देशन में पुलिस टीम गठित की गई। इस टीम ने 29 जनवरी 2023 को आजाद नगर निवासी भवानी शंकर की घर के बाहर से चोरी गई टाटा हैरियर की तलाश शुरु की। प्रतापनगर पुलिस व साइबर सैल की संयुक्त टीम के साथ वारदात का खुलासा करने के लिए प्रयास शुरु किये गये। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज व अन्य तकनीकी विश्लेषण पूर्व के अपराधियों का रिकॉर्ड खंगालने के साथ ही मुखबिर सहायता से 20 दिन के प्रयास के बाद पुलिस ने दुदाबा का खेडा जसेरिया निवासी घेवर चन्द पुत्र घासी राम गुर्जर को गिरफ्तार कर लिया। इन आरोपितों ने सहआरोपित रामकिशन के साथ मिलकर वारदातें की। गुलाबपुरा निवासी सह आरोपित रामकिशन पुत्र भैरू लाल माली पहले गिरफ्तार हो चुका है। आरोपित घेवर से पूछताछ के बाद पुलिस ने तीन कारें बरामद कर ली। वहीं अब तक की पूछताछ में आरोपित घेवर चंद ने चोरी की 5 वारदातें कबूल की है।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पकडे गये आरोपित घेवरचंद ने सहआरोपित रामकिशन के साथ मिलकर आजाद नगर से टाटा हैरियर जैसी महंगी ब्रांड की कार चुराई थी। कार चुराने के लिए लॉक तोड़ने का तरीका यूट्यूब पर सर्च कर सीखा। फिर लॉक तोड़ने के लिए आरोपित डिवाइस भी खरीद कर लाया था।

डीएसपी नरेंद्र दायमा ने बताया कि कार चोरी करने से एक दिन पहले बदमाश घेवरचंद रैकी करता। अगले दिन रात में डिवाइस लेकर कार के पास जाता। इसके बाद कार का शीशा तोड़कर अंदर प्रवेश कर डिवाइस को कार से कनेक्ट कर लेता। डुप्लीकेट चॉबी का पासकोड गाडी से सेट करके लॉक खोलकर गाडी स्टार्ट कर चोरी कर लेता। गाडी को गुप्त रास्तों से ले जाकर पार्किंग में अथवा सुनसान जंगल में खड़ी कर ग्राहक ढूंढ कर बेचने की कोशिश करता। आरोपितों ने पुलिस पूछताछ में कबूल किया कि अब तक आजादनगर से टाटा हैरियर जबकि हीरा नगर डीसीएम, अजमेर रोड जयपुर से ब्लैक टाटा हैरियर, हाउसिंग बोर्ड ब्यावर से ब्लैक और व्हाइट 2 टाटा हैरियर, प्रतापनगर, उदयपुर से ब्लेक टाटा हैरियर कार चुराई, जबकि विजयनगर अजमेर से ब्लेक टाटा हैरियर कार का कांच तोडकर चोरी का असफल प्रयास किया। प्रताप नगर थाना प्रभारी राजेन्द्र गोदारा ने बताया कि आरोपित के खिलाफ पूर्व में 2020 से 2022 तक गुलाबपुरा में रेप, जवाजा थाने में लूट व सुभाषनगर थाने में चोरी का मामला दर्ज है। ये सभी मामले न्यायालय में विचाराधीन है।

# जमीन विवाद में राजपूत समाज के दो पक्षों में झगड़ा, 15 घायल

**बौंली, (निसं)।** क्षेत्र के गंगवाड़ा गांव में रविवार रात्रि को एक पंचायती बाड़े के पुराने विवाद को लेकर राजपूत समाज के दो गुटों में खूनी संघर्ष हो गया। जिसमें दोनों ही पक्षों के करीब 15 महिला व पुरुष घायल हो गए। इस मामले को लेकर दोनों पक्षों ने ही बौंली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

बौंली सर्किल इंस्पेक्टर कुसुमलता मीणा ने बताया कि थाना क्षेत्र के गंगवाड़ा में पंचायती बाड़े को लेकर राजपूत समाज के दो पक्षों में आपसी मारपीट हो गई। जिसमें एक पक्ष की रेणुकंवर पत्नी राधा मोहन ने मामला दर्ज कराते हुए बताया कि रविवार रात को सभी लोग घर पर खाना खा रहे थे तो प्रमोद, नरेंद्र, घनसिंह बलवीर, लीला, सहित करीब 19 लोग उनके घर पर आए एवं तलवार कुल्हाड़ी से हमला कर दिया।

दोनों पक्षों के करीब 15 लोग घायल हो गए। जिसमें एक गंभीर घायल को जयपुर व 1 को सवाई माधोपुर रैफर किया गया है। अन्य घायलों को बौंली चिकित्सालय में प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया है।

# करंट लगने से युवक की मौत

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** थाना इलाके के खेड़ी गांव में खेती का कार्य करने के दौरान एक युवक के करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार युवक विष्णु शर्मा पुत्र दीनदयाल शर्मा खेत पर पानी की मोटर का स्टार्टर चलाने के लिए गया था, जैसे ही उसने स्टार्टर के हाथ लगाया तो उसे करंट लग गया और वह झटके से दूर जाकर गश खाकर नीचे गिर गया। जहां खेत के आसपास ही काम कर रहे परिजन बेहोशी हालत में विष्णु को देखकर घबरा गए और अस्पताल लेकर आए जहां पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

# आठवीं बोर्ड की परीक्षा 21 मार्च से

**बीकानेर, (निसं)।** राजस्थान के सरकारी व गैर सरकारी स्कूल्स में आठवीं बोर्ड परीक्षा का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। परीक्षाएं 21 मार्च से शुरू होगी और 30 अप्रैल तक चलेगी। हर परीक्षा के बाद तीन से चार दिन की छुट्टियां होगी, ताकि स्टूडेंट्स हर विषय की अच्छी तैयारी कर सके।

प्रारम्भिक शिक्षा एवं पंचायती राज विभाग की ओर से जारी परीक्षा कार्यक्रम के मुताबिक 21 मार्च को अंग्रेजी की परीक्षा होगी। इसके बाद तीन दिन अवकाश होगा। 25 मार्च को हिन्दी की परीक्षा होगी। 29 मार्च को सामाजिक विज्ञान, 3 अप्रैल को विज्ञान और आठ अप्रैल को गणित की परीक्षा होगी। इन परीक्षाओं के बीच में 23 मार्च को चेटीचंड, 30 मार्च को रामनवमी, 4 अप्रैल को महावीर जयंती अवकाश और सात अप्रैल गुड फ्राइडे का अवकाश रहेगा। एक बार फिर नन्हें बच्चों की परीक्षा दोपहर में होगी। दोपहर दो बजे से शाम 5.20 बजे तक परीक्षा होगी। पहले भी दोपहर में परीक्षा का विरोध किया गया था। वर्तमान में गर्मी ज्यादा है जो मार्च और तेज हो जाएगी। तापमान चालीस डिग्री से भी ऊपर पहुंच सकता है। परीक्षा का समय सुबह की पारी में करने की मांग पिछले साल भी उठी थी।

पांचवीं बोर्ड एग्जाम के लिए डेट्स अभी तय नहीं हुई है। माना जा रहा है कि अप्रैल में पांचवीं बोर्ड एग्जाम होगा।

# अभेड़ा बायोलोजिकल पार्क में आई शेरनी "सुहासिनी"

## सुहासिनी नाम की शेरनी को नाहरगढ़ बायोलोजिकल पार्क से अभेड़ा शिफ्ट किया


कोटा अभेड़ा बायोलोजिकल पार्क में शेरनी सुहासिनी आई।

**कोटा, (निसं)।** प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक जयपुर के निर्देशन में सोमवार को सुहासिनी नाम की शेरनी को नाहरगढ़ बायोलोजिकल पार्क से अभेड़ा बायोलोजिकल पार्क में शिफ्ट किया गया है। उप वन संरक्षक वन्य जीव सुनील गुप्ता ने बताया कि केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण से प्राप्त स्वीकृति से एक मेल टाइगर, एक फीमेल टाइगर तथा एक फीमेल लॉयन को नाहरगढ़ बायोलोजिकल पार्क जयपुर से अभेड़ा बायोलोजिकल पार्क में शिफ्ट करने की स्वीकृति मिली है। जिसकी पालना में शेरनी सुहासिनी को नाहरगढ़ बायोलोजिकल पार्क से सीजेडए की प्रोटोकॉल की पालना करते हुए अभेड़ा बायोलोजिकल पार्क में शिफ्ट कर दिया गया है।

उन्होंने बताया कि 5 जनवरी 2012 को जन्मी सुहासिनी को सन् 2016 में बैनरगट्टा जूलोजिकल पार्क बैंगलुरु कर्नाटक से नाहरगढ़ बायोलोजिकल पार्क में शिफ्ट कया गया था। उन्होंने बताया कि शेरनी को नियमानुसार 21 दिवस क्वारंटाइन किया जाएगा एवं नियमित रूप से स्वास्थ्य का परीक्षण वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. विलासराव गुल्हाने द्वारा किया जाएगा। इसके बाद पर्यटकों के लिए डिस्प्ले किया जाएगा। वर्तमान में शेरनी का वजन 210 किग्रा है तथा डाइट में आठ किलो पाड़ा मांस एवं चार किलो चिकन दिया जा रहा है।

**टाइगर शावकों की स्वास्थ्य रिपोर्ट:-** अभेड़ा बायोलोजिकल पार्क में टाइगर के दोनों शावक स्वस्थ हैं, वरिष्ठ पशु चिकित्सक डॉ विलासराव गुल्हाने के अनुसार दोनों शावक पर्याप्त मात्रा में बॉयलर मीट का सेवन कर रहे हैं, दोनों शावकों को केट मिल्क रिप्लेसर दिया जा रहा है। दोनों शावकों का वजन पहले से बढ़ गया है।

उपवन संरक्षक वन्य जीव सुनील गुप्ता ने बताया कि साफ-सफाई का पूरा ध्यान रखा जा रहा है, नाइट शेल्टर को सेनेटाइज करवाया गया है। शावकों की देखभाल कर रहे डॉ तेजेंद्र रियाड के अनुसार दोनों शावकों को प्राकृतिक वातावरण देने के लिए कराल एरिया में रिलीज किया गया हैं। शावक दिन में सोते हैं, शाम होते ही इनक्लोजर में चहल कदमी शुरू कर देते हैं। दोनों शावकों की सीसीटीवी के माध्यम से नियमित 24 घंटे मॉनिटरिंग की जा रही है।

# शहरी नरेगा कार्य की आड़ में हरे वृक्षों पर चली कुल्हाड़ी


देवली में मनरेगा कार्य की आड़ में हरे पेड़ों की कटाई हो रही है।

- देवली पालिका ने फिर कटवा दिए पांच दर्जन हरे वृक्ष

**देवली, (निसं)।** इन दिनों पालिका ने बिना कारण हरे वृक्षों को काटे जाने की हठधर्मिता अपनाई हुई है। यहां आए दिन हरे वृक्ष पालिका की मनमानी व बद नियत के शिकार हो रहे हैं। ऐसा ही एक मामला फिर से सोमवार को सामने आया कि शहर के पेट्रोल पंप चौराहे स्थित सार्वजनिक निर्माण विभाग के विश्राम गृह परिसर में फल फूल रहे अनगिनत वृक्षों में से लगभग 5 दर्जन हरे वृक्षों की कटाई पालिका के नरेगा कर्मियों ने कर डाली।

इधर शहरी नरेगा कर्मियों ने बताया कि पालिका के नरेगा इंचार्ज ने नरेगा कार्य दौरान उन्हें घास और झाड़ियों की सफाई कार्य के साथ प्रतिबंधित एवं गैर प्रतिबंधित छोटे-बड़े हरे भरे वृक्षों को काटने के लिए आदेश जारी किए। इस पर शहरी नरेगा श्रमिकों ने सार्वजनिक निर्माण विभाग परिसर में लगे हुए अनगिनत हरे वृक्षों के बीच से लगभग 5 दर्जन हरे वृक्षों को काट दिए हैं। इतना ही नहीं वृक्षों की लकड़ियां भी मौके से गायब कर दी गई है।

इन दिनों पालिका प्रशासन शहरी नरेगा श्रमिकों से सार्वजनिक निर्माण विभाग के विश्राम गृह परिसर में घास फूस और झाड़ियों की सफाई करवा रहा है। इसी सफाई कार्य दौरान पालिका ने परिसर में पेड़ों की कटाई भी करवा डाली है। पालिका ने जिन हरे वृक्षों को कटवाया है उनमें प्रतिबंधित वृक्ष सारस, देसी बबूल, बोरडी, सहेजने की फली एवं विलायती बबूल के मोटे एवं पतले तने के वृक्ष शामिल हैं। जिनमें लगभग 3 दर्जन से ऊपर प्रतिबंधित हरे वृक्ष एवं एक दर्जन के करीब गैर प्रतिबंधित हरे वृक्ष काटे गए हैं। इधर इस मामले की जानकारी सार्वजनिक निर्माण के अधिकारियों को मिली तो अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे और हालातों का जायजा लिया। जहां अधिकारियों ने पाया कि पालिका ने शहरी नरेगा कार्य दौरान झाड़ियों की सफाई कि जाने की आड़ में परिसर में लगे कई दर्जन हरे वृक्षों को श्रमिकों से कटवा दिए और अधिकारियों को परिसर में काटे गए काटे गए पेड़ों की बेशकीमती लकड़िया भी मौके पर नहीं मिली।

उमेश मीणा कनिष्ठ अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग देवली टोंक का कहना है कि परिसर में घास झाड़ियों को हटाकर सफाई कार्य किए जाने की जानकारी पालिका द्वारा दी गई थी। इस बीच कब हरे वृक्षों को काट दिया गया, इस जानकारी का अभाव पालिका ने बनाए रखा। हरे वृक्षों को काटने की अनुमति विभाग द्वारा नहीं दी गई। काटे गए हरे वृक्षों की लकड़ियां कहां गई यह पूछने पर मजदूरों ने लकड़िया ले जाने से इंकार कर दिया।

# फलौदी के नवदंपत्ति की सड़क हादसे में मौत

**जोधपुर, (कासं)।** निकटवर्ती फलौदी के नव विवाहित दंपति की नागौर में हुए एक हादसे में मौत हो गई। दोनों की 5 दिन पहले ही शादी हुई थी। हादसा इतना दर्दनाक था कि एयर बैलून खुलने के बाद भी दोनों की जान नहीं बच सकी। वहीं इस हादसे में युवती का भाई गंभीर रूप से घायल हो गया।

जानकारी के अनुसार नागौर के जायल थाना क्षेत्र की घटना है। हादसा डीडवाना रोड स्थित कल्पना चावला स्कूल के पास हुआ। हादसे में कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। जानकारी के अनुसार फलौदी (जोधपुर) निवासी किशोर माली (30) की शादी 5 दिन पहले 15 फरवरी को नीम का थाना (सीकर) निवासी किरण (28) से हुई थी। शादी के बाद पहली बार किशोर माली अपनी पत्नी किरण को लेकर उसके पीहर नीमका थाना गया था।

रविवार शाम पांच बजे किशोर और किरण व किरण का भाई कृष्ण कुमार (22) नीम का थाना से रवाना हुए थे। तब रात 9 बजे डीडवाना रोड पर अज्ञात वाहन ने कार को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद कार के आगे का हिस्सा बुरी तरह से क्षितग्रास्त हो गया। रात में किसी ने जायल पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची तो किशोर, किरण और कृष्ण तीनों अचेत हालात में थे। तीनों को जायल हॉस्पिटल लाया गया, जहां किशोर और किरण को मृत घोषित कर दिया। वहीं कृष्ण की हालत नाजुक बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार कार किशोर ड्राइव कर रहा था। किरण पास में ही बैठी थी, जबकि साला कृष्ण कुमार पीछे वाली सीट पर बैठा था। किशोर का फलौदी में फर्नीचर का बिजनेस है।

# युवक पर जानलेवा हमला

**भीलवाडा, (निसं)।** जिले के करेडा थाना क्षेत्र के निम्बाहेड़ा जाटान गांव में आधा दर्जन लोगों ने एक मकान में जाकर हत्या के प्रयास में युवक पर हमला कर दोनों पैर तोड़ दिये। युवक के सिर में भी गंभीर चोट आई। करेडा पुलिस के अनुसार, निम्बाहेड़ा जाटान निवासी कैलाशचंद्र पुत्र सायर ने रिपोर्ट देकर बताया कि सरीता देवी उर्फ नैनू देवी पुत्री प्रभु लाल, गोरीलाल, गोपी उर्फ गोपाल लाल, सुन्दर देवी, विमल व लक्की ने हमला किया। उसने बताया कि उसके साढू कालू का बेटा विजय उर्फ विनोद सात साल से उसके पास रह रहा है। रात करीब नौ बजे ये आरोपित हाथों में सरिये, लट्ठ, तलवार आदि लेकर घर आए और अंदर प्रवेश कर परिवादी से मारपीट की।

# डबल इंजन की सरकार बनाने के लिए ई.आर.सी.पी. को राष्ट्रीय परियोजना बनाना जरूरी: रामनिवास

## किसान महापंचायत में 13 जिलों के किसान प्रतिनिधि मौजूद रहे


टहला स्थित नारायणी माता मंदिर में किसान महापंचायत का आयोजन हुआ।

- अलवर के नारायणी माता मंदिर परिसर में हुई महापंचायत

**हिंडौन सिटी, (निसं)।** ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा दिए जाने के मुद्दे पर सोमवार को अलवर जिले के टहला स्थित नारायणी माता मंदिर के पास किसान महापंचायत हुई, जिसमें मुख्य अतिथि पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना किसान संघर्ष समिति के प्रदेशाध्यक्ष रामनिवास मीना एवं युवा किसान नेता रविन्द्र मीना ने कहा कि ईआरसीपी पूर्वी राजस्थान की लाइफ लाइन है। आगामी चुनाव में डबल इंजन की सरकार बनानी है तो ईआरसीपी को हर हाल में राष्ट्रीय परियोजना बनाना होगा। इस महापंचायत में 13 जिलों के किसान प्रतिनिधियों के साथ हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए।

किसान नेता रामनिवास मीना ने महापंचायत को संबोधित करते हुए कहा कि सरकारें किसानों के हितैषी होने की बड़ी बातें करती है, लेकिन हालात सामने है कि आजादी के 75 साल बाद भी किसानों को पानी के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। चुनाव आते है तो सभाओं में सभी पार्टियों के लोग किसानों की हर तकलीफ को दूर करने की बात करते हैं, लेकिन चुनाव नतीजों के बाद सरकार में चुनकर जाने वाले लोग किसानों की ओर मुडकर नहीं देखते। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले लोकसभा चुनाव के वक्त ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना घोषित करने के प्रति पूरी संवेदनशीलता बरतने का वादा किया था, लेकिन चार साल से ज्यादा वक्त बीतने के बाद भी प्रधानमंत्री ने ईआरसीपी के प्रति संवेदनशीलता नहीं दिखाई है।

मीना ने कहा कि प्रधानमंत्री हाल ही पास के दौसा जिले में आए थे, फिर भी ईआरसीपी के मुद्दे पर टालमटोल करके निकल गए। प्रदेशाध्यक्ष रामनिवास मीना ने कहा कि किसानों को निराश और हताश होने की कोई जरूरत नहीं है, बल्कि एकजुट होकर मजबूती के साथ प्रधानमंत्री से ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना घोषित करने का अपना हक मांगना चाहिए। प्रदेशाध्यक्ष रामनिवास मीना ने कहा कि किसानों को एकजुट करने के लिए पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना किसान संघर्ष समिति की ओर से अभी तक 16 किसान महापंचायतें और 100 से ज्यादा किसान सभाएं आयोजित की जा चुकी हैं, जिनमें किसानों का भरपूर समर्थन मिला है।

किसान महापंचायत को युवा किसान नेता रविन्द्र मीना ने संबोधित करते हुए कहा कि चंबल के पानी से ही अलवर सहित पूर्वी राजस्थान के 13 जिलों की पेयजल और सिंचाई का स्थायी समाधान हो सकेगा। इसके लिए किसानों को पूरी ताकत के साथ अपनी आवाज बुलंद करनी होगी। युवा किसान नेता रविंद्र मीना ने कहा कि कई हजार साल पूर्व अलवर जिले के ग्वालों ने नारायणी माता से आशीर्वाद के रूप में पानी की मांग की थी। आज भी वही वक्त आ गया है। चंबल का पानी लाने के लिए सरकार से ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना घोषित कराने की मांग पुरजोर ढ ंग से की जाए। किसान महापंचायत में 13 जिलों के किसान प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

किसान महापंचायत को पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना किसान संघर्ष समिति के प्रदेश संयोजक अमर सिंह नीमरोट, प्रदेश महामंत्री भरत सिंह डागुर, प्रदेश मीडिया प्रभारी दीनदयाल सारस्वत, युवा प्रदेशाध्यक्ष हरिमोहन आजाद महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष संगीता गुर्जर, बद्री पटेल, कैलाश मीना धवान, लोकेश मीना, उर्वेश मीना, दौसा के छात्रसंघ अध्यक्ष संजय भड़ाना, देवेंद्र खटाना, हिम्मत सिंह ताजपुर, शीशराम महस्वा, अमर सिंह झांकड़ा, सवाईमाधोपुर के सामाजिक कार्यकर्ता अवतार बरियारा, सुमेर सिंह दिवाकर, समाजसेविका अनीता मीना, रेखा शर्मा, दिनेश हरिपुरा, दौसा के देव पटेल, हरिराम मीणा मंडावर, समय सिंह रेसवाल आदि ने भी सभा को संबोधित किया। किसान महापंचायत के संयोजक सुमेर सिंह दिवाकर ने बताया कि स्थानीय कलाकारों ने किसान महापंचायत में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से ईआरसीपी का संदेश दिया। इन सभी कलाकारों का किसान नेता रामनिवास मीना और रविन्द्र मीना ने स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मान किया।

# झालाना डूंगरी क्षेत्र से 12 दिन पहले लापता ठेकेदार का शव कुएं में मिला

## मृतक के सिर पर हेलमेट लगा था, कुएं में ही उसकी बाइक पड़ी मिली

**जयपुर** (कासं)। झालाना डूंगरी से करीब 12 दिन पहले अचानक लापता हुए लेबर कांट्रेक्टर का शव रामनगरिया इलाके स्थित एक सूखे कुएं में मिलने से सनसनी फ़ैल गई। मृतक के सिर पर हेलमेट लगा हुआ था और उसका शव बाइक के ऊपर पड़ा हुआ था।

मोबाइल लोकेशन के आधार पर गांधीनगर और रामनगरिया थाना पुलिस के सर्च ऑपरेशन में मृतक का शव बरामद किया गया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। यह हत्या है या हादसा, इसको लेकर पुलिस गहनता से जांच में जुटी है। थानाधिकारी सुरेंद्र यादव

**■ मोबाइल लोकेशन के आधार पर तलाश करने में जुटी थी पुलिस**

ने बताया मृतक राकेश कुमार बैरवा (35) निवासी प्लॉट-संख्या-80, दयानन्द नगर, झालाना डूंगरी का रहने वाला था, जोकि लेबर कॉन्ट्रैक्टर था। पिछले काफी समय से उसका दांतली रोड की तरफ किसी साइट पर पर काम चल रहा था।

प्रतिदिन की तरह 8 फरवरी को घर से बाइक लेकर काम पर निकला था, लेकिन देर रात तक भी नहीं लौटा तो परिजनों ने 9 फरवरी को थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज करवाई। सोमवार को राकेश का शव चतरपुरा गांव के पास एक सूखे कुंएं में मिला, जिसे बरामद कर मोर्चरी में पहुँचाया गया।

रामनगरिया थाने के एएसआई गंगा सहाय ने बताया सोमवार को मोबाइल लोकेशन के आधार पर गांधीनगर और रामनगरिया थाना पुलिस ने चतरपुरा के आस-पास सर्च ऑपरेशन चलाया, जहां सड़क के बीचों बीच कुएं से बदबू आते देख जाब्ता वहां पहुंचा। करीब 100 फ़ीट गहरे सूखे कुंएं में बाइक पर पड़ी देख सिविल डिफेन्स और एफएसएल टीम को मौके पर बुलाया गया। मृतक के शव को बाहर निकाला गया। शव बाइक पर पड़ा था और सिर पर हेलमेट था। शव बुरी तरह गल चुका था। संभवतया रात के अंधेरे में बाइक बेकाबू होकर कुएं में गिरी होगी, हालांकि पुलिस हर पहलु को ध्यान में रखते हुए गहनता से जांच में जुटी है। दरअसल, जिस सूखे कुएं में राकेश बैरवा की लाश मिली है। वह सड़क के बीचों बीच स्थित है। कुएं में पानी नहीं होने के चलते यह उपयोग में भी नहीं आ रहा है। फ़िलहाल, यह कुआं हादसों को न्यौता दे रहा है। प्रशासन की अनदेखी के चलते यह अक्सर एक्सीडेंट होते रहते हैं।

## रोडवेज प्रशासन ने महिला कार्मिकों का मनोबल बढ़ाया

**जयपुर।** राजस्थान रोडवेज ने अब खेल के माध्यम से कर्मचारियों के काम के तनाव को कम करना शुरू कर दिया है। इसी कडी में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन कर महिला कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाया गया। खेल प्रतियोगिता में निगम की महिला कर्मचारियों ने उत्साह से भाग लिया। निगम के प्रबन्ध निदेशक नथमल डिडेल ने बताया कि कर्मचारी लगातार कम्प्यूटर पर कार्य करने एवं सीट पर कार्य के दबाव के चलते थकान महसूस करते हैं। इसी दबाव को कम करने एवं नई उर्जा के संचार के लिये एक नवाचार के रूप में मुख्यालय स्तर पर पहली बार खो-खो, म्यूजिकल चेयर, रिले रेस, हर्डल रेस आदि खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें महिला कर्मचारियों ने उत्साह से हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में हर्डल रेस में प्रथम अनिता बडसीवाल एवं द्वितीय सोनम, रिले रेस में प्रथम हेमलता फोगाट एवं द्वितीय अक्षिता चौहान, म्यूजिकल चेयर में प्रथम कल्पना एवं द्वितीय कमलेश, स्पून विद लेमन में प्रथम अनिता बडसीवाल एवं द्वितीय कल्पना रहीं। विजेता प्रतियोगियों को पुरस्कार स्वरूप पेन प्रदान किए गए।

# सांगानेर की होटल में जुआ खेल रहे 5 लोग गिरफ्तार

## पुलिस ने आरोपियों से 1.22 लाख रु. बरामद किए



सांगानेर पुलिस ने होटल में जुआ खेल रहे पांच लोगों को रविवार रात को गिरफ्तार किया।

**जयपुर** (कासं)। सांगानेर क्षेत्र की होटल में जुआ खेल रहे पांच लोगों को पुलिस ने रविवार रात गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 1.22 लाख रुपए की जुआ रकम बरामद की। पूछताछ में आरोपियों ने छुट्टी के दिन होटल में रूम लेकर पार्टी कर जुआ खेलना स्वीकार किया है।

डीसीपी ज्ञानचंद यादव ने बताया कि जुआ खेलते आरोपी ताराचन्द उर्फ कालु (40) पुत्र महादेव जयसवानी निवासी कुंदन नगर सांगानेर, हरीश कुमार (39) पुत्र किमतमल निवासी इनकम टैक्स कॉलोनी-2 मालवीय नगर, अनिल (39) पुत्र दौलतराम निवासी एयरपोर्ट कॉलोनी सांगानेर, राजकुमार (46) पुत्र मोहनदास शबनानी निवासी सेक्टर-5 मालवीय नगर और राजकुमार (48) पुत्र साधुराम निवासी सेक्टर-4 मालवीय नगर को अरेस्ट किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 1 लाख 22 हजार 500 रुपए बरामद किए है। सांगानेर थाने के हेड कॉन्स्टेबल महेन्द्र सिंह को सूचना मिली कि सीताबाड़ी टोंक रोड स्थित होटल रॉयल एक्सटेसी में कुछ लोग ताशपत्ती पर रुपयों का दाव लगा रहे है। महेन्द्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने होटल पर दबिश दी। होटल के रूम नंबर- 207 में जुआ खेलते मिले पांचों आरोपियों को अरेस्ट किया गया। जिसके कब्जे से 1.22 लाख रुपए जुआ रकम बरामद की गई। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि रविवार को छुट्टी के दिन वह शहर के किसी भी होटल में रूम बुक करते है। 5-7 दोस्त आपस में मिलकर पार्टी करने के साथ ही जुआ खेलते है।

## संक्षिप्त

### 'एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू हो'

**जयपुर** (कासं)। जोधपुर में हुए वकील हत्याकांड के विरोध में सोमवार को बनीपार्क स्थित जिला न्यायालय परिसर में वकीलों ने न्यायालय कार्य का बहिष्कार कर नारेबाजी की। अधिवक्ताओं ने बनीपार्क स्थित मुख्य हाइवे को जाम कर एडीएम को ज्ञापन दिया। अधिवक्ताओं ने एक सुर में राज्य सरकार से अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग की तथा इसी सत्र में एक्ट को पास करने हेतु ज्ञापन दिया। दी बार एसोसिएशन जयपुर के पूर्व संयुक्त सचिव पंकज पचलंगिया एडवोकेट ने बताया कि लगातार अधिवक्ताओं के साथ हत्या व आत्महत्या के लिए मजबूर होने के प्रकरण सामने आए है। अधिवक्ताओं के साथ न्यायालय कार्य करते हुए किसी भी तरह का कोई सुरक्षा सरकार के द्वारा उपलब्ध नहीं करवाई गई है। जबकि अधिवक्ता, गंभीर अपराधियों के खिलाफ भी मुकदमा लड़ते हैं।

### 'प्रदेश में खोलेंगे 5 हजार डेयरी बूथ'

**जयपुर** (कासं)। गोपालन विभाग के शासन सचिव कृष्ण कुणाल ने कहा कि प्रदेश में 5000 नए डेयरी बूथ खोलने की मुख्यमंत्री की बजट घोषणा के लिए कार्ययोजना बनाकर सफल क्रियान्वयन करेंगे। नए डेयरी बूथ खोलने से प्रदेश में दुग्ध उत्पादों की आपूर्ति में वृद्धि के साथ बेरोजगार युवाओं को रोजगार के संसाधन उपलब्ध हो सकेंगे। शासन सचिव सोमवार को सचिवालय स्थित खाद्य भवन में मुख्यमंत्री द्वारा डेयरी के क्षेत्र में की गयी बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन हेतु समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि बूथ आवंटन में आरसीडीएफ एवं दुग्ध संघों को आ रही समस्याओं का शीघ्र एवं समुचित निस्तारण कर डेयरी बूथ स्थापित किये जाएं।

### पुरूषोत्तम भारती की स्मृति में हवन

**जयपुर** । श्री मन्न नारायण प्रंन्यास मंडल की ओर से सीकर रोड ढहर के बालाजी स्थित श्री मन्न नारायण धाम में दिवंगत आचार्य महामंडेश्वर महंत पुरुषोत्तम भारती और धर्मप्राण मंजू भारती की पुण्य स्मृति में गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। वेदमाता गायत्री सहित अन्य देवी-देवताओं का भावभरा आ ान कर षोडशोपचार पूजन किया गया। अग्नि स्थापन कर विश्व कल्याण की कामना के साथ यज्ञ देवता को गायत्री, महामृत्युंजय महामंत्र से आहुतियां अर्पित की। तरुण भारती, डॉ. दीपिका शर्मा, मेदांत शर्मा, ओजस्विनी सहित अन्य ने आहुतियां अर्पित की। तरुण भारती ने बताया कि आचार्य महामंडेश्वर महंत पुरुषोत्तम भारती और मंजू भारती की पुण्य स्मृति में अनेक सेवाकार्य जल्दी ही प्रारंभ किए जाएंगे।

### माणक चौक क्षेत्र में युवती से दुष्कर्म

**जयपुर** । माणक चौक इलाके में एक युवती से देहशोषण का मामला सामने आया है। थानाधिकारी राण सिंह ने बताया जिला जयपुर ग्रामीण निवासी 23 वर्षीया युवती ने रिपोर्ट दी है कि वह यहां जयपुर में अपने चाचा के पास रहती है। आरोप है 8 अक्टूबर 2022 को गांव का ही रहने वाला खेमराज मीणा आया और एक होटल में ले गया, जहां उसके साथ दुष्कर्म कर अश्लील वीडियो बना ली। इसके बाद ब्लैकमेल कर जान से मारने की धमकी देकर देहशोषण करता आ रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# 'कैंसर जांच आपके द्वार' अभियान में 1500 लोगों ने कराया चैकअप

## इस दौरान 38 लोगों में कैंसर रोग की संभावना दिखी



भगवान महावीर कैंसर चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र तथा कैंसर केयर महिला प्रकोष्ठ की ओर से कैंसर जांच शिविर लगाया गया।

**जयपुर** । 'कैंसर जांच आपके द्वार' अभियान में करीब 1500 से ज्यादा लोगों से खुद की कैंसर जांच करवाई और परामर्श लिया। यह अभियान भगवान महावीर कैंसर चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र तथा कैंसर केयर महिला प्रकोष्ठ की ओर से चलाया गया। जयपुर समेत आमेर व बस्सी क्षेत्र में आयोजित 13 शिविरों के जरिए 38 लोगों की पहचान संभावित कैंसर रोगी के तौर पर की गई है।

**■ जयपुर, बस्सी और आमेर समेत 13 जगह शिविर लगाया**

अभियान संरक्षिका अनिला कोठारी ने बताया कि कैंसर जांच व जागरूकता के लिए प्रदेश के 33 जिलों में पंचायत स्तरों पर कैंसर जांच एवं जागरूकता शिविर का निःशुल्क आयोजन किया जा रहा है। इस मुहिम का उद्देश्य कैंसर रोगियों की पहचान कर उन्हें समय पर उपचार मुहैया करवाना है। अभियान में स्तन कैंसर, सरवाईकल कैंसर, ओवरी कैंसर, ब्लड कैंसर, ओरल कैंसर, प्रोस्टेट कैंसर और लंग कैंसर की जांच सुविधाओं को जोड़ा गया है। इस अभियान के तहत तैयार स्पेशल कैंसर स्क्रीनिंग बस के जरिए मैमोग्राफी, एक्स-रे और खून जांच आमजन को निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है।

चिकित्सा निदेशक डॉ. गीताजंली अग्रवाल जोशी ने बताया कि आमजन में जागरूकता की कमी और सुविधाओं के अभाव में कैंसर की पहचान देरी से होती है। चिकित्सा अधिक्षिका डॉ. सुबह पठानियां ने बताया कि रोग की पहचान में देरी होने से रोगी के उपचार का खर्च बढ़ जाने के साथ ही रोगी को कैंसर मुक्त करना भी मुश्किल होता है। सभी शिविरों में डॉक्टर्स, नर्सिंग स्टॉफ, टेक्नीशियन और सोशल वर्कर सहित 12 से 15 लोगों की टीम अपनी सेवाएं दे रही है। कैंसर केयर न्यासी और अभियान के सोशल वर्कर टीम प्रमुख शिल्पा कोठारी ने बताया कि कैम्प के जरिए जिन रोगियों की पहचान कैंसर रोगी के तौर पर होगी उसे रियायती दरों पर उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। आर्थिक रूप से कमजोर रोगियों को चिकित्सालय नियमों के आधार पर निःशुल्क उपचार की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही चिकित्सालय में मौजूद धर्मशाला, कैंटीन और रियायती दरों पर बस और ट्रेन के पास की सुविधा भी उपलब्ध है, जिससे जयपुर के बाहर से रोगियों को भी किसी भी तरह की परेशानी ना हो।

# नाटक 'शादी के मंडप' के साथ विदा हुआ भारत रंग महोत्सव

**जयपुर** (कासं)। भारत रंग महोत्सव, रंगमंच के विभिन्न रंगों से रूबरू करवाने के बाद सोमवार को जवाहर कला केंद्र से विदा हो गया। आखिरी दिन परम बधानिया, गुनीत सिंह और प्रिंस राजपूत के निर्देशन में नाटक "शादी के मंडप में" का मंचन किया गया। नाटक ने खूब हंसाने के साथ कई गंभीर सवाल समाज के समक्ष छोड़ दिए।

स्टेज सजा है, दूल्हा-दुल्हन विराजमान है, चल रही है तैयारी जयमाला की। नाटक का सेट आपको एक शादी में ले जाकर खड़ा कर देता है। राहुल को जयमाला से पहले रिश्तेदार कंधे पर उठा लेते हैं, डिम्पल को उसके जीजाजी, मुकुंद कंधे पर उठाते हैं। नीचे उतरते ही डिम्पल मुकुंद को थप्पड़ जड़ देती है। यकायक घोर सन्नाटा छा जाता है। शादी रुक जाती है और दौर शुरू होता है समझाइश का।

दुल्हन का पिता मुसीबत में फंस गया है। दामाद को कुछ कहे तो बड़ी बेटी की गृहस्थी पर आंच आती है। जीजा के व्यवहार से तंग छोटी बेटी का सब्र आज जवाब दे ही चुका है। नाते-रिश्तेदार समझाइश को आगे आते हैं तो खुद ही झगड़े कर बैठते हैं। अंत में डिम्पल और मुकुंद ही समस्या का समाधान करते हैं। नाटक एक व्यंग्य है, उन लोगों पर जो रिश्तों की लक्ष्मण रेखा को पार कर अपने हित साधने को आतुर

**■ जवाहर कला केन्द्र में मंगलवार सुबह 11 बजे शुरू होगा संवाद प्रवाह**

है, साथ ही उस सामाजिक व्यवस्था पर जो लड़की के पिता को बेबस बनाती है। आखिर क्या वजह रही जो डिम्पल अपने जीजा को थप्पड़ मार देती है? दरअसल मुकुंद पूर्व में उससे बदसलूकी कर चुका होता है पर वह कुछ कह ना सकी, शादी पर जब बात आगे बढ़ी तो उसने यह कदम उठाया। अंजना आहलूवालिया ने दुल्हन डिम्पल, शुभम मिश्रा ने दूल्हे राहुल, परम बढ़ानिया ने मुकुंद और राजकुमार राजपूत ने दुल्हन के पिता हरीश का रोल अदा किया।

गौरतलब है कि राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय (एनएसडी) और जवाहर कला केंद्र के सहयोग से 15 से 20 फरवरी तक भारंगम का आयोजन हुआ। इस दौरान छह नाटकों का मंचन जेकेके में किया गया। जेकेके की ओर से संवाद प्रवाह का आयोजन किया गया, जिसमें नाट्यय निर्देशकों व साहित्यकारों के बीच चर्चा हुई। इसी कड़ी में मंगलवार सुबह 11 बजे परम बधानिया, गुनीत सिंह और प्रिंस राजपूत व कविता मुखर के बीच चर्चा होगी।

## सार-समाचार

### एसबीआई ने आर्थिक मदद प्रदान की



**जयपुर** (कासं)। भारतीय स्टेट बैंक के जयपुर मंडल ने सामाजिक दायित्व निभाते हुए कोटखावदा स्थित राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा चाकसू के भोज्यड़ा स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय को वित्तीय सहायता प्रदान की। यह राशि एसबीआई के कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन एवं मार्केटिंग महाप्रबंधक डॉ. पी.सी. साबू ने भेंट की। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए भारतीय स्टेट बैंक ने सीएसआर गतिविधियों के तहत एक प्राथमिक चिकित्सा केंद्र को ट्रांसफार्म करने का लक्ष्य रखा था, जिसमें जयपुर प्रशासनिक कार्यालय ने राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कोटखावदा का चयन किया है। यहां पर सुविधाएं विकसित होने से ग्रामीण जनता को बेहतर सुगम चिकित्सा सुविधाएं मिल सकेंगी। साबू ने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोटखावदा को चिकित्सकीय उपकरण, स्वच्छ जल के लिए आर.ओ, वाटर कूलर व फर्निचर तथा रंगरोगन के लिए वित्तीय मदद दी है। इसी प्रकार चाकसू के भोज्यड़ा स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल में भी एक आरओ व वॉटर कूलर के लिए वित्तीय मदद दी है। ताकि छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ को स्वच्छ जल मिल सके। इस अवसर पर कोटखावदा के ब्लॉक चिकित्सा एवं स्वास्थय अधिकारी डॉ. सोम्य मिश्रा एवं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, भोज्यड़ा के प्रधानाचार्य भारतलाल मीना ने भारतीय स्टेट बैंक का मदद के लिए आभार जताया। समारोह में बैंक के महाप्रबंधक प्रभात कुमार मिश्रा, अलवर प्रशासनिक कार्यालय के उप महाप्रबंधक (व्यवसाय एवं परिचालन), शशि नाथ मिश्रा व अन्य लोग मौजूद थे। इस अवसर पर एसबीआई जयपुर के मंडल विकास अधिकारी भूपेंद्र जोशी ने अगुंतकों का स्वागत किया। जयपुर प्रशासनिक कार्यालय के उप महाप्रबंधक अनिरुद्ध कुमार चौधरी ने अतिथियों को धन्यवाद दिया।

### शिविर में 205 यूनिट रक्तदान

**जयपुर** (कासं)। बेस्ट कैपिटल सर्विसेज लिमिटेड की ओर से सी-स्कीम स्थित लुहाडिया टावर में 10वें रक्तदान शिविर में 205 यूनिट रक्तदान हुआ। बेस्ट कैपिटल के एमडी के अरुण बगड़िया ने बताया कि पिछले 10 सालों से लगातार रक्तदान शिविर लगाकर अस्पताल में असहाय मरीजों की सहायता की जाती है। हाल ही तुर्की में आए भूकंप पीड़ितों के लिए कंबल और ऊनी जैकेट भिजवाई गई है। इससे पहले नेपाल भूकंप, चैन्नई बाढ़ पीड़ितों, केरल बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए सामग्री भेजी गई है। जयपुर की हिंगोनिया गौशाला में नियमित सेवा सामग्री भेजी जाती है। अक्षय पात्र मिड डे मिल योजना में भी संस्था मदद करती है। स्वास्थ्य कल्याण ब्लड बैंक के माध्यम से सोमवार को दसवां रक्तदान शिविर लगाया गया। जिसमें 205 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। करीब 278 लोगों ने शिविर में रजिस्ट्रेशन करवाया। शिविर का उद्घाटन कम्पनी के प्रबंधक निदेशक अरूण बगडिया ने शहर की कई गणमान्य लोगों की मौजूदगी में किया। बगड़िया ने रक्तदाताओं को उपहार और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

### पड़ौसी ने नाबालिग से छेड़छाड़ की

**जयपुर** (कासं)। रामगंज इलाके में पडौसी युवक के द्वारा नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि घर से आते-जाते समय रास्ते में पकड़कर आरोपी उससे छेड़छाड़ करता है। नाबालिग के अपने परिजनों से शिकायत करने पर आरोपी ने उसको धमकाया। बेटे को समझाने की जगह पिता ने नाबालिग लड़की के परिवार से झगड़ा किया। रामगंज थाने में पीड़िता की मां ने आरोपी युवक के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने बताया कि रामगंज निवासी एक महिला ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि उसकी 12 साल की बेटी से पडौस में रहने वाला युवक छेड़छाड़ करता है। आरोप है कि 21 साल का युवक घर से नाबालिग बेटी के आने-जाने पर पीछा करता है। रास्ते में पकड़कर छेड़छाड़ करता है, घर से आते-जाते समय परेशान करता है। नाबालिग बेटी ने परेशान होकर परिजनों को आपबीती सुनाई। समझाने के लिए परिजन आरोपी के घर पहुंचे। आरोपी बेटे की करतूत के बारे में पिता को बताया। उसके पिता ने समझाने की जगह कहा कि मेरी लड़का तो ऐसा ही करेगा। इसके बाद 18 फरवरी की रात करीब 7 बजे नाबालिग बेटी को आरोपी ने दोबारा गली में पकड़ लिया। छेड़छाड़ करने के साथ ही गंदी बातें बोली। धमकाया कि हम दोनों की बात तेरे मम्मी-पापा को क्यों बताती है? घर रोती हुई पहुंची नाबालिग बेटी ने दोबारा आरोपी पडौसी युवक की करतूत के बारे में परिजनों को बताया। गुस्साएं परिजनों ने थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई।

### ब्रह्मकुमारी विवि.का मेला मार्च में

**जयपुर** । प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय राजपार्क की ओर से मार्च में राज्य स्तरीय मेला आयोजित किया जायेगा। जिसमें करीब 10 हजार प्रतिभागियों की हिस्सेदारी रहेगी। जो राज्य के विभिन्न ब्रह्मकुमारी केन्द्रों से जयपुर में आएंगे। विस्तृत कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की जा रही है। सोमवार को अरिहंत सीड्स के निदेशक डॉ. शरद गोधा, ब्रह्मकुमारी सनुसईया प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय जादौन नगर सेन्टर, उमेश नारणियां संजय ब्रिक्स जयपुर, श्रीपाल चौधरी फील्ड ऑफिसर अरिहंत सीड्स लालकोठी जयपुर में आचार्य 108 वर्तमान सागर महाराज व समस्त ज्ञाता दृष्टा स्वभाव को पहचाने तो स्वयं ही शांतचित्त होकर मोक्ष मार्ग की ओर लग जाएगा। ब्रह्मकुमारी बहन सनुसईया ने आचार्य के सेवा में निवेदन किया कि हम ब्रह्मकुमारियां प्याज लहसुन, अण्डा, मांस रहित भोजन करते है। हम किसी भी प्रकार शराब, सिगरेट इत्यादि वस्तुओं से परे रहते है। हम अपना भोजन स्वयं पका कर खाते है एवं घर की शुद्धता का ध्यान भी रखते है। हम ध्यान योग केन्द्र चलाते है, जहां राजयोग सिखाया जाता है।

# संविदा नर्सेज ने उठाई सीएचओ भर्ती परीक्षा की जांच की मांग



**सीएचओ भर्ती परीक्षा मामले की जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर राजस्थान संविदा नर्सेज एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रदेशाध्यक्ष गिरीश शर्मा ने बताया कि सीएचओ अभ्यार्थियों ने भर्ती परीक्षा मामले को लेकर निष्पक्ष जांच की मांग की है। साथ ही मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा कि इस प्रकरण में अति शीघ्र जांचकर दोषियों पर कार्रवाई की जाए, अन्यथा बेरोजगार अभ्यार्थी मजबूर हो कर अधीनस्थ बोर्ड का घेराव करेंगे। जिसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार और प्रशासन की होगी।**

# हाऊसिंग बोर्ड को पुनर्जीवित करने पर आयुक्त अरोड़ा को दो अवार्ड

**जयपुर** (कासं)। प्रदेश में बंद होने की कगार पर खड़े राजस्थान हाऊसिंग बोर्ड को पुनर्जीवित करने वाले वरिष्ठ आईएएस पवन अरोड़ा की देशभर में तारीफ हो रही है। मुंबई में टाइम्स समूह की वर्ल्ड एचआरडी कांग्रेस ने पवन अरोड़ा को प्रतिष्ठित विजनरी लीडर अवार्ड और प्रतिष्ठित वर्ल्ड सस्टेनेबिलिटी संस्था ने ग्लोबल सीएसआर एक्सीलेंस एंड लीडरशिप अवार्ड से सम्मानित किया है।

विधानसभा सत्र होने के कारण

**■ 4 वर्ष पूर्व घाटे में था आवासन मंडल, लोगों का भरोसा उठ चुका था : अरोड़ा**

अरोड़ा इस कार्यक्रम में शरीक नहीं हो पाए, उनकी तरफ से अतिरिक्त मुख्य अभियंता अमित अग्रवाल, उप आवासन आयुक्त जेएस बुगालिया और डॉ. दिलीप शर्मा ने यह पुरस्कार ग्रहण किया।

यह दोनों अवार्ड सोमवार शाम आवासन सचिव अल्पा चौधरी, वित्तीय सलाहकार संजय शर्मा, मुख्य अभियन्ता प्रथम केसी मीणा और मनोज गुप्ता ने पवन अरोड़ा को भेंटकर शुभकामनाएं दी। अरोड़ा ने कहा कि सम्मान अकेले अधिकारी का नहीं, बल्कि पूरी टीम का होता है। जोश, जुनून और पूरी ईमानदारी के साथ काम करना मेरा शगल रहा है। राज्य सरकार ने जिस विभाग का भी जिम्मा मुझे दिया, वहां के अधिकारी-कर्मचारियों ने कंधे से कंधा मिलाकर टीम भावना से काम किया तो नामुमकिन लगने वाला काम भी आसान होता चला गया। अरोड़ा ने कहा कि 4 वर्ष पूर्व आमजन का विश्वास आवासन मंडल से पूरी तरह उठ गया था, हाऊसिंग बोर्ड लगातार घाटे में जा रहा था, लेकिन अधिकारी-कर्मचारियों की टीम ने नामुमकिन को भी मुमकिन कर दिखाया। कार्मिकों की मेहनत से ही आवासन मंडल अब विश्वास का पर्याय बन चुका है। ज्ञात रहे कि आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा की अगुवाई में पिछले चार वर्षों में मण्डल को कुल 12 अवार्ड मिल चुके हैं। इनमें मकान विक्रय में वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्डस, स्कॉच अवार्ड-2021, अवार्ड ऑफ एक्सीलेन्सी, नेशनल रियल एस्टेट डवलपमेंट काउंसिल द्वारा सम्मान, नेशनल हाउसिंग अवार्ड, आई.बी.सी और 'स्टार ऑफ गवर्नेंस-गोल्ड अवार्ड' जैसे प्रतिष्ठित पुरस्कार शामिल है।



मुंबई में मिले दो अवार्ड आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा को उनके अधिकारियों ने सोमवार को सुपुर्द किए।

# अगले साल तक सभी मेडिकल कॉलेज शुरू होंगे : चिकित्सा मंत्री



चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा ने एस.एम.एस. मेडिकल कॉलेज में लाइफ ऑफ साइंस एग्जीबिशन का उद्घाटन किया।

**जयपुर** (कासं)। आज गर्व से कह सकते हैं कि हमारा एसएमएस मेडिकल कॉलेज देश के टॉप इंस्टिट्यूट में आता है और राजस्थान के हर जिले में मेडिकल कॉलेज है। 2024 तक सभी मेडिकल कॉलेज में पढ़ाई शुरू हो जाएगी और प्रदेश में डॉक्टर्स की कमी नहीं रहेगी। एसएमएस मेडिकल कॉलेज में लाइफ ऑफ साइंस एग्जीबिशन के उद्घाटन पर चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा ने यह बात कही। 20 से 28 फरवरी तक एसएमएस मेडिकल कॉलेज के एकेडमिक ब्लॉक में इस एग्जीबिशन में सभी विभागों द्वारा मेडिकल साइंस से जुड़ी जानकारियों को आसान भाषा में आमजन को दी जाएगी। इस दौरान आरयूएसएच के कुलपति डॉ सुधीर भंडारी, एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. राजीव बगरहट्टा, डॉ. गोवर्धन मीणा समेत कई डॉक्टर्स मौजूद थे। मीडिया से बात करते हुए चिकित्सा मंत्री ने कहा कि हमने स्वास्थ्य प्रणाली को इस तरह विकसित किया है जिससे लोगों को सभी तरह की बीमारियों का इलाज मिल सके। अब चिरंजीवी बीमा योजना भी 25 लाख रुपए तक कर दी है और सिर्फ राजस्थान ही नहीं बल्कि प्रदेश से बाहर भी इलाज कराया जा सकता है। आयोजन सचिव डॉ. अशोक गुप्ता ने बताया कि एग्जीबिशन में सभी 44 विभागों ने स्टॉल लगाई है। कार्डियोलॉजी विभाग ने लोगों को प्रजेंटेशन से बताया कि हार्ट में ब्लॉकेज होने पर किस तरह स्टेंट डाला जाता है। वहीं बॉडी डोनेशन, मनोचिकित्सा विभाग ने आईक्यू व व्यक्तित्व की जाँच व तनाव प्रबंधन बायो फीडबैक से सिखाया। एग्जीबिशन की संयोजक डॉ. मोनिका जैन ने बताया कि फार्माकॉलोजी विभाग दवाइयों को काम में लेने, रखने एवं उनके दुष्प्रभाव से जुड़ी जानकारी मॉडल पोस्टर व खेलों के द्वारा साझा किए माइक्रोबायोलॉजी विभाग शरीर में वायरस की जाँच करने के बारे में जानकारी देंगे।



## International Mother Language Day

It's hard to imagine the challenges faced by students who have been ordered to learn in a foreign language, as without linguistic inclusion, there is no equal access to education. Current International Mother Language Day events include multicultural festivals which promote the hearing of all voices, and display social cohesion, cultural awareness, and tolerance. The unique nuances and subtleties of linguistic communication which connect individuals to culture and personal identity are valued and encouraged.

#EVENT

# Bringing Theater to the Masses

The 8th edition of the Rang Rajasthan theater festival kicked off in a truly unique way with a 'Walk Theater' event on 19 February. The theater enthusiasts showed their dedication and passion by braving an early Sunday morning to take part in the exhilarating 16 km walk, which started at the iconic Jawahar Kala Kendra and wound its way through several scenic spots in the city including Hawa Mahal and Albert Hall.





Tusharika Singh
*Freelancer writer and city blogger*

The Pink City was alive with theatrical energy on the morning of February 19, as theater enthusiasts from across Rajasthan gathered for the 8th edition of the Rang Rajasthan theater festival. But this year, the festival kicked off in a way that was truly one-of-a-kind, with a mesmerizing Walk Theater event 'Rang Karvaan' that left the Jaipurites with a feeling of awe and excitement.

Early on a Sunday morning, participants gathered at the iconic Jawahar Kala Kendra to embark on a thrilling 16 km walk through some of the city's most scenic spots, including the Hawa Mahal and Albert Hall. Along the way, they performed as many 18 spectacular theatrical acts, including physical performances, musical acts, poetry renditions, and monologues. These included rendition of Krishna Chetavani by Girish Kumar Yadav, Rang Rajasthan Ki Jeevan Yatra by Yuvraj, Geet Garibon Ka by Sudhanshu, Exam Fever and The Recipe of a Criminal by Pritam, Dot Stop by Shweta and Shikha, among others.

The brainchild of Abhishek Mudgal, founder of the Rang Rajasthan festival and leader of the Rang Mastaaney Theater Group, Walk Theater is a unique initiative that seeks to bring theater out of the confines of the auditorium and onto the streets. By connecting theater with the masses in this way, the group hopes to break down the barriers between the performers and the audience, and make the experience of live theater more accessible to everyone.

This was the fourth such walk organized by the group in Jaipur, and it attracted participation from some of the most eminent figures in the world of theater, including the renowned mime artist Vichitra Bahadur, who presented a stunning mime performance, and Rajendra Singh Payal, who narrated the story of Jaipur.

Telling more about the event, Abhishek Mudgal shared: "The walk started at 6 am and lasted for approximately six hours, with the performances taking place at various venues along the route, including Gandhi Circle, Birla Mandir, Albert Hall, Tadkeshwar Mandir, Hawa Mahal, and Ravindra Manch. There were around 60-70 participants in the walk and at each venue they were joined by spectators from all walks of life."

The Rang Rajasthan theater festival will be on till 28 February at Jawahar Kala Kendra and will witness 21 plays and several workshops and masterclasses, school outreach programmes, talk shows, street plays as well as musical performances.






Durjoy Datta.

Durjoy Datta has ruled the world of romantic novels since 2008. All his books have been bestsellers in the teen world. This engineer turned writer is now also writing for movies and serials.

# The King of Romantic Writing



Shailaza Singh
*Published author, poet and a YouTuber*

## #THIS-ALSO-HAPPENED-AT-JLF

Judging by the crowds of youngsters following him at the recently concluded Jaipur Literature Festival, if Shah Rukh Khan is the king of romance in movies, Durjoy Datta can be called the king of romance in novels. Since 2008, with his first book 'Of course I Love You Till I Find Someone Better' he has been ruling the hearts of millions of teenage readers, especially girls.

An engineer by education, Durjoy tasted success at the age of 21 while in the final year of his college. Slowly as each of his books started topping the bestseller lists, he decided to turn into a full-time writer with a specialization in romance. On reading his books, one would expect the author to be the traditional chocolate faced hero, however Durjoy Datta is quite different from the common perceptions. He is soft-spoken guy who believes that romance is the only pond he'd like to circle.

*Some excerpts from the tete-e-tat:*

***Q: From the time you published your first book in 2008 to today, how have you evolved as a writer?***

**A:** I think at that time, I was a teenager and had a different perspective on romance. After my first book was declared a best seller, writing became a means to earn money. But over the years, I have started enjoying writing and the kind of freedom I get with it. Hence, I would like to safeguard my career as a writer.

***Q: Why do you only like writing romance? Why don't you experiment with other genres like fantasy or mystery etc?***

**A:** To be honest, earlier romance used to be the main theme in my novel but now it has become incidental. I have also written mystery novels, but my books are still sold as romance novels since my strong point is romance. I know what the limit to my talent is. For me, it is the easiest to make the characters fall in love with each other. Even in television shows, you can do it for 6-7 seasons. In India, you cannot write fantasy unless it is backed by some mythology. I am just waiting that someone sets a precedent and I will hang on to it and write my own fantasy novel.

***Q: From a college boy to a married man and now a father. How has your writing changed with the changes in your life?***

**A:** I think now I cannot write about teenage romances or young romances the way I used to. I am 37 years old. I can only write what I feel strongly about otherwise it will look artificial and put on. When I am writing a book, I look forward to constructing a good story. All of my earlier writing was touch and feel-I just wanted to know what the characters feel like. Now they are more in-depth. In my book, The Boy who Loved which was published in 2017, the story of the boy was set in 1999. So for the story, I had to travel back to 1999 and remember how I was in that time. My latest novel When I Am With You is about a single mother who is also an entrepreneur and is dealing with a new relationship as well.

***Q: So, what kind of a person were you in 1999? How has the world changed from then to now?***

**A:** Frankly speaking in 1999, I was just 12 years old. At that age, I was really intimidated by women. In those days, even if you had a crush on someone, you couldn't talk to them or express your feelings. But today, the society has shifted. Earlier it was all cloaks and daggers but now we can have open conversations about most things. Now people can express themselves. I remember in those days, there were two different worlds of girls and guys where each had their own groups. They had clandestine messages which if discovered by the elders could wreak havoc. Now the barriers have broken down even in the interiors to a large extent.

***Q: As a person who specializes in romance, you must have read a lot of romantic books in your young years?***

**A:** Actually, not at all! In my childhood, most of my reading has been dictated by my parents. Book reading was compulsory at bed time and no romance was allowed. I used to read Enid Blyton, John Grisham, Stephen King. After a while, my parents tried to introduce me to Salman Rushdie's work. Initially I didn't understand what he was talking about but then after a while I could relate to the books. In fact, I did not even know romance as a genre. Most of my introduction to romance has been while writing for television where you can create two extremely likeable characters and then make them fall in love and continue for the next 1200 episodes.



> **Most of my introduction to romance has been while writing for television where you can create two extremely likeable characters and then make them fall in love and continue for the next 1200 episodes.**

***Q: People say with the social media and Kindle, paper books are not going to be around for long. What are your thoughts?***

**A:** I remember hearing about it in 2008. People used to say that with the introduction of tablets and smart phones, books won't last for long but now it is 2023 and books are still here!

***Q: Are you on social media? Has social media taken over books?***

**A:** Earlier I was on social media and when I used to get into my Instagram account, I used to spend hours swiping. I used to think that if I am doing this, my readers would also be doing this. But lately I have started noticing that many people have dumped Instagram and have started reading books. I really got hooked on to the social media when I became a parent. Parenthood is extremely boring- at least for the first few years. So, Instagram helps you to reconnect with your child in a different way. For example, when I see my daughter doing something cute, I record it and post it. When people find it cute and like it, I go back and look at that 15 second clip to see what is cute in it. This way I use my followers as a dopamine fix. But then this used to take over my life because I used to then think about what should be the next video to maintain the same likes. So, I pulled back. Now I am on social media just to sell my books.

***Q: What is the difference between writing for television and writing novels?***

**A:** The difference between writing for television and a novel is a lot. Writing a book is a solitary exercise. There isn't much money unless your book becomes a best seller. But in case of television, the money is huge and the feedback of the writing is almost instantaneous. For example, if I publish a book today, the feedback will come after six months but in case of an episode, the feedback comes the very next day through the TRPS. That allows the writer to change his ploy if the TRPs aren't good or the audience isn't enjoying the story.


Durjoy Datta with his novel.

***Q: So, how much does TRP impact writing for television?***

**A:** Actually TRP ratings are the life blood of television. The fact is that on television, a show cannot survive if it does not have high drama. Trends also dictate the show. For example, five years ago, there was this huge trend of getting animals on the show, so everyone followed that. Every show that you see on television starts with a very noble thought. They have a social issue they want to tackle through a story. But eventually everyone has put in so much of money that they try to get as much traction as possible.

I remember Kuch Rang Pyar Ke Aise Bhi was perhaps one of the only shows in the history of television that went for so long because everyone involved in that show believed in that show. The interesting thing is that though it did not have the usual saas bahu drama or those stories of reincarnation etc and it was a very progressive show, it still did not get good TRPs. Despite that the producers, the writers and the creators kept giving the show time so that people could see its value. And people saw its value. It is one of the highest watched shows on YouTube. A lot of people go back and watch the show. But it did not get the traditional TRPs.

***Q: Do you think this kind of TRP governed shows are impacting our society?***

**A:** Of course, there are conversations about this everywhere. For example, on social media a lot of people talk about toxic boyfriends but toxic husbands have been a theme on television for like years. Now its like a self-fulfilling prophecy. You don't want to show such a thing but when you show it, your show works and attracts TRPs. That really impacts me since I am so emotionally invested as a writer. Here book writing is way better because by the time the book comes out and actually makes an impact in a year or two, you are a very different person. Also, once the book is read and the reaction comes, I cannot change the book as per the feedback by the readers.

***Q: Do you doubt yourself at times?***

**A:** There are times when I am afflicted with crippling self-doubt because honestly I had not expected that my first book would be published and would become a best seller. You see the difference between the kind of books I read and write is huge. I got published at 21 when I was reading books that were leagues and leagues ahead of my book. Then when people say that they have read and liked my books, I start wondering if they have read the really 'good' books.

***Q: Had you not tasted success in such a young age, would you have continued writing?***

**A:** I have would have continued writing in some form or the other. Before I started writing books, I had a very successful blog. Lot of my blogger friends advised me to write. Had the book not worked, I would have continued writing and would have found another way of leveraging my writing.

writetoarbit@rashtradoot.com

> Frankly speaking in 1999, I was just 12 years old. At that age, I was really intimidated by women. In those days, even if you had a crush on someone, you couldn't talk to them or express your feelings. But today, the society has shifted. Earlier it was all cloaks and daggers but now we can have open conversations about most things. Now people can express themselves.


Durjoy Datta in conversation with Kiran Manral.

#TRAVELOGUE

# Quit Your Job & Move Abroad!

It's for anyone who is looking for a more affordable life or just a way to escape from it all

This is the year to pursue the dream: Quit your job and move to one of the cheapest (and best) places to live in the world, a country where it costs so little you might be able to stop working.

And here's the thing: This list isn't just for retirees. It's for anyone who is looking for a better life, a more affordable life or just a way to escape from it all-the frenetic pace of life, the violence, the politics, the divisiveness. "Consider your options overseas, and things start to look up," says International Living's executive editor Jennifer Stevens.

This list is also for people who are tired of the 9-to-5 grind and want to find the cheapest places to live in the world, countries where the cost of living is considerably cheaper than the U.S.-so cheap that you might not have to work.

### Portugal

**Why:** This year, Portugal was named the top country to live. "It wins in part because of the strength of the U.S. dollar today. It's a timely pick-because Europe is effectively on sale if you're shopping with greenbacks. It's a good time to go," says Stevens. "Beyond that, Portugal's visa options make staying there long-term relatively easy.

**Where to Move:** "Big cities like Lisbon and Porto are going to cost more, smaller towns less," says Stevens. "A few spots to consider in Portugal: Lagos, Vilamoura and Tavira." Lagos is a town with history on Portugal's sunny Algarve coast. Vilamoura is a landscaped resort community with gorgeous beaches. A former Roman seaport, Tavira is filled with buildings covered in blue and white tiles.


Portugal.

### Mexico

**Why:** Mexico takes the second spot for 2023. "As in Europe, your dollars stretch incredibly far in Mexico today, and for that reason, it, too, makes a timely pick," says Stevens. "And, of course, Mexico is so close. It's easy. And it's incredibly affordable."

**Where to Move:** "Mexico just offers so many options for people-steamy beaches on the Caribbean, dryer coast on the Pacific, Colonial cities rich with art and culture, lakeside living in a place like Chapala, where the weather is spring-like year-round," says Stevens. "A few spots in Mexico we recommend: Lake Chapala, Playa del Carmen, Queretaro." Lake Chapala is located in the cool highland region. Playa del Carmen is a renowned beach city. Queretaro is a sophisticated highland city.



### Panama

**Why:** Panama takes the third spot for 2023. "Panama-as always-just simply scores well across the board, and that means it's often here at the top of the Index," says Stevens. "Panama sits below the hurricane zone, and it has great visa options that allow expats (of retirement age or not) to come and stay.

The pensionado visa, in particular, is really geared to retirees and makes it worth their while to come with benefits that include tax breaks and discounts. Healthcare in Panama is first rate-particular in the city-and you can live at the beach and be just an hour from a real metropolis. The weather is warm year-round, Panama uses the U.S. dollar (though you won't feel the pinch of inflation there the way you may at home because even though prices may be up-they're still a fraction of what you pay at home)."

**Where to Move:** A few communities to consider in Panama: Panama City (with a mix of skyscrapers and leafy neighbourhoods), Coronado (a vast residential complex that fulfils just about every expat need) and Boquete (a Panamanian highland town).

### Ecuador

**Why:** "Ecuador is still a largely undiscovered country not yet homogenized but still offering the conveniences of modern living, including high-speed fibre-optic internet, American dollar currency, temperate weather, good public transportation and affordable healthcare and housing," says International Living correspondent Donna Stiteler.

**Where to Move:** There are expat-friendly spots all over Ecuador. Larger expat communities are in Salinas, with its beaches lined with modern condos; Cotacachi, a small, sleepy village where craftsmen make everything from leather goods to alpaca ponchos; Cuenca, the modern Andean resort town which is the cultural centre of Ecuador, where music, art and New Orleans-style architecture attracts visitors from around the world; and Vilcabamba, the home of the "Valley of Longevity" known for its Indigenous centurions and laid-back expats who sit outside at cafés trading philosophies.

### Costa Rica

**Why:** "With a lower cost of living, ease back and forth to North America and affordable medical care, it is not surprising that Costa Rica remains firmly near or at the top of international retirement lists," says International Living correspondent Kathleen Evans.

**Where to Move:** Costa Rica has something for everyone, with a dozen climate zones and hundreds of microclimates. "If you like hot weather, the dry tropical beaches of Guanacaste or the verdant jungles of the southern zone and Caribbean will not disappoint," says Evans. "Prefer something eternally temperate? The higher elevations of San José and the Central Valley would be the location of choice."


Costa Rica.

## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# बालिका का अपहरण करने के आरोप में एक गिरफ्तार

## बदमाश युवक को गिरफ्तार करते हुए मासूम बच्ची को अपहरण से मुक्त करवाया

**राजसमंद, (निसं)।** घर आंगन में खेल रही 5 साल की मासूम बच्ची के रविवार शाम को रहस्यमयी तरीके से अपहरण के बाद एसपी सुधीर जोशी के साथ सवा सौ से ज्यादा पुलिस अफसरों व जवानों की फौज के साथ ग्रामीण रातभर बच्ची को तलाशते रहे, जबकि मासूम बच्ची के साथ शराबी युवक हाइवे आठ के पुलिया नीचे सो गया। सुबह पुलिस ने बदमाश युवक को गिरफ्तार करते हुए मासूम बच्ची को अपहरण से मुक्त करवा लिया।

बच्ची के साथ ही कोई अनैतिक घटना नहीं हुई, जिससे पुलिस के साथ परिजनों ने भी राहत की सांस ली। मामले का खुलासा करने के लिए जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि 19 फरवरी शाम करीब 4 बजे पांच साल की मासूम बच्ची भीम के बरतू से अचानक घर के बाहर खेलते हुए लापता हो गई। इस पर बच्ची की मां ने भीम थाने में पहुंचकर मासूम बच्ची के अपहरण होने की रिपोर्ट दे दी।

घटना की सूचना पर मिलते ही एसपी सुधीर जोशी खुद भी भीम पहुंच गए, जहां एएसपी शिवलाल बैरवा, भीम डीएसपी राजेंद्रसिंह के नेतृत्व में भीम सीआई संगीता बंजारा, दिवेर थाना प्रभारी सुरेंद्रसिंह, देवगढ थाना प्रभारी दिलीपसिंह व बार थाना प्रभारी राजदीपेंद्रसिंह के साथ 125 पुलिस अधिकारी व जवानों की फौज तलाश में जुट गई। साथ ही भीम पूर्व सरपंच एवं ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अमरसिंह रावत के साथ सौ से ज्यादा युवाओं व ग्रामीण भी बच्ची की तलाश में पुलिस के साथ जुट गए।

रातभर पुलिस व ग्रामीणों की टीम ने भीम कस्बे के साथ ही पाटिया, टोगी, काकरमोडा तक गहन तलाश की गई, मगर कोई पता नहीं चल सका। पुलिस ने सात किमी. की परिधि में घर घर दस्तक देकर बच्ची की तलाश के प्रयास सोमवार सुबह तक चलते रहे। तभी हाइवे 8 के पुलिया नीचे से एक संदिग्ध युवक बाहर निकला, जिसे लोगों ने घेर लिया। तभी पुलिस की टीम पहुंच गई और अजमेर जिले के खोडमाल, टॉडगढ निवासी हिम्मतसिंह पुत्र मकनसिंह रावत को गिरफ्तार कर उसके चंगुल से मासूम बालिका को मुक्त करवा दिया।

**मां ने पूर्व पति सहित दो के खिलाफ दी थी रिपोर्ट :-** बरतू से 5 साल की बच्ची के अपहरण को लेकर महिला ने उसके पूर्व पति प्रतापसिंह के बेटे कुशालसिंह और रविंद्रसिंह पर शक जताया। इस पर पुलिस ने महिला द्वारा जिन पर शक जताया, उन पर पहुंची, मगर बच्ची के बारे में पता नहीं चला। बाद में पुलिस ने दिनभर में बरतू में उस महिला के घर जो-जो भी लोग आए, उन्हें सूचीबद्ध करते हुए हर एक व्यक्ति की तलाश शुरू की, जिसमें हिम्मतसिंह रावत का नाम भी आया। पुलिस उसे रातभर तलाशती रही, मगर आरोपी का मोबाइल रात बारह बजे बंद हो गया और वह शराब के नशे में चूर होकर हाइवे आठ के पुलिया के नीचे बच्चे को लेकर गया, जहां सो गया था। सुबह पुलिस ने बच्ची को दस्तियाब कर परिजनों को सौंप दिया।

**बालिका के अपहरण के**



राजसमंद में पुलिस ने बालिका को अगवा करने के आरोपी को गिरफ्तार किया।

- ग्रामीणों की मदद से रातभर सौ से अधिक पुलिसकर्मी तलाशते रहे
- सुबह पुलिया के निचे मिली अपहरत बालिका व आरोपी युवक

**पीछे की कहानी :-** मासूम बालिका को दस्तियाब करने के साथ गिरफ्तार आरोपी हिम्मतसिंह रावत से पुलिस द्वारा गहन पूछताछ की गई, जिसमें कई चौंकाने वाले खुलासे भी हुए। पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने बताया कि बच्ची के नजदीकी रिश्तेदार महिला से उसके अवैध संबंध थे। इसीलिए वह उस महिला को भगा ले जाने के फिराक में था और इसीलिए उसने बच्ची का अपहरण कर उस महिला पर दबाव बनाने का प्रयास किया, लेकिन मामला पूरा उलट हो गया।

**गांव के युवा व ग्रामीणों का खूब सहयोग :-** एसपी सुधीर चौधरी ने बताया कि मासूम बच्ची के अपहरण की घटना के बाद पुलिस के साथ भीम के युवा व ग्रामीणों ने भी खूब सहयोग किया। सवा सौ से ज्यादा पुलिस अधिकारी व जवानों ने गहन तलाश की। इसमें गांव के सौ से ज्यादा ग्रामीण भी शामिल हुए। जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने भी ग्रामीणों की खूब प्रशंसा की।

# खेत में लहरा रही अफीम की खेती को नष्ट किया

## पुलिस को पदेवा गांव के खेतों में अफीम की अवैध खेती होने की सूचना मिली थी



जिला मुख्यालय के समीप पदेवा गांव में पुलिस ने अवैध रूप से की जा रही अफीम की खेती पकड़ी।

**करौली, (निसं)।** करौली सदर थाना पुलिस और मामचारी थाना पुलिस द्वारा की जा रही कार्यवाही से अवैध रूप से अफीम की खेती करने वाले ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। पुलिस को पदेवा गांव के खेतों में अफीम की अवैध खेती होने की सूचना मिली। जिस पर पुलिस उपाधीक्षक दीपक गर्ग के नेतृत्व में करौली सदर थाना पुलिस और मामचारी थाना पुलिस मौके पर पहुंची।

- करीब 1400 वर्ग फुट एरिया में ये पौधे लगाए हुए थे, जिन्हें उखाड़ कर जब्त किया

इस दौरान दो खेतों में अवैध रूप से अफीम की फसल लहराती नजर आई। पुलिस उपाधीक्षक दीपक गर्ग ने बताया कि सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और अवैध रूप से लगाए हुए अफीम की खेती को नष्ट किया है। उन्होंने बताया कि करीब 1400 वर्ग फुट एरिया में ये पौधे लगाए हुए थे। जिन्हें उखाड़ कर जब्त करने की कार्यवाही की गई है। उपाधीक्षक के अनुसार मामले में एक जने को हिरासत में लिया गया है। उन्होंने बताया कि आगामी कार्यवाही जारी है।

## विवाह समारोह में तलवारें चली

**अलवर, (निसं)।** अलवर शहर में रविवार देर रात को लग्न कार्यक्रम में शराबी ने जमकर उत्पात मचाया। मामला शहर के 200 फीट रोड पर जयराम नगर कॉलोनी का है। यहां रविवार रात नरेश के दो बेटों का लग्न कार्यक्रम हुआ था।

कार्यक्रम में अलवर के तूलेड़ा गांव के निवासी तरुण शराब के नशे में आया जो बहन-बेटियों से बदतमीजी करने लगा तो उसके साथ पड़ोसी विजय व अन्य युवकों की कहासुनी हो गई। फिर युवक तरुण वहां से चला गया और करीब 30 से 40 युवकों के साथ आया। तरुण और उसके साथियों के हाथ में तलवार, लाठी व फर्सी थे, आते ही वे मारपीट करने लगे। बगल में विजय के घर में तोड़फोड़ शुरू कर दी। जिसने युवक को टोका था। सबसे पहले बाहर खड़े टैंपो के शीशे तोड़ दिए।

# लड़के ने फांसी लगाई

- दोनों परिवारों की रजामंदी से विवाह हो गया था

**बीकानेर, (कासं)।** गंगाशहर में रहने वाले युवक ने जिस लड़की से प्यार किया। उसी से तीन दिन पहले विवाह कर लिया। सब कुछ ठीक चल रहा था कि अचानक लड़के ने फांसी लगा ली। अब तक जिस घर में मंगल गीत गूंज रहे थे, वहीं पर अब मातम पसर गया है। पुलिस भी समझ नहीं पा रही कि विवाह के तुरंत बाद ऐसा कदम क्यों उठाया।

गंगाशहर में रहने वाले सौरभ महात्मा (22) पुत्र सियाराम महात्मा ने तीन दिन पहले विवाह किया। वो उस लड़की से प्यार करता था। ऐसे में लव मैरिज को अरेंज मेरिज में तब्दील किया गया। दोनों परिवारों की रजामंदी से विवाह हो गया। विवाह के बाद पत्नी अपने मायके चली गई थी। सोमवार सुबह जब घर वालों ने सौरभ का कमरा बंद पाया तो खटखटाया। नहीं खोला तो कमरे का गेट तोड़ा गया। अंदर सौरभ पंखे से झूलता हुआ मिला। उसकी मौत हो चुकी थी। परिवार वाले अचंभित थे कि सौरभ ऐसा कदम कैसे उठा सकता है।

घटना की जानकारी गंगाशहर पुलिस को दी गई। थानाधिकारी नवनीत सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेजा गया, जहां से परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। शव के पास से कोई सुसाइड नोट पुलिस को नहीं मिला है। पुलिस जांच कर रही है कि आखिर ऐसा क्या हुआ होगा कि सौरभ ने खुशी के दिनों में इस तरह सुसाइड कर ली। सौरभ का घर सर्वसिद्धि नगर में है, जो नोखा रोड पर स्थित है। पड़ौसी भी इस घटनाक्रम को लेकर आश्चर्यचकित है।

## ट्रेक्टर चुराने वाले दो दबाचे

**राजसमंद, (निसं)।** कांकरोली पुलिस ने कार्यवाही करते हुए ट्रेक्टर चुराने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। कांकरोली थाना प्रभारी डीपी दाधीच ने बताया कि 18 फरवरी को मोही के किशनलाल पुत्र प्रभुलाल ने ट्रेक्टर चोरी होने की रिपोर्ट दी थी। पुलिस ने लाल मादडी बिचली पावटी थाना नाथद्वारा निवासी सोहनलाल पुत्र हीरालाल गमेती, लाल मादडी उपरली पावटी निवासी किशनलाल पुत्र जालम गमेती को गिरफ्तार किया। साथ ली पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर ट्रेक्टर मय ट्रोली बरामद किया।

# 12.90 क्विंटल डोडा-पोस्त पकड़ा

**जोधपुर, (कासं) ।** कमिश्नरेट की बनाड़ और डांगियावास पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी रोकथाम की कड़ी में बड़ी कार्यवाही को अंजाम देते हुए तीन लज्जरी गाड़ियों को पकड़ा है। गाड़ियों में भरा 12.90 क्विंटल अवैध डोडा पोस्त बरामद करने के साथ तस्करों के पास से अवैध पिस्टल, पांच जिंदा कारतूस भी बरामद किए गए है। अभियुक्तों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में केस बनाया गया है।

पुलिस उपायुक्त पूर्व डॉ. अमृता दुहन ने बताया कि मादक पदार्थों की तस्करी रोकथाम के लिए जिला पूर्व में विशेष तौर पर नाकाबंदी करवाई गई। एसीपी मंडोर राजेंद्र प्रसाद दिवाकर के सुपरविजन में गठित टीमों ने बनाड़ एवं डांगियावास में नाकाबंदी की। तब तीन संदिग्ध वाहनों को थानाधिकारी सीताराम खोजा, डांगियावास थानाधिकारी मनोज कुमार परिहार द्वारा रोक कर चेक किया तो उसमें भारी मात्रा में अवैध डोडा पोस्त भरा मिला। पुलिस ने तीन अलग अलग प्रकरण दर्ज किए है। डांगियावास थानाधिकारी मनोज कुमार ने पीथासनी के पास बाड़मेर जिले के धोरीमना निवासी स्वरूप पुत्र दौलाराम जाट को गिरफ्तार कर गाड़ी से 454 किलोग्राम डोडा पोस्त, एक देशी पिस्टल और पांच जिन्दा कारतूस को जब्त किया।

- तस्करों से दो अवैध पिस्टल, नौ कारतूस एवं तीन लज्जरी गाड़ियां बरामद

इसी तरह दूसरी कार्रवाई में बनाड़ थानाधिकारी सीताराम खोजा ने धोरा जाजीवाल- जाजीवाल जाखड़ा वाली मैन रोड पर की गई नाकेबंदी के समय तस्कर जाजीवाल धोरा निवासी रमेश पुत्र गिरधारीराम विश्नोई की पिकअप को रोक कर तलाशी ली तो उसमे 660 किलाग्राम डोडा पोस्त, देशी पिस्टल और 4 जिन्दा कारतूस जब्त किए। इसी तरह तीसरी कार्रवाई में जाजीवाल धोरा जाने वाली रोड पर ही नाकाबंदी के समय एक अन्य पिकअप को रोककर तलाशी ली। उसमें दो तस्कर रावर की ढाणी कापरड़ा निवासी श्रवण पुत्र पोकरराम विश्नोई और राजीव गांधी नगर निवासी बेरू निवासी भागीरथ पुत्र गोरखाराम विश्नोई को पकड़ा गया। गाड़ी में लादा गया 180 किलोग्राम अवैध डोडा पोस्त बरामद हुआ।

# दो अपराधियों से अवैध हथियार बरामद

**जोधपुर, (कासं)।** कमिश्नरेट की जिला पूर्व पुलिस द्वारा अवैध हथियारों के खिलाफ चलाई जा मुहिम की कड़ी में बड़ी सफलता हासिल कर दो अपराधियों को पकड़ा है। ये दोनों शौक मौज के लिए अवैध हथियार रखने के साथ सोशल मीडिया पर रूतबा दिखाते हैं। एक अभियुक्त के खिलाफ 15 प्रकरण गंभीर अपराधों के दर्ज है तो दूसरे के खिलाफ हत्या का केस भी है। वह चार साल से जमानत पर है। उम्मेद उद्यान के पीछे संदिग्ध घूमने पर इन्हें पकड़ा गया है। पास में काफी मात्रा में हथियार मिले है। इनके पास 4 पिस्टल, 8 मैगजीन, 7 कारतूस, एक पॉवर बाइक बरामद की गई है।

- पावर बाइक पर संदिग्ध घूम रहे थे
- 4 पिस्टल, 8 मैगजीन, 7 कारतूस, एक पॉवर बाइक बरामद

पुलिस आयुक्त रविदत गौड़ एवं डॉ. अमृता दुहन, पुलिस उपायुक्त पूर्व द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार व एडीसीपी पूर्व नाजिम अली एवं एसीपी देरावर सिंह के निकट सुपरविजन में उदयमंदिर थानाधिकारी लेखराज सिहाग के नेतृत्व में अपराधियों धरपकड़, आपराधिक गतिविधियों की रोकथान एवं लोकल स्पेशल एक्ट की कार्रवाई व अवैध हथियारों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना स्तर एक टीम गठित की गई। डीसीपी डॉ. अमृता दुहन ने बताया कि टीम ने उम्मेद उद्यान के पीछे की तरफ दिनेश उर्फ दिनशा व प्रखर सिंह उर्फ प्रखर को दस्तयाब कर उनके पास से बड़ी संख्या में हथियार पकड़े है। दोनों आले दर्जे के बदमाश व आदतन अपराधी है। मुल्जिम प्रखर सिंह उर्फ प्रखर के विरूद्ध पूर्व चोरी, नकबजनी, लूट, मारपीट, आर्म्स एक्ट के करीब 15 प्रकरण दर्ज है तथा मुल्जिम दिनेश उर्फ दिनशा मेघवाल वर्ष 2019 में हत्या के प्रकरण में जमानत पर है। आरोपी शौक मौज के लिए अपने पास पॉवर बाइक रखते है तथा सोशल मीडिया अपना रौब दिखाने व बदमाशी के लिए अवैध हथियार रखते है।

डीसीपी दुहन ने बताया कि मेघवालों का बास झालामंड निवासी दिनेश उर्फ दिनशा पुत्र भगवानराम मेघवाल एवं सोजती गेट स्थित तेज भवन सूरतसिंह की कोठी निवासी प्रखर सिंह उर्फ प्रखर पुत्र रविंद्र सिंह को पकड़ा गया है। आरोपियों से अब हथियारों के संबंध में गहन पूछताछ की जा रही है। पता लगाया जा रहा है कि हथियार कहां से और कब खरीद किए गए है।

## फर्जी दस्तावेज बना बेची जमीन

**श्रीगंगानगर, (कासं)।** सिटी पुलिस ने धोखाधड़ी व फर्जी दस्तावेज तैयार करने के मामले में पुलिस ने 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। मामले में पुलिस ने आरोपी राधाकृष्ण पुत्र शेराराम जाट निवासी चक 7 बीकेएम गुडली, हाल उप कारागृह के पीछे व जगदीश पुत्र सुरजाराम नायक निवासी अमरपुरा जाटान को उनके घर से गिरफ्तार किया है।

सीआई कृष्ण कुमार ने बताया कि दोनों को कोर्ट में पेश किया जाएगा। परिवादी रामनिवास पुत्र भागीरथ बिश्नोई निवासी मानकसर एफआईआर दर्ज करवाई थी।

# 6.40 ग्राम हेरोइन जब्त, एक गिरफ्तार

**अनूपगढ़, (निसं)।** क्षेत्र में युवा नशे की चपेट में आ रहे हैं। नशा बेचने वाले बेखौफ होकर नशा बेच रहे हैं। मगर पुलिस प्रशासन के द्वारा नशा बेचने वालों पर नकेल कसी जा रही है। अनूपगढ़ पुलिस थाने के एसआई इमरान खान और उनकी टीम ने देर शाम नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अनूपगढ़ के वार्ड नंबर 17 में स्थित गुरु नानक कॉलोनी के पास एक व्यक्ति को 6.40 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। इस दौरान मौके से एक बाइक को भी जप्त किया है।

प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी सुनील कुमार सोनी निवासी वार्ड नंबर 17 ने बताया कि वह यह हेरोइन गांव 6 पी के हरजीत सिंह उर्फ डॉक्टर से खरीद कर लाया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर मामले की जांच रावला थानाधिकारी को सौंप दी है। अनूपगढ़ पुलिस थाने के थानाधिकारी फूलचंद शर्मा ने बताया कि क्षेत्र में बढ़ रहे नशे के अवैध कारोबार पर रोक लगाने के लिए पुलिस प्रशासन के द्वारा विशेष गश्त की जा रही है। देर शाम थाने के एसआई इमरान खान और उनकी टीम के द्वारा वार्ड नंबर 17 में स्थित गुरु नानक कॉलोनी के पास गश्त के दौरान अवैध नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 6.40 ग्राम हेरोइन सहित एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

एसआई इमरान खान ने बताया कि जब अपनी टीम के साथ गुरुनानक कॉलोनी के पास गश्त कर रहे थे, तो एक व्यक्ति मोटरसाइकिल पर आते हुए दिखाई दिया। पुलिस टीम को देखकर वह व्यक्ति अपनी मोटरसाइकिल को घुमाने लगा, इस पर पुलिस को उस व्यक्ति पर शक हुआ। एसआई इमरान खान ने बताया कि युवक को रोककर जब उसका नाम पूछा गया तो वह घबरा गया और उसने अपना नाम सुनील कुमार (30) पुत्र श्यामलाल सोनी, निवासी वार्ड नंबर 17 बताया। पुलिस ने जब उसकी तलाशी ली तो उसके पास 6.40 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।

# पदमपुर पुलिस ने एफ.एस.एल. टीम को बुलाकर सबूत जुटाए

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** एक युवती का सिर कटा शव गंगनहर में बहते हुए पदमपुर थाना क्षेत्र तक पहुंच गया। पुलिस ने इस शव को सुबह किसानों की सूचना पर बरामद किया है। यह शव जूट के एक पशु आहार वाले थैले में पैक करके नहर में फेंका गया था। गर्दन को किसी तेज धार हथियार से काटा हुआ है। पुलिस ने इसे हत्या कर नहर में फेंकते हुए साक्ष्य मिटाने का मामला माना है। इस संबंध में मृतक युवती के पहने कपड़ों के आधार पर सूचना पंजाब तथा हरियाणा राज्य पुलिस को भिजवाकर मदद मांगी गई है। फिलहाल पदमपुर पुलिस ने इस शव को पहचान के लिए जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। अगले 72 घंटे तक इसकी पहचान करवाने के प्रयास किए जाएंगे।

पदमपुर एसएचओ रामकेश मीणा ने बताया कि सुबह करीब 10 बजे किसानों से फोन पर सूचना मिली कि 6 ईईए के निकट नहर में एक हरे रंग के जूट के थैले में युवती का शव पानी में बहकर आया है और नहर में फंसा हुआ है। इसकी सूचना पर तत्काल वे मौका पर पहुंचे और थैले को शव सहित बाहर निकलवाया। थैले को खोला गया तो इसमें करीब 25 साल की एक युवती जो शादीशुदा प्रतीत होती है, का गर्दन कटा शव बरामद हुआ। युवती के के पीले रंग की स्वेटर, नीले रंग की जिंस और क्रीम कलर की इनर पहनी हुई है। पैरों व हाथों की अंगुलियों में लाल रंग की नेल पैंट लगाई हुई है। जुराबें पहनी हुई थीं और बाएं पैर के काले रंग का धागा बंधा हुआ है। इससे अनुमान लगाया गया है कि यह शव किसी हिंदू लड़की का हो सकता है जो शादीशुदा है। उसके बदन पर कहीं टैटू या नाम आदि नहीं गुदा हुआ पाया गया है।

- गंगनहर में बहकर आया था युवती का सिर कटा शव

एसएचओ रामकेश मीणा ने बताया कि जिस थैले में शव को भरकर बांधा गया था, वह एक पशु आहार बनाने वाली कंपनी का है। हरे रंग के इस थैले पर अबोहर तहसील के पुरानी फाजिल्का रोड स्थित किसी बांसल इंडस्ट्रीज का नाम पता छपा हुआ है। इससे यह आशंका लग रही है कि युवती की हत्या कर अबोहर तहसील क्षेत्र से बीकानेर कैनाल में फेंका गया होगा। इसलिए पुलिस ने इस घटना के संबंध में सभी तरह की जानकारी को फाजिल्का जिला पुलिस तथा हरियाणा राज्य के राजस्थान के साथ लगते जिलों की पुलिस को ई मेल द्वारा बताया गया है। देर शाम तक इस संबंध में बाहर के किसी राज्य पुलिस ने अपने यहां गुमशुदगी या अपहरण का मुकदमा दर्ज होने की जानकारी पदमपुर पुलिस को नहीं दी थी।

जानकारी मिलते ही एएसपी रायसिंहनगर बनवारीलाल मीणा, कार्यवाहक सीओ श्रीकरणपुर विक्की नागपाल भी मौके पर पहुंच गए। एमओबी और एफएसएल टीम को मौके पर बुलाया गया और साक्ष्य जुटाए। इनको पदमपुर पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। प्रारंभिक तौर पर आशंका जताई गई है कि युवती की हत्या 16 और 17 फरवरी को की गई होगी। क्योंकि फाजिल्का व अबोहर क्षेत्र से बहकर यह शव अनुमानित दो दिन में पदमपुर तक पहुंचा होगा। यह भी आशंका जताई गई है कि अज्ञात हत्यारे ने गर्दन को भी नहर में ही बहाया होगा। हालांकि गर्दन को अभी बरामद नहीं किया गया है। शव की पहचान के बाद मुकदमा दर्ज कर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया होगी।

## सिलेंडर फटने से युवक झुलसा

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिले के करेडा कस्बे में किराये से रहने वाले यूपी के लोगों के कमरे में सिलेंडर से गैस रिसाव के बाद बल्ब जलाने पर आग लगने के साथ ही सिलेंडर भी फट गया। हादसे में युवक झुलस गया, जिसे एमजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

उत्तरप्रदेश के गोरखपुर जिला निवासी भीम ने बताया कि उसका भाई बिरजी (18) पुत्र लक्ष्मी दो और लोगों उमेश व छोटू के साथ मकानों में पुताई कार्य करता है। वह चार-पांच दिन पहले ही सूरत से कामकाज के लिए करेडा आये थे, जहां वे किराये के दो कमरे लेकर रहने लगे। एक कमरे में उनका सामान था, जबकि दूसरे में रसोई है। रात में ये लोग खाने के बाद मकान की छत पर जाकर सो गये।

सुबह बिरजु छत से उतर कर आया और रसोई में जाकर उसने बल्ब जलाया, तभी सिलेंडर से गैस रिसाव के चलते रसोई में आग लग गई। बिरजू की चीख सुनकर उसके साथी नीचे आये और उसे बाहर निकाला। उमेश का कहना है कि बाद में यह छोटा गैस सिलेंडर आग के चलते फट गया। मकान को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। उधर, झुलसे बिरजु को पहले करेडा व बाद में एमजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे भर्ती कर उपचार किया जा रहा है।

# जलवायु परिवर्तन के चलते इस बार बसंत का अहसास हुए बिना ही गर्मी बढ़ी

## मौसम वैज्ञानिकों ने जून-जुलाई में ज्यादा लू चलने, मानसून कमजोर रहने का अंदेशा जताया

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** जलवायु परिवर्तन के चलते इस बार बसंत का अहसास हुए बगैर ही गर्मी बढ़ रही है। इन दिनों तापमान सामान्य से लगभग पांच डिग्री अधिक रह रहा है। अधिकतम तापमान 32.6 डिग्री पहुंच गया। मौसम वैज्ञानिकों ने आगामी 20 से 25 दिनों के दौरान तापमान औसत से चार से पांच डिग्री अधिक रहने की आशंका व्यक्त की है। इससे फसलों पर भी प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार देश में नौ साल तक लगातार अच्छा मानसून रहने के बाद अब जलवायु परिवर्तन से इस साल हमारे यहां गर्मियों का मौसम शुष्क व बेहद गर्म रह सकता है। इस वर्ष जून जुलाई में ज्यादा लू चलने की भी आशंका रहेगी। साथ ही मानसून भी कमजोर रहने की आशंका रहेगी।

मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि जनवरी खत्म होते ही जिस तरह से बसंत का अहसास हुए बगैर मौसम में गर्मी बढ़ती जा रही है। इससे इस बार बारिश भी औसत से कम होने की आशंका बन रही है। मौसम में बाए बदलाव के कारण इन दिनों तापमान औसत से चार से पांच डिग्री अधिक है तथा आगामी 20 से 25 दिन ऐसी ही परिस्थिति बनी रहने की संभावना है। कृषि वैज्ञानिकों के अनुसार इन दिनों तापमान औसत से चार से पांच डिग्री अधिक है।

आगामी 20 से 25 दिन ऐसी ही परिस्थिति बनी रहती है तो फसलों पर इसका प्रतिकूल असर पड़ेगा। गेहूं, जौ व चना की फसलें निर्धारित समय से जल्दी पकाव की स्थिति में आएंगी। इससे फसलों का पकाव कमजोर रहेगा तथा क्वालिटी पर असर पड़ने के साथ ही उत्पादन भी घटेगा। वहीं, प्रोजेक्ट चेयरमैन हरविंद्रसिंह गिल ने बताया कि इस बार इन दिनों तापमान सामान्य से अधिक है। आगामी 20 से 25 दिनों में भी ऐसी ही स्थिति बनी रहने की आशंका है। इससे गेहूं जौ व चना की फसलें जल्दी पकाव की स्थिति में आएंगी तथा पकाव भी कमजोर रहेगा। क्वालिटी खराब होने के साथ ही उत्पादन पर भी प्रतिकूल असर पड़ेगा। अधिक तापमान से फसलों में नुकसान होता है तो सरकार को प्रस्तावित किसानों को मुआवजा देना चाहिए।

- मौसम वैज्ञानिकों ने आगामी 20 से 25 दिनों के दौरान तापमान औसत से चार से पांच डिग्री अधिक रहने की आशंका व्यक्त की है

इन दिनों तापमान सामान्य से अधिक है। इससे फसलों में सिंचाई पानी की मांग बढ़ी है। तापमान एक पखवाड़े तक ऐसा ही रहा तो गेहूं जौ व चना का पकाव कमजोर रहने व फसलें जल्दी पकाव की स्थिति में आने की आशंका रहेगी। इससे उत्पादन भी प्रभावित होगा। इस बार जलवायु परिवर्तन के कारण मौसम में बदलाव आया है तथा तापमान औसत से अधिक है। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 22 व 23 फरवरी को हालांकि तापमान में दो से तीन डिग्री की गिरावट आने की संभावना रहेगी, लेकिन इसके बाद 15 से 20 दिन फिर से तापमान औसत से अधिक रहने की संभावना है। श्रीगंगानगर क्षेत्र में अधिकतम तापमान 32.6 डिग्री पहुंच गया। वहीं, न्यूनतम तापमान भी 13 डिग्री तक पहुंच गया।

## संक्षिप्त

### रुक्क्षमणी कुमारी सदस्य बनी

**चौंमू/कालाडेरा,** (निसं)। ऑल इंडिया प्रोफेशनल कांग्रेस कि प्रदेश अध्यक्ष व चौमूं राजपरिवार की रुक्क्ष्मणी कुमारी को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी का सदस्य बनाया गया। यह पहला मौका है जब चौमूं विधानसभा से किसी को सदस्य बनाया गया। खबर मिलने के बाद लगातार समर्थक शुभकामनाऐं देने के लिए महिला नेत्री से मिल रहे हैं। रुक्क्ष्मणी कुमारी ने बताया कि यह उनके और विधानसभा के लिए गर्व का विषय है। आगे बताया कि इस खास जिम्मेदारी के लिए वो तैयार हैं और संगठन और पार्टी के लिए लगातार हर सम्भव कार्य करेंगी जिससे पार्टी को मजबूती मिल सके। इस खास मौके पर उन्होंने कांग्रेस के सभी शीर्ष नेतृत्वकर्ता को धन्यवाद ज्ञापित किया।

### 56 पव्वे जप्त किये

**निवाई,** (निसं)। दतवास पुलिस ने सोमवार को अवैध शराब व मादक पदार्थ की रोकथाम की कार्यवाही करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपनिरीक्षक रोडूराम ने बताया कि अवैध शराब व मादक पदार्थ की रोकथाम को लेकर पुलिस अधीक्षक राजर्षि राज, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भवानीसिंह एवं पुलिस वृताधिकारी संदीप सारस्वत के सुपर विजन में गांव दहलोद मोड से आरोपी दुर्गाशंकर पुत्र मालचन्द दरोगा निवासी सुनारा को गिरफ्तार किया है। उसके पास से अवैध देशी शराब 56 पव्वे बरामद किए है।

### सड़क हादसे में दो जने गंभीर घायल

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। निकटवर्ती हांसपुर की ढाणी पटवारियों वाली के पास एक सवारी गाड़ी व बाइक भिड़ंत में बाइक सवार पिता-पुत्र दो जने गंभीर घायल हो गए। जिन्हें निजी वाहन से सरकारी अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर अवस्था में रैफर कर दिया। जानकारी के अनुसार 48 वर्षीय जगदीश प्रसाद पुत्र मदनलाल जांगिड़ व उनका पुत्र 25 वर्षीय सुनील जांगिड निवासी पृथ्वीपुरा जो श्रीमाधोपुर से अपने गांव पृथ्वीपुरा जा रहे थे तभी शिवराम का बास की ओर से आ रही सवारी गाड़ी ने उसको टक्कर मार दी।

# बजट घोषणाओं को अमल में लाने के लिए योजना बनाएं: सोनी

**अलवर,** (निसं)। जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में महत्वपूर्ण विभागों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

जिला कलेक्टर ने अलवर जिले की बजट घोषणाओं के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि बजट घोषणाओं को धरातल पर अमल में लाने हेतु कार्य योजना बनाए। उन्होंने निर्देश दिये कि जिन नए कार्यालय खुलने की घोषणा हुई है उनके लिए आवश्यकतानुसार भूमि आवंटन के प्रस्ताव तैयार कर भिजवाए। उन्होंने सीएमएचओ को निर्देश दिये कि चिरंजीवी योजना के तहत रजिस्ट्रेशन के कार्यों को तीव्र गति से पूरा करावें।

साथ ही उन्होंने पीएमओ को निर्देश दिये कि सामान्य चिकित्सालय से महिला चिकित्सालय तक बनाए जाने वाले अंडरपास हेतु कार्ययोजना को तीव्र गति प्रदान करें। उन्होंने आरटीओ को निर्देश दिये कि बाल वाहिनियों की जांच निरन्तर जारी रखें। उन्होंने पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक को निर्देश दिये कि नन्दीशाला के कार्यों को शीघ्र पूर्ण करावे। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि अभियान उजास के तहत किए शेष आंगनबाडियों में विद्युत कनेक्शन शीघ्र करावे तथा क्षतिग्रस्त विद्युत पोलों को हटाए। साथ ही जल जीवन मिशन के तहत दिए जाने वाले शेष विधुत कनेक्शनों को जल्द जारी करें। उन्होंने जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियन्ता को निर्देश दिये कि गर्मी के मौसम को मद्देनजर रखते हुए शहर में पानी सप्लाई की व्यवस्था पुख्ता रखे। साथ ही नए बोरिंग कराए तथा तकनीकी रूप से खराब बोरिंग को दुरूस्त कराए। उन्होंने पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियन्ता को निर्देश दिये कि उमरैण स्टेडियम के निर्माण कार्य को गति प्रदान करे। उन्होंने नगर परिषद के अधिकारी को निर्देशित किया कि शहर की साफ-सफाई नियमित रूप से कराना सुनिश्चित करे। इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना के तहत हो रहे कार्यों की निरन्तर मॉनिटरिंग करते हुए कार्यों को तीव्र गति प्रदान कर पूर्ण करावे। साथ ही इंदिरा शहरी क्रेडिट कार्ड योजना के तय लक्ष्यों को हासिल करने हेतु तीव्रता से कार्य करे। उन्होंने सीडीईओ को निर्देशित किया कि शेष बिटिया गौरव डेस्क के कार्यों को पूरा करावे। उन्होंने डीओआईटी के अधिकारियों को निर्देश दिये कि ई-फाइलिंग के कार्य को तीव्र गति प्रदान करे।



अलवर जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने महत्वपूर्ण विभागों की समीक्षा बैठक ली।

### सीमाबाई गौशाला समिति का वार्षिकोत्सव

**खैरथल,** (निसं)। विख्यात शक्तिस्थल रैणागिरी आश्रम के महंत बालकदास महाराज ने गौसेवा को सर्वोपरी बताते हुए कहा कि हम सभी को मिलकर गौ संरक्षण में आगे आना होगा।

वे रविवार को स्थानीय सीमाबाई गौशाला समिति के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए बोल रहे थे।

भूडावाली में स्थित महंत सीमाबाई गौशाला समिति का रैणागिरी आश्रम के महंत बालकदास महाराज के सानिध्य में वार्षिकोत्सव और सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान अतिथियों और भामाशाहो का गौशाला समिति की ओर से फूल-मालाओं और स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत और सम्मान किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने गौशाला के वार्षिक उत्सव मनाए जाने पर संचालक किन्नर सीमा बाई की सराहना की।

अतिथियों और ग्रामीणों ने गौशाला में गौमाता के लिए चारे और नकद राशि देने की घोषणा की। भंडारे के आयोजन में हजारों की संख्या में पहुंचे गौ सेवकों ने प्रसादी ग्रहण की। संचालक किन्नर सीमा बाई एवं गौ सेवक जितेंद्र बैंसला ने बताया कि कार्यक्रम में महंत बालकदास महाराज एवं मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रामहेत सिंह यादव, नगर पालिका खैरथल के वाइस चेयरमैन वरुण डाटा,पार्षद विक्रम होंडा आदि ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

## सार-समाचार

### रविकाश फाइनेंसियल सर्विसेज ने अलवर में शाखा खोली



**जयपुर।** वित्तीय क्षेत्र की अग्रणी कंपनी रविकाश फाइनेंसियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड का विस्तार करते हुए सोमवार को कैपिटल गैलेरिया काम्प्लेक्स, मनु मार्किट, अलवर में नवीन शाखा का शुभारंभ किया गया। रविकाश के डायरेक्टर विकास ओझा और रवि ढींगरा ने फीता काटकर रविकाश की नई अलवर शाखा का उद्घाटन करते हुए फाइनेंस इंडस्ट्री में फिर से अपना परचम लहराया। रविकाश फाइनेंसियल की अलवर शाखा का नेतृत्व लोकेशन हेड की भूमिका में राहुल सिंह और क्लस्टर हेड की भूमिका में ऋचा पंवार करेंगे। विकास ओझा ने बताया कि रविकाश एक अग्रणी वित्तीय परामर्श फर्म है, जो एनबीएफसी और बैंकों के अधिकृत कॉर्पोरेट चैनल पार्टनर है। रविकाश अपने ग्राहकों को उत्तम वित्तीय विकल्प मुहैय्या करवाने के साथ साथ उन्हें उत्तम ग्राहक सेवा देने के लिये भी प्रतिबद्ध है। रवि ढींगरा ने बताया कि अभी राजस्थान के सभी मुख्य शहरों में रविकाश की शाखाएं संचालित हैं और चालू वित्तीय वर्ष की समाप्ति तक राजस्थान के अन्य जिलों में भी 6 नई शाखाएं खोली जाना प्रस्तावित है।

### तृतीय परिचय सम्मेलन आयोजित

**कोटपूतली,** (निसं)। सैनी विकास संगठन के तत्वावधान में सोमवार को सामूहिक विवाह समिति के तृतीय परिचय सम्मेलन का आयोजन हुआ। गौरतलब है कि सामूहिक विवाह समिति द्वारा आगामी 15 मार्च को तृतीय सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। वहीं समिति अध्यक्ष पप्पू बायलान ने कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए संरक्षक हजारी लाल सैनी सरुण्ड, संरक्षक रामचंद्र सैनी कोटपूतली, संरक्षक किशनलाल सैनी कोटपूतली, ब्लॉक अध्यक्ष दाताराम सैनी नारेहड़ा, ब्लॉक अध्यक्ष विजय सैनी, लाल सैनी राजनौता दादुका, ब्लॉक अध्यक्ष शिम्भू सैनी बड़ागांव कराना, ब्लॉक उपाध्यक्ष सुवालाल सैनी कराना, ब्लॉक अध्यक्ष रोहिताश कुमार सैनी रायकरणपुरा को नियुक्त किया गया।

### सांस्कृतिक प्रतियोगिता आयोजित

**कोटपूतली।** स्थानीय राजकीय एलबीएस पीजी महाविद्यालय में सांस्कृतिक समिति के तत्वावधान में नृत्य, गायन, नाटक फैंसी वेशभूषा आदि अनेक सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने बढ़-चढकर हिस्सा लेते हुए रंगारंग प्रस्तुतियां दी। प्राचार्य डॉ. उर्मिल महलावत ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि योग, खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों द्वारा मनुष्य को स्वस्थ तन, स्वस्थ मन व स्वस्थ जीवन की प्राप्ति होती है और इससे ही हमारा सर्वांगीण विकास होता है।

## जांगिड़ ब्राह्मण महासभा की बैठक

**मनोहरपुर,** (निसं)। सोमवार को त्रिवेणी धाम के श्री विश्वकर्मा मंदिर में अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा तहसील सभा शाहपुरा की मीटिंग तहसील सभा के अध्यक्ष राजेश सज्जन लाल जांगिड मनोहरपुर की अध्यक्षता एवं पूर्व तहसील अध्यक्ष शिवदयाल जाला एवं दामोदर पवार के मुख्य अतिथि के रूप में आयोजन हुआ।

जिसमें सर्वप्रथम विश्व विश्वकर्मा मंदिर के पुजारी सत्यनारायण जांगिड़ के स्वर्गवास पर उपस्थित समाज बंधुओं द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई इसके पश्चात तहसील के मुख्य सलाहकार लखन लाल नायन अमरचंद जाला वह उप तहसील अमरसर के अध्यक्ष बाबूलाल धानोता का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। तहसील सभा के मुख्य सलाहकार अमरचंद जाला ने प्रस्ताव रखा की तहसील सभा शाहपुरा की मीटिंग हर अमावस्या को एक बार होनी चाहिए जिससे समाज में एकता का स्वरूप पैदा होगा। इस पर सर्वसम्मति से आगामी बैठक मनोहरपुर में करने की उपस्थित सदस्यों द्वारा सहमति प्रकट की तहसील सभा के सलाहकार लखन लाल ने सुझाव रखा की तहसील सभा शाहपुरा में बोर्ड की परीक्षाओं के में जो भी व्यक्ति 80 परसेंट या इससे अधिक अंक लाताता है उसका तहसील सभा द्वारा सम्मान किया जाएगा।

मीटिंग में दामोदर पवार ने प्रस्ताव रखा की शाहपुरा तहसील के समाज बंधुओं का जनगणना शीघ्र करवाया जाए इस पर तहसील सभा के अध्यक्ष राजेश जांगिड़ राजेश सज्जन लाल जांगिड ने तहसील सभा शाहपुरा की जनगणना के लिए लखन लाल अमरचंद के सानिध्य में बाबूलाल धानोता उप तहसील अमरसर रमेश चंद्र तहसील मनोहरपुर मनोज नगर पालिका क्षेत्र शाहपुरा को जनगणना कार्य शीघ्र प्रारंभ करने की कमेटी गठित की।

## शीतलनाथ महाराज के मेले में जनसैलाब उमड़ा

**नारायणपुर,** (निसं)। ग्राम पंचायत मुण्डावरा में स्थित पर्यटक स्थल तालवृक्ष से तीन किलोमीटर दूर आस्था के प्रतीक शीतलनाथ महाराज के विशाल मेले में सोमवार को आस्था का जनसैलाब उमड़ा।

मेले के दौरान बतौर मुख्य अतिथि डॉ. रोहिताश शर्मा ने मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जाति से ऊपर उठकर विकास करने वाले को वोट दे। इस दौरान आसपास क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने डीजे पर नाचते-गाते हुए शीतलनाथ महाराज के ध्वजा चढ़ाई और श्रद्धालुओं ने शीतलनाथ महाराज के धोक देकर मन्नोती मांगी। सुबह 11 बजे से स्थानीय गायक कलाकार जयराम ठेकला के द्वारा नेहड़ा कार्यक्रम आयोजित किया गया। मेले में भण्डारे का आयोजन किया गया। जिसमे आसपास क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने पंगत प्रसादी ग्रहण की। मेले में लगाई गई दुकानों पर महिलाये अपने श्रंगार का सामान और बच्चे खिलोने खरीदते नजर आये। मेला मजिस्ट्रेट तहसीलदार ओमप्रकाश लखेरा कानून व्यवस्था के लिए दिनभर मेले में मौजूद रहे। वही मेले में शांति व्यवस्था के लिए स्थानीय पुलिस सहित लाइन का जाप्ता तैनात रहा। इस मौके पर कानपुरा सरपंच लोकेश रैया, मेला कमेटी रामनिवास जाट, जीएसएस अध्यक्ष मोती लाल जांगिड, रूडाराम गढ़वाल, मछंदर जाट, रामसिंह जाट, छोटूराम शेखावत, श्योराम रोलाण सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।



मुख्य अतिथि डॉ. रोहिताश शर्मा ने लोगों को संबोधित किया।


**कार्यालय नगर विकास प्रन्यास, उदयपुर ( राज. )**

No.:F-2(01)Acct/Contract/2022/351-353 Date: 20-02-2023

**ई-निविदा सूचना संख्या: 86/2022-23**

नगर विकास प्रन्यास, उदयपुर द्वारा निम्नलिखित कार्यो मय डिफेक्ट लाईबिलिटी अवधि के लिये जो कि निविदा प्रपत्र में अंकित है के लिये उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| निविदा कार्यों की कुल लागत | : | रूपये 156.41 लाख (08 कार्य) |
| ऑनलाईन निविदा प्रपत्र डाउनलोड/अपलोड करने की अवधि | : | 21-02-2023 को प्रात: 10.00 बजे से 02-03-2023 को सांय 6.00 बजे तक |
| Online EMD Tender Fee & Processing Fee जमा कराने की तिथी | : | 21-02-2023 को प्रात: 10.00 बजे से 02-03-2023 को सांय 6.00 बजे तक |
| ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथी | : | 03-03-2023 को प्रात: 11.00 बजे |

विस्तृत विवरण वेबसाईट urban.rajasthan.gov.in/uitudaipur, www.eproc.rajasthan.gov.in व www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

UBN: ITU2223WSOB00773, ITU2223WSOB00774, ITU2223WSOB00775, ITU2223WSOB00776, ITU2223WSOB00778, ITU2223WSOB00779, ITU2223WSOB00780, ITU2223WSOB00781

अधिशाषी अभियन्ता- प्रथम,
नगर विकास प्रन्यास, उदयपुर


# विधायक चौधरी ने कार्यकर्ता के निधन के बाद 11 लाख रुपये का भात भरा

**मालपुरा,** (निसं)। क्षेत्रिय विधायक कन्हैयालाल चौधरी के साथ कंधे से कंधा मिला पार्टी व संगठनहित में कार्य करते हुए कार्यकर्ता राजनारायण पारीक निवासी मैहरू के आकस्मिक निधन के बाद विधायक ने कार्यकर्ताओं के प्रति विषम परिस्थितियों में साथ खड़े रहने का फर्ज निभाया और बेटी के विवाह का सम्पूर्ण खर्च वहन करते हुए सोमवार को 11 लाख रूपये से धर्म की बहिन का भात (मायरा) भरा।

भाजपा मंडल अध्यक्ष त्रिलोक चन्द जैन व नरेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि टोडारायसिंह पंचायत समिति के उपप्रधान राजनारायण पारीक ने पूर्ण निष्ठा के साथ विधायक कन्हैयालाल चौधरी की साथ पार्टी व संगठनहित में जीवनभर निस्वार्थ भाव से कार्य किया। दो साल पूर्व हुए सहाड़ा विधानसभा उपचुनाव में विधायक के साथ संगठनहित में कार्य करते हुए राजनारायण पारीक का आकस्मिक निधन होने पर विधायक ने उसी ही दिन मृतक की पत्नी को अपनी धर्म बहन का दर्जा दे इकलोती बेटी मानसी पारीक को बेटी बना उच्च शिक्षा ग्रहण करवाये जाने के साथ-साथ व पिता का फर्ज निभा उसकी शादी करवाये जाने का संकल्प लिया था। जिसे पूरा करते हुए विधायक ने अपनी धर्मपत्नी राधा देवी सहित पूरे परिवार के साथ सोमवार को शहर के गार्डन में धर्म की बहिन को चुंदडी ओढा 11 लाख रूपयो से मायरा भरने की रस्म पूरी की।

इस दौरान विधायक व परिजनों के साथ मौजूद भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी 1 लाख 71 हजार रूपयों की राशि कन्यादान स्वरूप मायरे की थाली में डाली गई। विधायक व उनके परिवार के साथ-साथ शादी समारोह मे पहुंचे राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ के विभाग प्रचारक विनायक सहित भाजपा के निष्ठावान कार्यकर्ताओं का धर्म की बहिन ने तिलक लगा स्वागत किया।



विधायक कन्हैयालाल चौधरी ने धर्मपत्नी राधा देवी के साथ धर्म की बहिन को 11 लाख का भात भरा।

- विधानसभा उपचुनाव में विधायक के साथ संगठनहित में कार्य करते हुए राजनारायण पारीक का आकस्मिक निधन हो गया था
- पारीक के निधन होने पर विधायक ने उसी ही दिन मृतक की पत्नी को अपनी धर्म बहन का दर्जा दे इकलोती बेटी मानसी को बेटी बनाया था

## दिनदहाड़े चोरी की, एक आरोपी गिरफ्तार

**निवाई,** (निसं)। पीपलू में बगडी रोड पर सोमवार दोपहर एक मकान के अंदर 3 चोर घुसे और अलमारी, बक्से में रखे सामानों को खंगालते हुए सोने-चांदी के जेवरात सहित नकदी चुरा ले गए।

घटना के समय पीडित भंवरलाल माली बाडे में पशुओं को चारा पानी डालने गया हुआ था व उसकी पत्नी खेत पर तथा पुत्र मकान की छत पर बने कमरें में पढाई कर रहा था। चंद्रमोहन को आहट हुई तो वह नीचे आया। जिस पर वहां माता-पिता की जगह एक अज्ञात व्यक्ति कमरें में दिखा तथा आलामारी खुली दिखी। इस पर उसने शोर मचाया तो दूसरे कमरें में मौजूद दो चोर बाहर की तरफ भाग गए। इस दौरान एक चोर बाहर मोटरसाइकिल स्टार्ट करके खडा हो गया। वहीं एक ने देखा कि उसके एक साथी को पकड लिया तो वह वापस अंदर आकर उसे छुडाने का प्रयास करने लगा। हालांकि इस दौरान जिसको पकडा वो तो भागने में सफल हो गया तथा जो छुडाने आया वो पकड में आ गया। चोर को परिजनों ने पुलिस के हवाले किया हैं। पीडित भंवरलाल ने बताया कि चोर ने आलामारी से सोने की अंगूठी, दो चांदी की अंगूठी, 10 हजार रुपए की नकदी चोरी कर ले गए।

## छात्राओं को सफलता के टिप्स दिए

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। कस्बे के गांव महरौली में महिला अधिकारिता विभाग श्रीमाधोपुर द्वारा मन की बात संवाद कार्यक्रम का आयोजन सरपंच बिमला देवी की अध्यक्षता में हुआ। मुख्य अतिथि इंटरनेशनल गोल्ड मेडलिस्ट पैरा प्लेयर निशा कंवर थी। निशा कंवर ने बालिकाओं को कहा कि वे पढाई के साथ- साथ खेलों में भी रुचि रखें। खेलों को केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं रखे। वर्तमान समय में खेलों में करियर बनाने के बेहतर विकल्प है। ब्लॉक प्रभारी रीना चाहर ने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं और बालिकाओं के सामने डे टू डे लाइफ में आने वाली समस्याओं से रूबरू होने और उनके सपनों को पंख लगाने हेतु प्रेरणा के लिए संवाद रखा गया है।


**बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda**

अरावली विहार शाखा, 2/2, अरावली विहार काला कुंआ अलवर, राजस्थान 301001, फोन नं.: 0144-2360954
ई-मेल: aravih@bankofbaroda.com

प्रतिभूतिहित ( प्रवर्तन ) नियम, 2002, परिशिष्ट IV [नियम 8( 1 ) देखें]

**कब्जा सूचना ( अचल सम्पत्ति के लिए )**

जबकि

निम्नहस्ताक्षरकर्ता **बैंक ऑफ बड़ौदा** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 ( 2002 का अधिनियम संख्यांक 54 ) के अंतर्गत और धारा 13( 12 ) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में, प्रतिभूतिहित ( प्रवर्तन ) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित, ऋणी **श्रीमती सुनीता प्रजापत पत्नी श्री नरेन्द्र कुमार प्रजापत एवं श्री नरेन्द्र कुमार प्रजापत पुत्र श्री गोकुल चंद प्रजापत** पर **मांग सूचना दिनांक 29.11.2022** पर उस सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर **दिनांक 28.11.2022 को बकाया राशि रू. 11,10,503/- ( रूपये ग्यारह लाख दस हजार पांच सौ तीन मात्र ) एवं इससे आगे का ब्याज व अन्य खर्चे व लागतों** का पुनर्भुगतान करने के लिए मांग सूचना जारी की गई।

ऋणी द्वारा राशि का पुनर्भुगतान करने में असफल होने पर एतद्वारा सूचना ऋणी और आम जनता को दी जाती है कि निम्नहस्ताक्षरकर्ता ने **दिनांक 15, माह फरवरी, वर्ष 2023** को उक्त अधिनियम की धारा 13( 4 ) के अंतर्गत, उक्त अधिनियम की उपधारा 8 के साथ पठित उस पर प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्ति को कब्जे में ले लिया है।

ऋणी को विशेष एवं आम जनता को एतद्वारा सम्पत्ति के साथ कोई संव्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ किया गया कोई भी संव्यवहार **दिनांक 28.11.2022 को बकाया राशि रू. 11,10,503/- ( रूपये ग्यारह लाख दस हजार पांच सौ तीन मात्र ) एवं इससे आगे का ब्याज व अन्य खर्चे व लागतों** का पुनर्भुगतान करने के लिए **बैंक ऑफ बड़ौदा, अरावली विहार शाखा, 2/2, अरावली विहार काला कुंआ, अलवर, राजस्थान 301001** के प्रभार के अधीन होगा।

कर्जदार का ध्यान, प्रतिभूत आस्तियों को छुडाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13( 8 ) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।

**अचल सम्पत्ति का वर्णन**

सम्पत्ति के सभी अभिन्न अंग गठित होते हैं जो कि श्रीमती सुनीता प्रजापत पत्नी श्री नरेन्द्र कुमार प्रजापत के नाम साम्यिक बंधक आवासीय अपार्टमेन्ट नं. डी-203 जो टॉवर डी, द्वितीय तल, 2 बीएचके टाईप, वीरा गार्डन, अम्बेडकर नगर, अलवर, राजस्थान 301001 पर स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 1250 वर्ग फीट है। सीमाएं- उत्तर: रोड 30' चौड़ी, दक्षिण: रोड 80' चौड़ी एवं ग्रुप हाउसिंग बिल्डिंग सेंन्ट्रल एक्साइज, पूर्व: रोड 30' चौड़ी, पश्चिम: रोड 60' चौड़ी

स्थान: अलवर
दिनांक: 15.02.2023

हस्ता.
प्राधिकृत अधिकारी


### श्याम मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह जारी

**बोराज,** (निसं)। कस्बे में श्याम सखा प्रेम मंडल के तत्वावधान में आयोजित पंच दिवसीय श्याम मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह में तीसरे दिन सोमवार को आचार्य पंडित कृष्ण अवतार शास्त्री के सानिध्य में मूर्तियों को फलादिवास एवं पुष्पादिवास कराया गया।

पंडित राजेंद्र दाधिच द्वारा वेद मंत्रों के साथ 7 हवन यज्ञ कुंडों में 21 जोड़ों से लाखों आहुतियां दिलवाई गई। इस मौके पर वह गौसाला संत बाल बास महाराज के आगमन पर मंडल की ओर से उनका सम्मान किया गया। मंडल अध्यक्ष शंकर सिंह शेखावत ने बताया कि बुधवार प्रात: विभिन्न पीठों के संतों की उपस्थिति में मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा होगी। इस अवसर पर मुख्य यजमान भागचन्द अग्रवाल, गौशाला अध्यक्ष प्रेमचंद टेलर, हीरा लाल जाखड़ , प्रेमशंकर शर्मा ,नाथू प्रजापत, आत्मा राम प्रजापत, बन्सी भाखर,मनीष, नितिन परिहार, भागचन्द साँखला, किशन सिंह भाटी सहित सैकड़ों भक्त गण उपस्थित रहे।

# 'चार हजार पट्टों का लक्ष्य पूरा किया'

**निवाई,** (निसं)। स्थानीय नगरपालिका में सोमवार को नगरपालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी द्वारा 101 लोगों को पट्टे वितरित करके मालिकाना हक दिया गया।

पालिकाध्यक्ष दिलीप इसरानी ने बताया कि नगरपालिका द्वारा शहर के हजारों लोगों को मालिकाना हक देने के साथ शहर के विकास में अग्रीण रही है। उन्होंने बताया कि शहर में स्थित सभी वार्डो में करोडों रूपयों की लागत से पार्को व सडकों सहित कई विकास कार्य किए जाएगें। जिसका शहरवासियों को पूर्ण लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि अब तक 4 हजार पट्टों का लक्ष्य पूरा किया है। इसके लिए शहर के सभी वार्डो में घर-घर सर्वे करवाया जाकर लोगों से पटटे बनवाने के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने मकान अथवा भूखण्ड का मालिकाना हक मिले। उन्होंने आ ान करते हुए कहा कि नगरपालिका के सभी वार्डो के लोग पट्टे बनवाएं। अधिशाषी अधिकारी महिमा डांगी ने बताया कि सोमवार को 101 लोगों को पट्टे वितरित करके लांभवित किया गया है। उन्होंने बताया कि पटटे वितरण अभियान को लेकर आगामी 25 मार्च तक सभी पत्रावालियां का निस्तारण कर दिया जाएगा।

इस अवसर पर पार्षद दयाराम चौधरी, नितिन छाबडा, महेंद्र जैन, कमलेश किराड, राजू मलावत, मौला सैन, रोडूमल सैनी, हनुमान गुर्जर, लक्ष्मीनारायण सैनी, अनिल शर्मा, अनिल तंबोली, करणसिंह राजावत, अल्लारखा, मोहम्मद अजरूददीन, इमरान खान एवं बाबू सैनी सहित कई पार्षद एवं कर्मचारी मौजूद थे।



निवाई नगरपालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी ने 101 लोगों को पट्टे वितरित किये।

### मुख्यमंत्री को पत्र लिखा

**चौंमू/कालाडेरा,** (निसं)। राजस्थान पेंशन मंच शाखा चौमूं के अध्यक्ष राधेश्याम यादव ने बताया कि राजस्थान के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर ट्रेजरी व सब ट्रेजरी कार्यालयों को यथावत रखने की मांग की है।

राजस्थान सरकार द्वारा इसी बजट सत्र में अकाउंटिंग सिस्टम में बदलाव करने के लिए विधेयक लाने जा रही है। इस बिल के पारित होते ही सभी ट्रेजरी व सब ट्रेजरी कार्यालय बंद कर दिए जाएंगे तथा इनकी जगह सिंगल ई-ट्रेजरी (केंद्रीकृत-व्यवस्था) काम करेगी। वर्तमान में हर जिले में ट्रेजरी व तहसील स्तर पर सब ट्रेजरी कार्यालय है। इसमें 3 हजार से ज्यादा अफसर, कर्मचारी तथा 8.5 लाख कर्मचारियों की हर माह 4.82 लाख रुपए पेंशन और 93 लाख सामाजिक सुरक्षा पेंशन का भुगतान होता है। केंद्रीकृत-व्यवस्था पर पूर्व में भी सीएजी ने रोक लगा दी थी और कहा था कि यह सिस्टम डी.पी.सी. एक्ट 1971 के प्रावधानों के खिलाफ है।


**कार्यालय**
**ग्रामोदय सामाजिक संस्थान 29 देव नगर, सुरज कुण्ड रोड चाकसू जिला जयपुर**

ग्रामोदय सामाजिक संस्थान द्वारा जैसलमेर जिले की जेमला ग्राम पंचायत में निम्न कार्यों के लिए दरे आमंत्रित की जाती है। ईच्छुक व्यक्ति/फर्म अपनी दरें उक्त पते पर भिजवा सकते है।

| कार्य का प्रकार | अन्तिम तिथी |
|---|---|
| तार जाली की फेन्सिंग पत्थर के गड्डू पर | 25 फरवरी 2023 |
| वृक्षारोपण हेतु पौधे | 25 फरवरी 2023 |
| वृक्षारोपण हेतु मजदूरी | 25 फरवरी 2023 |
| पाधौ को पानी पीलाने के लिए मीठे पानी से भरे टेक्टर टेंकर | 25 फरवरी 2023 |
| तालाब खदाई हेतु JCB किराये पर | 25 फरवरी 2023 |

**कार्यालय**
**ग्रामोदय सामाजिक संस्थान 29 देव नगर, सुरज कुण्ड रोड चाकसू जिला जयपुर**

ग्रामोदय सामाजिक संस्थान द्वारा तेलंगाना के मलकाजगिरी एवं नाचाराम जिले मे निम्न कार्यों के लिए दरे आमंत्रित की जाती है। ईच्छुक व्यक्ति/फर्म अपनी दरें उक्त पते पर भिजवा सकते है।

| कार्य का प्रकार | अन्तिम तिथी |
|---|---|
| शौचालयों की मरम्मत, एल्युमुंनियम शीट के दरवाजे एवं सेनेटरी फिटिंग का कार्य | 28 फरवरी 2023 |
| नये शोचालय का निर्माण | 28 फरवरी 2023 |
| तालाब खदाई हेतु JCB किराये पर | 28 फरवरी 2023 |

**कार्यालय**
**ग्रामोदय सामाजिक संस्थान 29 देव नगर, सुरज कुण्ड रोड चाकसू जिला जयपुर**

ग्रामोदय सामाजिक संस्थान द्वारा अलवर जिले की ग्राम पंचायतों में निम्न कार्यों के लिए दरे आमंत्रित की जाती है। ईच्छुक व्यक्ति/फर्म अपनी दरें उक्त पते पर भिजवा सकते है।

| कार्य का प्रकार | अन्तिम तिथी |
|---|---|
| तार जाली की फेन्सिंग पत्थर/सीमेंट के गड्डू पर | 25 फरवरी 2023 |
| वृक्षारोपण हेतु पौधे | 25 फरवरी 2023 |
| वृक्षारोपण हेतु मजदूरी | 25 फरवरी 2023 |
| पाधौ को पानी पीलाने के लिए मीठे पानी से भरे टेक्टर टेंकर | 25 फरवरी 2023 |
| तालाब खदाई हेतु JCB किराये पर एवं निर्माण सामग्री एवं मजदूरी | 25 फरवरी 2023 |

## संक्षिप्त

### 30 महिलाओं को सिलाई मशीनें दी

**नरैना, (निसं)।** सोमवार को कस्बा नरैना में रूडसेट संस्थान के द्वारा राजीविका के सहयोग से सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन में महिलाओं को सिलाई मशीनें दी गई एवं प्रमाण पत्र दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रूडसेट के निदेशक अजय कुमार मीणा राजीविका के ब्लाक प्रभारी विनोद यादव एवं सुरेश कुमार थे। सुरेश कुमार ने बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 35 स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने भाग लिया था और सिलाई सिखी सोमवार को प्रशिक्षण के समापन पर सभी 35 महिलाओं को प्रमाण पत्र दिया गया तथा 30 महिलाओं को सिलाई मशीन दी गई।कार्यक्रम के अंत मे प्रशिक्षण के प्रभारी योगेश पारीक ने सभी को धन्यवाद दिया।

### दो पक्षों में हुए विवाद में तीन जने घायल

**मालपुरा, (निसं)।** लाम्बाहरिसिंह थाना क्षेत्र के बाघपुरा गांव में सोमवार को मामूली कहासुनी को लेकर हुए विवाद में तीन जने घायल हो गये। लाम्बाहरिसिंह निवासी राजूलाल माली व बाघपुरा निवासी सांवर मल गुर्जर के बीच सोमवार की दोपहर को डेयरी की मशीन को लेकर हुए विवाद में हुई मामूली कहासुनी खूनी संघर्ष में बदल गई। आपसी मारपीट में राजूलाल माली, राकेश व कुलदीप घायल हो गया जिसे लाम्बाहरिसिंह अस्पताल मे उपचार के लिए भर्ति करवाया गया।

### न्यायिक कार्य स्थगित किया

**मालपुरा, (निसं)।** बीते दिन जोधपुर में सरेआम अधिवक्ता जुगराज सिंह चौहान की कि गई हत्या के विरोध में राजस्थान बार काउंसिल के निर्णयानुसार सोमवार को मालपुरा बार के अभिभाषकों ने न्यायिक कार्य स्थगित कर जोधपुर घटना क्रम की कड़े शब्दों में निन्दा करते हुए कार्यवाहक एसडीएम सहदेव मंडा को ज्ञापन सौंपा। मुख्यमंत्री के नाम सौंपे गये ज्ञापन में हत्यारों की जल्द गिरफ्तारी व पीड़ित परिवार को 50 हजार रूपये की आर्थिक सहायता एवं परिवार के सदस्य को सरकारी नौकरी दिये जाने सहित एडवोकेट प्रोटेक्शन बिल को विधानसभा मे पास करने की मांग की।

### अवैध शराब बेचते दो जने गिरफ्तार

**फागी, (निसं)।** फागी थाना पुलिस ने दो अलग अलग जगह कार्यवाही करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी भंवर लाल वैशणव ने बताया कि पुलिस ने ग्राम घटियाली से नन्द सिंह पुत्र छीतर सिंह राजपूत निवासी घटियाली को देशी शराब के 48 पव्वों के साथ तथा फागी कस्बे के माधोराजपुरा रोड पर एल एन टी चौराहे से प्रहलाद पुत्र गोपाल सांसी निवासी पीपला को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 55 पव्वे देशी शराब के जब्त किये हैं।

### भूगोल परिषद का गठन

**राजगढ़, (निसं)।** राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. राव सज्जन सिंह की अध्यक्षता में भूगोल परिषद का गठन किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. एसडी मीणा ने बताया कि वर्ष भर चलने वाली गतिविधियों को लेकर परिषद का गठन किया गया। इस अवसर स्नातकोत्तर उत्तरार्ध एवं पूर्वार्ध. के छात्रों में से परिषद का गठन किया गया। इसमें प्रिया शर्मा अध्यक्ष, कीर्ति पाराशर उपाध्यक्ष, टेक राम प्रजापत महासचिव, प्रिंस कुमार सिंह सचिव एवं सुनील कुमार कोषाध्यक्ष मनोनीत हुए। कन्हैया लाल मीणा एवं चिरंजी लाल रेगर को कार्यकारिण प्रमुख चुना गया।

### अभिभाषक संघ ने कार्य स्थगन रखा

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** जोधपुर में वकील जुगराजसिंह चौहान की नृंशस हत्या के विरोध में अभिभाषक संघ श्रीमाधोपुर ने सोमवार को कार्य स्थगन रखा तथा 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की । इसी प्रकार नीमकाथाना के वकील यशपाल की हत्या करने के प्रयास की कडे शब्दों में निंदा की, साथ ही एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को अविलंब लागू करने की मांग की।

### दो स्थायी वारंटी गिरफ्तार

**फागी, (निसं)।** थाना पुलिस ने सोमवार को स्थायी वारन्टियों पर विषेश अभियान के तहत कार्यवाही करते हुए एक साल से फरार चल रहे स्थायी वारन्टी अमरचन्द पुत्र रामकरण बैरवा निवासी रहलाणा दूदू एवं नवाब अलि पुत्र साबूद्दीन निवासी देवनगर कॉलोनी फागी को गिरफ्तार किया।

# अधिवक्ता जुगराज चौहान की हत्या के विरोध में प्रदर्शन किया

**टोंक, (निसं)।** जिला अभिभाषक संघ के अधिवक्ताओं ने अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम एवं जोधपुर में हुई अधिवक्ता जुगराज चौहान की हत्या के विरोध में सोमवार को जिला अभिभाषक संघ टोंक के अध्यक्ष अक्षय बैरवा की अगुवाई में जिला कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया।

वहीं जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देने पहुंचे, इसी दौरान ही

■ ज्ञापन लेने के लिए अधिकारी मौजूद नहीं होने पर जाम लगाया



अधिवक्ताओं ने कलेक्ट्रेट के बाहर सड़क पर जाम लगाकर जिला कलेक्टर के खिलाफ नारेबाजी की।

तहसीलदार रामधन गुर्जर भी वहां पहुंचे, जिन्होंने एक घण्टे तक इंतजार करने की बात कही तो वकील भड़क उठे। जिन्होंने जिला कलेक्ट्रेट के बाहर सड़क पर जाम लगाकर जिला कलेक्टर के खिलाफ नारेबाजी की। गुस्साए वकीलों से वृत्ताधिकारी टोंक सलेह मोहम्मद ने समझाईश की, लेकिन वकील टस से मस नहीं हुए तो वीसी से एडीएम शिवचरण बाहर आए जिन्होंने ज्ञापन लिया।

जिला अभिभाषक संघ टोंक के अध्यक्ष अक्षय बैरवा की अगुवाई में सोमवार को सचिव मनोज गुप्ता, उपाध्यक्ष हनुमान जांगिड, कोषाध्यक्ष बेनी प्रसाद गुर्जर, अभिषेक शर्मा, चन्द्रप्रकाश श्रीवास्तव, सलीम नकवी, विक्रम जैन, अशोक कासलीवाल, रामकिशोर, रामवतार सोनी, दीपक शर्मा, राजेश गुर्जर, हिम्मत सिंह शक्तावत, महावीर वैष्णव, आशीष पाल, जितेन्द्र जैन, प्रकाश जैन, रामप्रसाद बनेडिया, मोहित शर्मा, निखिल गुप्ता आदि ने जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देने जिला कलक्ट्रेट पहुंचे, लेकिन वहां कोई ज्ञापन लेने के लिए अधिकारी मौजूद नहीं था। बाद में तहसीलदार रामधन गुर्जर वहां पहुंचे, लेकिन कलेक्टर या एडीएम को ही ज्ञापन देने की वकीलों ने मांग की तो तहसीलदार ने एक घण्टे तक इंतजार करने को कहा, जिससे वकील नाराज हो गए, जिन्होंने कलेक्ट्रेट के बाहर धरना-प्रदर्शन कर जाम लगा दिया, जिससे करीबन आधा घण्टे तक यातायात बाधित हो गया। बाद में एडीएम शिवचरण मीना वहां पहुंचे, जिनको वकीलों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया, वहीं तहसीलदार रामधन गुर्जर के रवैये को लेकर नाराजगी व्यक्त की। अभिभाषक संघ ने बताया कि 18 फरवरी को राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर में प्रैक्टिस कर रहे अधिवक्ता जुगराज चौहान की दिनदहाडे कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा हत्या किए जाने एवं गंगानगर में बलविंदर सिंह पूनिया, टोंक में राजकुमार मीणा से मारपीट किए जाने के मामले में दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाई की मांग की। साथ ही अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम को शीघ्र लागू किए जाने की मांग की है।

अभिभाषक संघ के अध्यक्ष अक्षय बैरवा ने बताया कि जब तक राजस्थान सरकार द्वारा अधिवक्ता सरंक्षण अधिनियम लागू नहीं किया जाता है, तब तक जिला अभिभाषक संघ टोंक द्वारा प्रत्येक बुधवार को न्यायिक कार्य स्थगित रहेगा।

## भजनों के साथ फूलों की होली खेली

**पावटा, (निसं)।** श्याम भक्तों द्वारा रविवार को कस्बे के छतरी वाले हनुमान मन्दिर के सामने फाग महोत्सव का आयोजन किया गया। फाग महोत्सव का शुभारंभ भौमिया बाबा मन्दिर के सन्त सेवादास महाराज एवं मनु महाराज रानी सती दादी ने बाबा श्याम के दरबार में ज्योत जलाकर किया।

इस दौरान श्याम भक्तों द्वारा बाबा श्याम का आकर्षक दरबार सजाया गया। पूरे दिन बाबा के भक्त भजनों की रसगंगा में डूबते हुए आनन्द से नाचते गाते रहे और फूलों की होली खेली। आयोजक सुभाष गोयल एवं राहुल गोयल ने जानकारी देते हुए बताया कि फाग महोत्सव में विजय भार्गव माधोगढ, कमलेश कुमावत खेतडी, हरिकिशन शर्मा जयपुर, संजय जांगिड नारनौल, दाताराम कोटपूतली, हर्ष गोयल पावटा सहित अनेक कलाकारों ने बाबा श्याम के मीठे-मीठे भजनों के साथ दर्शकों को नाचने पर मजबूर कर दिया।

## शोभायात्रा व भजन कार्यक्रम 24 को

**मनोहरपुर, (निसं)।** श्री श्याम मित्र मण्डल मनोहरपुर की बैठक का आयोजन कस्बे में हुआ जिसमें 31 वीं विशाल शोभायात्रा व भजन अमृत गंगा का आयोजन 24 फरवरी को करने का निर्णय लिया गया इसी के साथ मे 31 वीं विशाल शोभायात्रा गंगा विहार कॉलोनी बस स्टेण्ड से गाँधी चोक मनोहरपुर तक निकालने व भजन संध्या रात 8 बजे से प्रभु इच्छा तक का निर्णय लिया गया हैं।

## महाविद्यालय में फेयरवेल पार्टी आयोजित

**खैरथल, (निसं)।** स्थानीय महर्षि परशुराम महिला महाविद्यालय में फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया।

संस्था निदेशक संजय खंडेलवाल ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रिचा गुप्ता व अध्यक्ष साधना संगम रही। अतिथियों द्वारा वार्षिक शैक्षिणक सत्र की प्रतियोगिता में भाग लेने वाली छात्राओं को प्रमाण-पत्र व प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया।

प्राचार्य डॉ. राजेश यादव ने छात्राओं को अपना राल मॉडल (आदर्श) आर ए एस,आई पी एस को मानकर तैयारी कर जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

मंच संचालन रश्मि यादव व सुमन यादव ने किया तथा पायल, रिया, सीमा, नरेन्द्र ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में सहयोग प्रदान किया समस्त स्टाफ अरुण अरोड़ा, . यतीन्द्र शर्मा, गोरधन आदि उपस्थित रहे।, छात्राओं ने घूमर नृत्य,छात्राओं ने संगीत पर मनमोहक रंगारंग प्रस्तुति दी।

# शिक्षा के क्षेत्र में कोटपूतली अग्रणी बना : राजेन्द्र यादव

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के मौहल्ला बड़ाबास स्थित मानव स्थली विद्या मंदिर सीनियर सैकण्डरी स्कूल का वार्षिकोत्सव एवं पारितोषक वितरण समारोह राजकीय आईटीआई परिसर में बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ आयोजित हुआ।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाग लेते हुए क्षेत्रीय विधायक, उच्च शिक्षा व गृह राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार के चार वर्ष के कार्यकाल में कोटपूतली परिक्षेत्र शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी बनकर उभरा है। यहां प्रत्येक ग्राम पंचायत पर विद्यालय को उच्च माध्यमिक विधालय में क्रमोन्नत किया गया है। साथ ही दो दर्जन के लगभग अंग्रेजी माध्यम के राजकीय विद्यालय महात्मा गांधी योजना के तहत रूपान्तरित हुए है। जिससे ग्रामीण अंचल के विद्यार्थियों को भी अच्छी व आधुनिक शिक्षा मिलने लगी है। राज्यमंत्री यादव ने हाल ही में राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड




मानव स्थली विद्या मंदिर सीनियर सैकण्डरी स्कूल के वार्षिकोत्सव में गृह राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव ने प्रतिभाओं का सम्मान कर कार्यक्रम को संबोधित किया।

द्वारा आयोजित हुई स्काउट व गाइड की राष्ट्रीय जम्बुरी में भाग लेने वाले विद्यार्थियों व शिक्षकों को स्मृति चिन्ह व मैडल देकर सम्मानित किया। साथ ही राज्य पुरूस्कार प्राप्त स्काउट्स व प्रतिभावान विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। वहीं इंस्पायर अवॉर्ड मिलने पर विद्यालय की छात्रा पायल यादव एवं कुशाल शर्मा को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए नगर परिषद सभापति पुष्पा सैनी ने भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान विधार्थियों ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। विशिष्ठ अतिथि के रूप में स्काउट प्रधान एड. मनोज चौधरी, राजकीय सरदार विधालय की प्राचार्या मनोरमा यादव, बबीता यादव, पार्षद मनोज गौड़, मनीषा छावड़ी, सीबीईओ रामसिंह यादव, डीएसपी गौत्तम कुमार जैन, आईटीआई अधीक्षक जीत सिंह यादव, खनन व क्रेशर एशोसिएशन अध्यक्ष रमेश पायला, स्काउट गाइड सचिव हंसराज यादव समेत अन्य मौजूद थे।

# सरकारी भूमि का पट्टा जारी करने से भाजपाइयों में असंतोष

**सांभरझील, (निसं)।** नगर पालिका की ओर से नावा रोड स्थित कथित सरकारी भूमि का पट्टा जारी करने के मामले को लेकर पूर्व चेयरमैन विनोद कुमार सांभरिया व भाजपाइयों में असंतोष व्याप्त है।

इस मामले में उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग को लेकर नेता प्रतिपक्ष अनिल कुमार गट्टानी, भाजपा मंडल अध्यक्ष जितेंद्र कुमार डांगरा की अगुवाई में सोमवार को तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। पूर्व चेयरमैन विनोद कुमार संभरिया ने बताया कि उनके कार्यकाल में उक्त सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाकर नगरपालिका ने अपने कब्जे में

■ उच्च स्तरीय जांच के लिए तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा

लेकर मौके पर संपत्ति नगर पालिका का सूचना पट्ट लगा दिया गया था, इसके बावजूद कांग्रेस शासित बोर्ड के कार्यकाल के दौरान एक व्यक्ति विशेष को लाभ पहुंचाने के लिए उसकी निजी में उक्त सरकारी भूमि को शामिल करते हुए पट्टा जारी कर दिया गया है जो नियम विरुद्ध और गैरकानूनी है। सांभरिया ने बताया कि इस मामले में सक्षम न्यायालय की ओर से कोर्ट से स्थगन आदेश भी जारी किया हुआ है लेकिन इस तथ्य की जानकारी होने के बावजूद उक्त सरकारी भूमि का भी पट्टा जारी कर न्यायालय के आदेश की भी अवमानना की है।

प्रकरण में तहसीलदार को वस्तु स्थिति से अवगत कराते हुए वह समस्त दस्तावेज की छाया प्रति भी सौंपी गई है जिससे साफ प्रमाणित होना बताया गया है की पट्टा सरकारी भूमि का जारी किया गया है। ज्ञापन में बताया गया है कि जिस सरकारी भूमि का पट्टा जारी किया गया है उसका बाजार मूल्य 50 से 60 लाख रुपैया है। इसे नगर पालिका को जबरदस्त राजस्व की हानि हुई है। नेता प्रतिपक्ष अनिल कुमार गट्टानी ने बताया कि अनियमित तरीकों से जारी किए गए पट्टों की गहन जांच कराने व विवरण को सार्वजनिक किए जाने हेतु अनुरोध किया गया है।

अब तक अभियान के दौरान जारी पट्टों की सूची संपूर्ण विवरण के साथ सार्वजनिक करने व इसकी सूचना नगरपालिका के बोर्ड पर चस्पा किए जाने का भी आग्रह किया गया है। ज्ञापन सौंपने के दौरान पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष वर्धमान काला, युवा मोर्चा अध्यक्ष चंद्र प्रकाश माली, पार्षद आशीष गर्ग, पार्षद बाबूलाल सांभरिया, पार्षद प्रेम देवी सिंह जी की भी मौजूदगी रही।

## नगरपालिका के खिलाफ प्रदर्शन किया

**बहरोड़/नीमराना, (निसं)।** बहरोड़ कस्बे के अलवर रोड से भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा नेता प्रतिपक्ष ओम यादव की आड़ में नगरपालिका बहरोड़ के खिलाफ घोटाला करने का आरोप लगाकर शांति मार्केट बहरोड़ से नगरपालिका कार्यालय बहरोड़ तक पैदल मार्च किया। इस दौरान नीलम यादव महिला कार्यकर्ता सहित जिला पार्षद सुनील प्रवक्ता, मंडल अध्यक्ष संजय मीर, चिंटू पार्षद प्रतिनिधि एवं राहुल सैनी, अरुण शर्मा तथा कमल यादव हौंडा शोरूम बहरोड एवं मोहनलाल तथा छात्र संघ अध्यक्ष नितिन यादव एवं अलवर रोड व्यापार मंडल अध्यक्ष तथा पूर्व पार्षद देवेंद्र यादव, अशोक खंडेलवाल, जिला अध्यक्ष उम्मेद भाया व बलवान सिंह यादव पूर्व जिला अध्यक्ष भी दिखाई दिए।

## भंडारा व सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए

**पावटा, (निसं)।** गांव भूरी भडाज के प्राचीन रामेश्वर महादेव, हीरामल बाबा मन्दिर ढाणी मंगलदास वाली भूरी भडाज में रविवार को सांतवा विशाल भंडारा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन पूर्व यातायात मंत्री रोहिताश शर्मा के मुख्य आतिथ्य व विराट नगर विधान सभा क्षेत्रीय विधायक इंद्राज गुर्जर की अध्यक्षता एवं पूर्व प्रदेश महामंत्री कुलदीप धनकड़, भाजपा नेता मुकेश गोयल, पूर्व विधायक रामचंद्र सराधाना, भाजपा नेता हरि प्रसाद बल्लीवाल, भाजपा ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष गौरव यादव, विराटनगर एसडीएम बजरंग स्वामी के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया। वही आयोजक शंकरलाल स्वामी, रामकरण स्वामी, मुकेश स्वामी द्वारा आगंतुक अतिथियों का माला व साफा पहनाकर व प्रतिक चिन्ह देकर समानित किया गया। आयोजक शंकरलाल स्वामी ने बताया कि इस मौके पर दूर दराज से पधारे संत शिरोमणि व औद्योगिक क्षेत्र सहित आस पास के क्षेत्र से हजारों की संख्या में श्रद्धालु बाबा के मंदिर में धोक लगाकर मन्नौती मांगते हुए भंडारे में प्रसादी ग्रहण की।

# जवान का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया

**बहरोड़/अलवर, (निसं)।** नीमराणा पंचायत समिति क्षेत्र के ग्राम गिगलाना निवासी प्रकाश चंद पुत्र प्रभाती लाल की छत्तीसगढ़ में ऑन ड्यूटी हार्ट अटैक से मौत होने पर पार्थिव शरीर जैसे ही उसके पैतृक गांव गिगलाना में पहुंचा तो क्षेत्र के ग्रामीणों सहित बहरोड़ विधानसभा क्षेत्र में गम का माहौल हो गया। क्षेत्रीय नेताओं ने शहीद प्रकाश चंद की पार्थिव देह को पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।

गांव की सैकड़ों की संख्या में उपस्थित महिलाओं तथा पुरुषों एवं क्षेत्रीय नेताओं की उपस्थिति में शहीद प्रकाश चंद की पार्थिव देह को पुत्र अंकित के द्वारा मुखाग्नि दी गई। सीआरपीएफ की 212 बटालियन के हवलदार जीडी मेहताब अली ने बताया कि छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के पेड्डागुडेम में हार्ट अटैक आने पर कंपनी स्तर पर प्राथमिक उपचार के बाद हॉस्पिटल ले जाते समय 18 फरवरी को सीआरपीएफ के जवान प्रकाश चंद ने दम तोड़ दिया। जिसका आज उसके पैतृक गांव गिगलाना में राजकीय सम्मान के साथ परिजनों व ग्रामीणों सहित गम के माहौल में राजकीय सम्मान के साथ अंत्येष्टि की गई। इस दौरान मांढण पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में परिजन रामसिंह निभोरिया, डाक्टर आरसी यादव, प्रधान प्रतिनिधि बलवान सिंह यादव नीमराणा, डॉ जसवंत यादव, जयप्रकाश झाबर जिला पार्षद, अशोक पनवाल सरपंच डाबडवास व मेघवाल विकास समिति अध्यक्ष नीमराणा, इंद्र दमन यादव, योगेश सरपंच गिगलाना तथा शहीद के भाई दयानंद एवं जोगिंदर सहित ग्रामीण एवं पटवारी सुबेसिंह सहित हजारों लोग मौजूद रहे।



नीमराणा पंचायत समिति के ग्राम गिगलाना निवासी सी.आर.पी.एफ. के जवान प्रकाश चंद की छत्तीसगढ़ में हार्ट अटैक से मौत होने पर पार्थिव शरीर का पैतृक गांव में अंतिम संस्कार किया।

## सार-समाचार

### पेंशन में बढ़ोतरी की मांग




**टोंक, (निसं)।** राजस्थान पेंशनर्स समाज जिला शाखा टोंक के पेंशनर्स ने जिलाध्यक्ष बृजबिहारी शर्मा के नेतृत्व में 65, 70, 75 व 80 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर क्रमशः 5, 10, 15, 20 प्रतिशत पेंशन में बढ़ोतरी सहित अन्य मांगों को लेकर प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम अतिरिक्त जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया। पेंशनर्स समाज के जिलाध्यक्ष बृजबिहारी शर्मा, जिला महामंत्री प्रहलाद नीमावत, महिला मंत्री नीलिमा आमेरा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरवंश शर्मा, रोहिताश्व कुमावत, छीतरमल गुर्जर, पूरण मल जैन, विजय कुमार गुप्ता, भगवान दास शर्मा, इन्द्रमल जैन, राकेश माथूर, बाबूलाल बंसल आदि ने दिए ज्ञापन में बताया कि राजस्थान पेंशनर समाज के प्रांतीय कार्यालय के पदाधिकारियों द्वारा आपसे अनुरोध कर राजस्थान के पांच लाख पेंशनर के हितार्थ आपको मांग पत्र प्रस्तुत किया था, जिसका अनुमोदन करते हुए राजस्थान के सभी जिलाध्याक्षों द्वारा हुऐ जिला कलेक्टरों के माध्यम से आपको मांग पत्र का ज्ञापन प्रेषित कर अपेक्षा की गई थी कि आय वर्ष 2023 के बजट में इन मांगों के आधार पर बजट में घोषणा करेंगे। लेकिन आपने राजस्थान के पांच लाख पेंशनर की उपेक्षा कर कोई लाभ नहीं पहुंचा कर प्रदेश के रिष्ठजनों का मान भंग किया है।

### श्री श्याम महोत्सव का आयोजन



**पावटा, (निसं)।** श्री श्याम शक्ति मंडल बडनगर द्वारा सारण शेखावत उच्च माध्यमिक विधालय में 29वें श्री श्याम महोत्सव का शुभारंभ ज्ञानदास महाराज ने अखंड ज्योति जलाकर व श्याम बाबा का अलौकिक श्रृंगार के साथ किया। इस दौरान आयोजित जागरण में रफीक एण्ड युजिकल ग्रुप भांकरी द्वारा सीकर, जयपुर, पावटा के गायक कलाकारों द्वारा सुंदर-सुंदर भजन व विराट महाकाली आर्ट ग्रुप महेंद्रगढ रेवाडी के कलाकारों द्वारा भव्य झांकियों व राम प्रकाश शाहपुरा द्वारा श्याम बाबा का अलौकिक श्रृंगार कर छप्पन भोग लगाया गया। श्याम शक्ति मंडल बडनगर अध्यक्ष सुंदर सिंह शेखावत ने बताया कि बाबा खाटू श्याम के लिए 29वीं पदयात्रा 26 फरवरी 2023 रविवार को सुबह 11 बजे नगर भ्रमण करते हुए बडनगर से खाटू धाम के लिए रवाना होगी।

### वार्ड में रोड लाइट लगाने की मांग

**नरैना, (निसं)।** वर्तमान में नरैना नगरपालिका क्षेत्र में नई रोड लाईटें लगाई जा रही हैं। कस्बे के वार्ड पार्षदों द्वारा शिकायत की जा रही है कि लापरवाही बरतते हुए लाईटें लगाई जा रही है। कस्बे के वार्ड 23 की पार्षद मदीना बानो ने नगरपालिका के अधिशाषी अधिकारी के नाम कनिष्ठ अभियंता को ज्ञापन सौंपा है ज्ञापन द्वारा बताया गया है कि वार्ड नम्बर 23 के नूरानी कॉलोनी क्षेत्र में नगरपालिका प्रशासन और लाईट ठेकेदार के कर्मचारियों को लाईट लगवाने के बाबत अवगत कराने के बावजूद कोई फर्क नही पड़ रहा है लाईटे नहीं लगाई जा रही है।अतः शीघ्र लाईटें लगवाने हेतु अनुरोध किया गया है। ठेकेदार से बात करने पर उन्होंने बताया कि आवश्यकता के अनुसार कस्बे में लाईटे लगाई जा रही हैं।

### गौ रक्षा रथ का स्वागत किया



**पावटा, (निसं)।** मां को गोद लेना है संकल्प को मजबूती देने का प्रण करते हुए गाय की रक्षा का संकल्प लेकर हरिद्वार स्थित पतंजली योगपीठ से शुरू हुई गौ-रक्षा रथ का रविवार को पावटा पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। पावटा प्रधान प्रतिनिधि जगन चौधरी व पावटा तहसील ब्राह्मण महासभा अध्यक्ष राजेश शर्मा की देखरेख में यात्रा का स्वागत किया गया। रथ के सारथी जगतगुरु संतोषी बाबा ने कहा कि यदि शहरी आंचल में बसने वाले धनवान व सामर्थ्य लोग दूर ग्रामीण अंचल में व गौशालाओं में पलने वाली बूढी गायों को पालन करने के लिये अपना सहयोग दें तो गौ हत्या पूरी तरह से बंद हो सकती है। सफल जीवन सवस्थ जीवन जीने की लिए गौ सेवा आवश्यक है। इस मौके पर झीडा वाले बालाजी महंत सोहन लाल, पावटा प्रधान प्रतिनिधि जगन चौधरी, पावटा तहसील ब्राह्मण महासभा अध्यक्ष राजेश शर्मा, गजानन टीलावत, सामाजिक कार्यकर्ता निर्मल पंसारी, सुरेश कुमार शर्मा, मनोज कुमार शर्मा, सांवरमल शर्मा, दीपक शर्मा, विष्णु कुमार टीलावत, संतोष शर्मा, अशोक मंगल सहित गणमान्य व्यक्ति व ग्रामीण मौजूद रहे।

### मानवता उद्धार कार्यक्रम आयोजित

**टोंक, (निसं)।** ऑल इण्डिया पयामें इंसानियत फोरम टोंक यूनिट द्वारा मानवता उद्धार कार्यक्रम 'हमारा समाज हमारी जिम्मेदारियां' का आयोजन नगर परिषद सभा भवन अग्निशमन केन्द्र में किया गया। ऑल इण्डिया पयामें इंसानियत फोरम टोंक यूनिट के जिला संयोजक मौलाना वसीम नदवी ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारम्भ समस्त धर्मगुरूओं का उपहार भेंट कर एवं शॉल ओढाकर सम्मान करते हुये किया गया। कार्यक्रम में महाराष्ट्र से आये मौलवी जुनेद फारूकी ने इंसान का इंसान से सबसे बड़ा रिश्ता बताया तथा कहा कि कठिन समय में हर इंसान को अपने दूसरे भाई का सारथी बनना चाहिए। कार्यक्रम में रामद्वारा के संत रामनिवास महाराज द्वारा प्रेम एवं करूणा से जीवन जीने का महत्व बताया। सिख समाज से आये मुख्य प्रबन्धक धन्ना भगत गुरूद्वारा धुवाकलां टोंक बाबा शेर सिंह ने कहा कि सभी धर्मों का समान रूप से सम्मान करना चाहिए। बह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय टोंक से आई पूनम दीदी ने आपसी भाईचारे एवं सौहार्द को बढाने पर जोर दिया। फादर सुचित पॉल मैनेजर सेन्ट ऐन्सलम स्कूल टोंक ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को बिना किसी भेदभाव के धर्म जात पात से उँचा उठकर अपना जीवन जीना चाहिए।

### कैंसर जांच शिविर आयोजित

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के दिल्ली-मुंबई हाईवे स्थित दुग्ध अवशीतन केंद्र पर सोमवार को जयपुर डेयरी व महावीर कैंसर हॉस्पिटल के तत्वाधान में कैंसर जाँच शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें महावीर कैंसर हॉस्पिटल के वरिष्ठ चिकित्सकों ने पशुपालकों, सचिवों व कर्मचारियों की जांचें कर परामर्श दिया। शिविर में 100 से अधिक लोगों की जाँचे की गई। जयपुर डेयरी के अध्यक्ष ओमप्रकाश पूनियां ने बताया कि किसानों का हित सर्वोपरि है व उनके हितों के लिए शिविर का आयोजन किया गया है। इस दौरान दुग्ध अवशीतन केंद्र के प्रभारी घनश्याम कासोटिया, कालूराम दादरवाल, राजेन्द्र कसाना, हंसराज डोई समेत अन्य मौजूद रहे।



भारत को भारत में हराना मुश्किल है। यह पाकिस्तान सहित उपमहाद्वीप की अन्य टीमों के लिए सीखने वाली बात है। ऐसा इसलिए है, क्योंकि पाकिस्तान के पास क्षमता है, लेकिन भारत ने जितनी सीरीज जीती हैं और घर में जैसा प्रदर्शन किया है वैसा पाकिस्तान के साथ नहीं हैं।

- रमीज राजा

पाकिस्तान क्रिकेट के पूर्व खिलाड़ी और कमेंट्रेटर, भारत को लेकर।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी ▶** **सानिया मिर्जा**



**भारतीय** टेनिस की दिग्गज खिलाड़ी सानिया मिर्जा को जिंदगी अपनी शर्तों पर जीने का कोई मलाल नहीं है। कई लोग सानिया को नये मानदंड (ट्रेंड-सेटर) स्थापित करने वाले मानते है जबकि कुछ उन्हें बंधनों को तोड़ने वाला करार देते हैं। खुद सानिया हालांकि इन बातों से इत्तेफाक नहीं रखती। उनका मानना है कि वह बस 'अपनी शर्तों पर' जीवन जीना चाहती है। सानिया ने कहा जो लोग अपने तरीके से काम करने की हिम्मत करते हैं उसे लेकर समाज को मतभेदों को स्वीकार करना चाहिए और किसी को 'खलनायक या नायक' के तौर पर पेश करने से बचना चाहिये।

**क्या आप जानते हैं ?...** टेस्ट क्रिकेट इतिहास का पहला टेस्ट इंग्लैंड व ऑस्ट्रेलिया के मध्य 1877 में मेलबोर्न में खेला गया था। इसे ऑस्ट्रेलिया ने 45 रन से जीता।

# आयरलैंड को हराकर सेमीफाइनल में पहुंचा भारत

गेकेबेरा, 20 फरवरी। भारत ने स्मृति मंधाना (87) के विस्फोटक अर्द्धशतक की बदौलत आयरलैंड को महिला टी20 विश्व कप 2023 के वर्षाबाधित मुकाबले में सोमवार को पांच रन से हराकर टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आयरलैंड के सामने 155 रन का लक्ष्य रखा। आयरलैंड ने इसके जवाब में 8.2 ओवर में दो विकेट गंवाकर 54 रन बनाये, हालांकि डकवर्थ लुइस पद्धित के अनुसार वह पांच रन से पीछे रह गया।

भारत के अन्य बल्लेबाज जहां आयरलैंड की कसी हुई गेंदबाजी के आगे संघर्ष करते नज़र आये, वहीं मंधाना ने विस्फोटक बल्लेबाजी करते हुए 56 गेंद पर नौ चौकों और तीन छक्कों के साथ 87 रन की पारी खेली। आयरलैंड ने लक्ष्य का पीछा करते हुए पहले ही ओवर में दो विकेट गंवा दिये। गैबी लेवाइस (32 नाबाद) और लौरा डेलानी (17 नाबाद) ने तेजी से अर्द्धशतकीय साझेदारी पूरी की, लेकिन वे अपनी टीम को 59 रन के डकवर्थ लुइस स्कोर तक नहीं पहुंचा सके।

## महिला टी-20 विश्व कप

यह लीग स्टेज में भारत का आखिरी मुकाबला था और वह चार मैचों में छह अंकों के साथ ग्रुप-बी में दूसरे स्थान पर है। तालिका में शीर्ष पर काबिज इंग्लैंड को अभी पाकिस्तान के विरुद्ध एक और मुकाबला खेलना है। अगर इंग्लैंड वह मुकाबला जीत जाता है तो सेमीफाइनल में भारत का सामना ऑस्ट्रेलिया से होगा।

भारत ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए धीमी शुरुआत की। सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा को रन बनाने के लिये संघर्ष करना पड़ा, हालांकि मंधाना ने छठे ओवर में हाथ खोलते हुए दो चौके जड़े। शेफाली का संघर्ष नौवे ओवर में लौरा डेलानी ने समाप्त किया। शेफाली ने आउट होने से पूर्व 29 गेंदों पर तीन चौके लगाकर 24 रन बनाये।

आयरलैंड के गेंदबाजों ने तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरीं कप्तान हरमनप्रीत कौर को भी हाथ खोलने की अनुमति नहीं दी। हरमनप्रीत ने 20 गेंद खेलकर सिर्फ 13 रन ही जोड़े। इस बीच मंधाना ने तेजी से बल्लेबाजी करते हुए हरमनप्रीत के साथ दूसरे विकेट के लिये 52 रन की अर्द्धशतकीय साझेदारी की। मंधाना को 46 रन के स्कोर पर एक जीवनदान भी मिला जब कैरा मरे की गेंद पर मिडविकेट पर खड़े फील्डर ने उनका कैच छोड़ दिया। मंधाना ने इसका पूरा-पूरा लाभ उठाते हुए 14वें ओवर की आखिरी गेंद पर छक्का लगाकर टूर्नामेंट में अपना दूसरा अर्द्धशतक पूरा किया। हरमनप्रीत का विकेट गिरने के बाद ऋचा घोष (0) अगली ही गेंद पर पगबाधा हो गयीं लेकिन मंधाना ने रनगति नहीं रुकने दी।

मंधाना की विस्फोटक बल्लेबाजी के दम पर भारत ने आखिरी पांच ओवरों में 50 रन जोड़े, हालांकि वह खुद 19वें ओवर में आउट होने के कारण टी20 अंतरराष्ट्रीय में अपने पहले शतक से चूक गयीं। इसके बाद जेमिमा रॉड्रिग्स (19) ने आखिरी ओवर में दो चौके जड़कर भारत को 155 रन तक पहुंचाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी आयरलैंड के सलामी बल्लेबाज पारी की पहली ही गेंद पर बड़ी चूक कर बैठे। एमी हंटर ने रेणुका सिंह की गेंद को कवर पॉइंट पर खेलकर दो रन भागने चाहे।

# हेजलवुड एडी की चोट के कारण भारत दौरे से बाहर

नयी दिल्ली, 20 फरवरी। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जॉश हेज़लवुड एड़ी की चोट के कारण भारत के खिलाफ जारी टेस्ट सीरीज के अन्य दो मैचों और अगले महीने होने वाली एकदिवसीय शृंखला से बाहर हो गये हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने सोमवार को इसकी पुष्टि की।

ऑस्ट्रेलिया के कोच एंड्रयू मैकडॉनल्ड ने बताया कि हेज़लवुड ने भारत दौरे पर बीते दो हफ्तों में अभ्यास सत्र में हिस्सा लिया है लेकिन वह एड़ी की चोट से पूरी तरह उभर नहीं सके हैं। हेज़लवुड अब ऑस्ट्रेलिया लौटकर अपना रिहैब पूरा करेंगे।

मैकडॉनल्ड ने इस दौरान कैमरन ग्रीन और मिचेल स्टार्क के हवाले से अच्छी खबर भी दी। उन्होंने बताया कि ग्रीन तीसरे टेस्ट में खेलने के लिये 100 प्रतिशत फिट हैं जबकि स्टार्क भी लगभग फिट हो चुके हैं। दोनों ही खिलाड़ी उंगली की चोट के कारण शुरुआती दो टेस्ट मैचों में हिस्सा नहीं ले सके, जहां कंगारुओं को करारी शिकस्त का स्वाद चखना पड़ा।



पहले टेस्ट में भारत ने मेहमान टीम को पारी और 132 रन से हराया, जबकि दूसरे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया को छह विकेट से शिकस्त मिली। इंदौर में तीसरे टेस्ट के लिये मिलने के बाद दोनों टीमें नौ मार्च से अहमदाबाद में शुरू होने वाले चौथे और अंतिम टेस्ट में भी एक-दूसरे का सामना करेंगी। इसी बीच, ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट टीम के कप्तान पैट कमिंस परिवार के एक सदस्य की तबीयत खराब होने के कारण ऑस्ट्रेलिया रवाना होंगे। सीए के अनुसार कमिंस एक मार्च को शुरू होने वाले तीसरे टेस्ट से पूर्व भारत लौट आयेंगे।

**ऑस्ट्रेलियाई स्क्वाड :** पैट कमिंस (कप्तान), एश्टन आगर, स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), कैमरन ग्रीन, पीटर हैंड्सकॉम्ब, जॉश हेज़लवुड, ट्रैविस हेड, उस्मान ख्वाजा, मैट कुह्नेमन, मार्नस लाबुशेन, नेथन लायन, लांस मॉरिस, टॉड मर्फी, मैथ्यू रेनशॉ, स्टीव स्मिथ, मिचेल स्टार्क, मिचेल स्वेपसन, डेविड वॉर्नर।

**भारतीय स्क्वाड :** रोहित शर्मा (कप्तान), केएल राहुल, शुभमन गिल, चेतेश्वर पुजारा, विराट कोहली, केएस भरत (विकेटकीपर), ईशान किशन (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, रवींद्र जडेजा, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, श्रेयस अय्यर, सूर्यकुमार यादव, उमेश यादव, जयदेव उनादकट।

# आईएसएल फाइनल 18 मार्च को मडगांव में

नयी दिल्ली, 20 फरवरी। इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल 18 मार्च को गोवा के मडगांव के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खेला जाएगा। आयोजकों ने सोमवार को यह जानकारी दी।टीमों के लिए ट्रेनिंग मैदान और अन्य बुनियादी ढांचे की उपलब्धता के कारण गोवा को इस प्रतिष्ठित मुकाबले की मेजबानी के लिए चुना गया है।

प्ले ऑफ मुकाबले तीन मार्च से खेले जाएंगे। लीग शील्ड विजेता मुंबई सिटी एफसी, हैदराबाद एफसी, एटीके मोहन बागान, बेंगलुरू एफसी और केरल ब्लास्टर्स एफसी पहले ही प्ले ऑफ में जगह बना चुके हैं। ओडिशा एफसी और एफसी गोवा लीग चरण के अंतिम मुकाबले से पहले दौड़ में बने हुए हैं।

इस सत्र से आईएसएल के आयोजकों फुटबॉल स्पोर्ट्स डेवलपमेंट लिमिटेड (एफएसडीएल) ने लीग के लिए प्ले ऑफ का नया प्रारूप लागू किया है जिससे दो मुकाबले बढ़ गए हैं। शीर्ष दो टीम सेमीफाइनल में सीधे जगह बनाएंगी जबकि तीसरे से छठे स्थान पर रहने वाली टीमों के बीच एक चरण का प्ले ऑफ मुकाबला होगा जिससे सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली दो अन्य टीम का फैसला होगा।

# पीठ की सर्जरी के कारण आईपीएल नहीं खेल सकेंगे जेमिसन

क्राइस्टचर्च, 20 फरवरी। स्ट्रेस फ्रैक्चर के कारण इंग्लैंड टेस्ट सीरीज से बाहर हुए न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज काइल जेमिसन पीठ की सर्जरी करवायेंगे, जो उन्हें चार महीने के लिये क्रिकेट से दूर रखेगी। न्यूज़ीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने सोमवार को इसकी पुष्टि की। स्टीड ने यहां संवाददाताओं से कहा, काइल ने एक पीठ के सर्जन से मुलाकात की है और वह इसी हफ्ते सर्जरी करवायेंगे। यह उनके लिये चुनौतीपूर्ण और मुश्किल समय रहा है, साथ ही यह हमारे लिये बड़ा नुकसान भी है। वह हमारे लिये शानदार प्रदर्शन करते आये हैं।

जेमिसन इस चोट के कारण 31 मार्च को शुरू होने वाली इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में हिस्सा नहीं ले सकेंगे। गौरतलब है कि आईपीएल के वर्तमान सत्र



से पूर्व हुई नीलामी में चेन्नई सुपर किंग्स ने जेमिसन को एक करोड़ रुपये में खरीदा था। इसके अलावा वह मार्च-अप्रैल में श्रीलंका और न्यूजीलैंड के बीच होने वाली घरेलू टेस्ट सीरीज और अप्रैल-मई में होने वाले पाकिस्तान दौरे पर भी कीवी टीम का हिस्सा नहीं बन सकेंगे।

उल्लेखनीय है कि जेमिसन को इंग्लैंड के विरुद्ध होने वाले दो टेस्ट मैचों के लिये टीम में शामिल किया गया था, हालांकि पीठ में स्ट्रेस फ्रैक्चर के कारण वह शृंखला से बाहर हो गये थे। जेमिसन को सबसे पहले पिछले साल इंग्लैंड दौरे पर पीठ में चोट लगी थी। उन्होंने इससे उभरकर घरेलू क्रिकेट में वापसी भी की, हालांकि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी से पहले उनकी पीठ के स्कैन में चोट ज़ाहिर हुई। बेन स्टोक्स और ब्रेंडन मैकुलम की इंग्लैंड टीम ने पहले टेस्ट में मेजबान न्यूजीलैंड को 267 रन से मात दी। न्यूजीलैंड और इंग्लैंड के बीच दूसरा टेस्ट शुक्रवार से वेलिंगटन में खेला जायेगा।

# भारतीय निशानेबाजों ने काहिरा विश्व कप के मिश्रित टीम स्पर्धा के सभी पदक जीते

काहिरा, 20 फरवरी। भारतीय निशानेबाजों ने सोमवार को यहां आईएसएसएफ (अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ) ने विश्व कप में मिश्रित टीम एयर पिस्टल और राइफल स्पर्धाओं में क्लीन स्वीप किया।आर नर्मदा नितिन और मौजूदा विश्व चैंपियन रुद्राक्ष बालासाहेब पाटिल ने 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा जीतकर भारत को पहला स्वर्ण दिलाया। इसके बाद रविवार को व्यक्तिगत स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने वाले वरुण तोमर और रिदम सांगवान ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम प्रतियोगिता जीतकर भारत को दो स्वर्ण और एक कांस्य के साथ पदक के साथ तालिका में शीर्ष पर पहुंचा दिया। टूर्नामेंट में छह और फाइनल बाकी हैं। सांगवान और तोमर की युवा भारतीय जोड़ी 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम प्रतियोगिता में 583 के संयुक्त स्कोर के साथ क्वालिफिकेशन राउंड में शीर्ष पर रही। भारतीय जोड़ी ने फाइनल में सर्बिया के अनुभवी जोराना अरुणोविच और दामिर माइकेक की जोड़ी को शिकस्त दी। सर्बिया की यह जोड़ी तोक्यो ओलंपिक में रजत पदक जीत चुकी है। नर्मदा और रुद्राक्ष ने ओलंपिक स्पर्धा में 635.8 का शानदार स्कोर किया। भारतीय जोड़ी 60 निशानों के 38 टीमों की स्पर्धा के क्वालिफिकेशन दौर में शीर्ष पर रहीं। इसके बाद स्वर्ण पदक मुकाबले में उन्होंने हंगरी के एज्टर डेन्स और इस्तवान पेनी को 16-6 से हराया।

# भारत की परीक्षा में विफल रहे : मैकडोनाल्ड

नयी दिल्ली, 20 फरवरी। ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने यहां दूसरे टेस्ट की दूसरी पारी में अपनी टीम की लचर बल्लेबाजी पर कहा कि वे भारत की परीक्षा में विफल रहे।दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन का खेल खत्म होने पर ऑस्ट्रेलिया की टीम दूसरी पारी में एक विकेट पर 61 रन बनाकर बेहतर स्थिति में थी लेकिन इसके बाद टीम सिर्फ 113 रन पर सिमट गई। भारत ने इसके बाद चार विकेट पर 115 रन बनाकर लक्ष्य हासिल किया और बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली।

ऑस्ट्रेलियन एसोसिएटेड प्रेस ने सोमवार को मैकडोनाल्ड के हवाले से कहा, "हमारे तरीकों की आलोचना होगी और ऐसा होना भी चाहिए।"

उन्होंने कहा, "दूसरे दिन की समाप्ति पर अगर आप कहते कि हमारी तैयारी अच्छी थी (जब ऑस्ट्रेलिया का स्कोर एक विकेट पर 61 रन था) तो संभवत: आपका नजरिया



अलग होता लेकिन एक घंटे के भीतर (तीसरे दिन) जो हुआ उसे लेकर लोगों ने आलोचना शुरू कर दी।"

एशेज में ऑस्ट्रेलिया की 4-0 की जीत के बाद जस्टिन लैंगर की जगह कोच पद संभालने वाले मैकडोनाल्ड ने कहा, "और तीसरे दिन हम भारत की परीक्षा में विफल रहे।" कोच ने कहा कि जहां तक उनकी समझ है तो बेंगलुरू में स्पिन की अनुकूल पिचों पर तैयारी शिविर से स्पिन के खिलाफ पर्याप्त तैयारी का मौका मिला।

मैकडोनाल्ड ने कहा, "मुझे लगता है कि उन्होंने (टीम ने) बेंगलुरू में काफी अच्छी तैयारी की इसलिए इसे लेकर कोई बहाना नहीं है।" कोच ने कहा कि कुछ खिलाड़ी अपनी परखी हुई रणनीति पर नहीं चले जिसका खामियाजा उन्हें लगातार दूसरी शर्मनाक हार के साथ चुकाना पड़ा।

उन्होंने कहा, "कुछ लोग ऐसे थे जो स्पष्ट रूप से उस रणनीति से दूर चले गए जिसने उन्हें समय के साथ सफल बनाया। हमें इससे बेहतर होना है, यही सबसे महत्वपूर्ण बात है, हमें इसे अपनाना होगा।" तीसरा टेस्ट एक मार्च से इंदौर में खेला जाएगा और इसके लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम में तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क और कैमरन ग्रीन को मौका मिल सकता है जो चोटों से उबर रहे हैं।

## मेघालय पहली बार संतोष ट्रॉफी के सेमीइनल में

भुवनेश्वर, 20 फरवरी। मेघालय ने सोमवार को यहां पूर्व चैंपियन पश्चिम बंगाल को 2-1 से हराकर अपने ग्रुप में दूसरा स्थान हासिल किया और पहली बार संतोष ट्रॉफी राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में जगह बनाई।मेघालय सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली चौथी और अंतिम टीम है। सेमीफाइनल और फाइनल एक से चार मार्च तक सऊदी अरब की राजधानी रियाद में खेले जाएंगे। मेघालय ग्रुप बी में पांच मैचों में 10 अंक लेकर सेना (13 अंक) के बाद दूसरे स्थान पर रहा। सेना सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली पहली टीम थी। पंजाब और कर्नाटक पहले ही ग्रुप ए से विजेता और उपविजेता के रूप में सेमीफाइनल में जगह बना चुके हैं। रियाद के किंग फहद स्टेडियम में सेमीफाइनल में पंजाब का सामना मेघालय से होगा और सेना का कर्नाटक से होगा।

# चोट से लौटे अल्काराज ने जीता अर्जेंटीना ओपन

ब्यूनस आयर्स, 20 फरवरी। स्पेन के युवा सनसनी कार्लोस अल्काराज़ ने यहां अर्जेंटीना ओपन के फाइनल में ब्रिटेन के कैमरन नॉरी को सीधे सेटों में मात देकर एटीपी 250 टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया। इस टूर्नामेंट के जरिये करीब तीन महीने बाद अंतरराष्ट्रीय टेनिस में वापसी करने वाले अल्काराज़ ने कोर्ट गिलर्मो विलास पर अपनी छाप छोड़ते हुए नॉरी को एंक घंटे 33 मिनट में 6-3, 7-5 से शिकस्त दी।

टॉप सीड 19 वर्षीय अल्काराज़ पिछले साल सितंबर में अमेरिकी ओपन जीतकर विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने थे। यह असाधारण उपलब्धि हासिल करने के बाद हालांकि वह पेट की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण पेरिस मास्टर्स से बाहर हो गये, जबकि पैर में चोट के कारण उन्हें ऑस्ट्रेलियाई ओपन से बाहर होना पड़ा।

अल्काराज़ के कोर्ट से दूर रहने के दौरान सर्बियाई दिग्गज नोवाक जोकोविच ने ऑस्ट्रेलिया में ग्रैंड स्लैम जीतकर शीर्ष रैंकिंग हासिल कर ली थी। स्पेन के युवा खिलाड़ी ने हालांकि दोबारा नंबर एक रैंकिंग की ओर दमदार कदम बढ़ाते हुए अर्जेंटीना ओपन के अपने अभियान में सिर्फ एक सेट गंवाया। अल्काराज़ ने मैच के बाद कहा, यह मेरे लिये एक महान सप्ताह रहा है। लंबे समय के बाद खेल में वापसी करते हुए यह सप्ताह सपने जैसा रहा है। ब्यूनस आयर्स आकर मैंने जो स्तर दिखाया वह अद्भुत और वास्तव में विशेष है। यह एक भावनात्मक सप्ताह भी रहा है। मैं जानता था कि मुझे शान्त रहने की जरूरत है और मौका मिलने का इंतजार करना है।

यह एक शानदार मैच था। रैंकिंग में जोकोविच से सिर्फ 590 अंक दूर अल्काराज़ ने कहा कि वह अपने स्तर से खुश हैं। उन्होंने कहा, मैं फाइनल खेलने में काफी सहज महसूस कर रहा था। मुझे पता था कि यह वास्तव में कठिन होने वाला था। मैंने इस बात पर ध्यान देना शुरू किया कि मुझे शुरुआत में क्या करना है। मुझे फाइनल में इसी स्तर पर खेलना है।

# तीरंदाजी : दीपिका जगह बनाने से चूकी, दास की राष्ट्रीय टीम में वापसी

सोनीपत, 20 फरवरी। मातृत्व विश्राम से वापसी कर रही विश्व की पूर्व नंबर एक तीरंदाज दीपिका कुमारी इस साल होने वाले एशियाई खेलों, विश्व कप और विश्व चैम्पियनशिप के लिए सोमवार को यहां भारतीय टीम में जगह बनाने में विफल रही।विश्व कप में कई स्वर्ण पदक जीतने वाली दीपिका यहां भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) केंद्र में आयोजित रिकर्व वर्ग की तीरंदाजों के लिए तीन दिनों के ट्रायल स्पर्धा में शीर्ष आठ में जगह बनाने में विफल रही। वह पिछले महीने कोलकाता में हुए ट्रायल में सातवें स्थान पर रही थी।

कई उलटफेर भरे नतीजे वाले दिन में मौजूदा जूनियर और पूर्व कैडेट विश्व चैंपियन कोमालिका बारी और पूर्व राष्ट्रीय चैंपियन रिंधि फोर भी शीर्ष-आठ से बाहर रहे। शीर्ष चार स्थान पर रहने वाले तीरंदाजों को टीम में जगह मिलेगी जबकि उनके प्रदर्शन में गिरावट पर पांचवें से आठवें स्थान पर रहने वाले खिलाड़ियों के नाम पर विचार किया जायेगा। भजन कौर, अदिति जायसवाल, अंकिता भकत और सिमरनजीत कौर ने शीर्ष चार में जगह बनाई जो इस साल सभी छह प्रमुख टूर्नामेंटों में प्रतिस्पर्धा करेंगी जिसमें एशियाई खेल और विश्व कप के अलावा विश्व चैम्पियनशिप के चार आयोजन शामिल है।

पुरुष वर्ग में हालांकि दीपिका के पति अतनु दास की एक साल के बाद राष्ट्रीय टीम में वापसी हुई है। अतनु पिछले साल ट्रायल में पिछड़ गये थे। उन्होंने आखिरी बार तोक्यो ओलंपिक में देश का प्रतिनिधित्व किया था।

दो बार ओलंपिक खेलों में देश का प्रतिनिधित्व करने वाला यह तीरंदाज सेना के धीरज बी के बाद दूसरे स्थान पर रहा। अनुभवी तरुणदीप राय और युवा नीरज चौहान ने शीर्ष चार में जगह बनाई। तुषार शेलके, मृणाल चौहान, विश्व कप पदक विजेता जयंत तालुकदार और इंद्रजीत स्वामी शीर्ष आठ में जगह बनाने वालों में शामिल रहे।

कम्पाउंड वर्ग में अनुभवी अभिषेक वर्मा शीर्ष चार में जगह नहीं बना सके ऐसे में उन्हें पहली पसंद की टीम में जगह नहीं मिलेगी। विश्व में नौवें नंबर के खिलाड़ी 33 वर्षीय वर्मा पांचवें स्थान पर रहे, इसका मतलब है कि वह पहली पसंद की टीम में जगह नहीं बना पाएंगे।

भारतीय तीरंदाजी के उच्च प्रदर्शन निदेशक संजीव सिंह ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि शीर्ष चार में शामिल तीरंदाजों के बेहतर प्रदर्शन नहीं करने की स्थिति में पांचवें से आठवें स्थान के बीच के तीरंदाजों के नाम पर विचार किया जायेगा। दीपिका के लिए हालांकि ओलंपिक में भाग लेने के दरवाजे बंद नहीं हुए हैं। वह अगले साल जनवरी में होने वाले ओपन ट्रायल के जरिये पेरिस 2024 के लिए टीम में वापसी कर सकती है। सिंह ने कहा "उसके लिए अभी दरवाजे बंद नहीं हुए हैं, वह जनवरी में ओलंपिक में वापसी के लिए ओपन ट्रायल में भाग ले सकती है।"

# स्टार स्पोर्ट्स ने रोहित को दिया सर्वश्रेष्ठ आईपीएल कप्तान का पुरस्कार

मुंबई, 20 फरवरी। भारतीय प्रसारणकर्ता स्टार स्पोर्ट्स ने इंडियन प्रीमियर लीग की 15वीं जयंती पर सोमवार को आयोजित 'इंक्रेडिबल प्रीमियर लीग' पुरस्कार समारोह में रोहित शर्मा को टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ कप्तान चुना। रोहित ने चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी और कोलकाता नाइट राइडर्स के पूर्व कप्तान गौतम गंभीर जैसे दिग्गजों को हराकर यह पुरस्कार हासिल किया। भारतीय टीम के वर्तमान कप्तान रोहित आईपीएल में मुंबई इंडियन्स फ्रेंचाइजी को रिकॉर्ड पांच आईपीएल खिताब जिता चुके हैं, जबकि धोनी की चेन्नई सुपर किंग्स ने सिर्फ चार बार यह ट्रॉफी जीती है।

रोहित ने इस पुरस्कार के लिये अपने प्रशंसकों का शुक्रिया अदा करते हुए कहा, आप सभी के समर्थन और वोट के लिये धन्यवाद। यह मेरे और फ्रेंचाइजी के लिये बहुत मायने रखता है। बिना किसी संदेह के प्रशंसक इस टीम की रीढ़ हैं। जिस तरह से इन प्रशंसकों ने पूरे साल हमारे उतार-चढ़ाव में हमारा समर्थन किया है, यह हमारे लिये बहुत मायने रखता है। हर



बार जब हम पिच पर जाते हैं और मुंबई की जर्सी को बहुत गर्व के साथ पहनते हैं इससे प्रशंसकों के चेहरे पर बहुत खुशी आती हैं।

आप जिस तरह से पिछले 15 वर्षो समर्थन करते आ रहे, वैसे ही हमारा समर्थन करते रहें। हम आगे मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने और आपके चेहरों पर मुस्कान लाने की पूरी कोशिश करेंगे। स्टार स्पोर्ट्स के इस आयोजन में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के लिये खेलने वाले एबी डी विलियर्स को सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज का पुरस्कार दिया गया, जबकि जसप्रीत बुमराह को सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज चुना गया।

विराट कोहली को आईपीएल 2016 में अविश्वसनीय 973 रन बनाने के लिये एक सीजन में सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजी का पुरस्कार दिया गया, जबकि सुनील नारायण के 2012 के प्रदर्शन को किसी भी सीजन की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आंका गया। विस्फोटक हरफनमौला आंद्रे रसल को टूर्नामेंट के इतिहास में सर्वाधिक प्रभाव वाले खिलाड़ी का पुरस्कार दिया गया। आईपीएल 2023 की शुरुआत 31 मार्च को गुजरात टाइटन्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच मुकाबले के साथ होगी। टूर्नामेंट का फाइनल 28 मई को खेला जायेगा।

## सीनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी : पंजाब, उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु जीते

काकीनाडा, 20 फरवरी। पंजाब, उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु ने सोमवार को यहां 13वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में अपने अपने मैच जीते।पंजाब ने पूल एफ में हिमाचल प्रदेश को 2-0 से जबकि उत्तर प्रदेश ने पूल ई में आंध्र प्रदेश को 3-2 से हराया। पूल एच में दिन के अंतिम मैच में तमिलनाडु ने पुडुचेरी को 3-0 से पराजित किया। मंगलवार को महाराष्ट्र का सामना तमिलनाडु से, पुडुचेरी का अंडमान और निकोबार से, मध्य प्रदेश का दिल्ली से और तेलंगाना का मणिपुर से होगा।

# शीर्ष भारतीय पहलवानों ने फिर अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट से हटने का फैसला किया

## विनेश फोगाट तथा बजरंग पूनिया जैसे पहलवानों ने दूसरी रैंकिंग सीरीज इब्राहिम-मुस्तफा टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लेने का फैसला किया है

नयी दिल्ली, 20 फरवरी। शीर्ष भारतीय पहलवानों ने बड़ी प्रतियोगिताओं ने हटना जारी रखा है और अब विनेश फोगाट तथा बजरंग पूनिया जैसे पहलवानों ने दूसरी रैंकिंग सीरीज इब्राहिम-मुस्तफा टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लेने का फैसला किया है। यह एक महीने में दूसरा मौका है जब विनेश, बजरंग, रवि दहिया, दीपक पूनिया, अंशु मलिक, संगीता फोगाट और संगीता मोर ने अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लेने का फैसला किया है। इस टूर्नामेंट का आयोजन मिस्त्र के एलेक्सांद्रिया में 23 से 26 फरवरी तक होना है। ये शीर्ष पहलवान इससे पूर्व जागरेब ओपन से यह कहकर हट गए थे कि वे प्रतियोगिता के लिए तैयार नहीं हैं। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) का कामकाज देख रही दिग्गज महिला मुक्केबाज एमसी मेरीकोम की अगुआई वाली निगरानी समिति ने इस टूर्नामेंट के लिए 27 भारतीय पहलवानों के दल को स्वीकृति दी है। यह प्रतियोगिता सीनियर एशियाई चैंपियनशिप 2023 और सीनियर विश्व चैंपियनशिप 2023 में बेहतर वरीयता के लिए रैंकिंग अंक हासिल करने के इरादे से महत्वपूर्ण होगी। भारतीय टीम में नौ फ्रीस्टाइल पहलवान, आठ महिला पहलवान और 10 ग्रीको रोमन पहलवानों को जगह मिली है। इसके अलावा 16 कोच और सहयोगी स्टाफ टीम का हिस्सा हैं।

**टीम इस प्रकार है :-** ग्रीको रोमन: मनजीत (55 किग्रा), विक्रम कुरादे (60 किग्रा), करणजीत(67 किग्रा), नितिन (63 किग्रा), अंशु (67 किग्रा), अंकित गूलिया (72 किग्रा), साजन (77 किग्रा), रोहित दहिया (82 किग्रा), नरिंदर चीमा (97 किग्रा), नवीन (130 किग्रा)। **महिला:** महिला: सुषमा शौकीन (55 किग्रा), सीटो (57 किग्रा), सिमरन (59 किग्रा), सुमित्रा (62 किग्रा), भटेरी (65 किग्रा), राधिका (68 किग्रा), रीतिका (72 किग्रा) और किरण (76 किग्रा)। **फ्रीस्टाइल:** उदित (57 किग्रा), पंकज (61 किग्रा), सुजीत (65 किग्रा), सागर जागलान (74 किग्रा), प्रदीप (79 किग्रा), जोंटी कुमार (86 किग्रा), पृथ्वीराज पाटिल (92 किग्रा), साहिल (97 किग्रा) और दिनेश (125 किग्रा)।



*पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने श्रीगंगानगर में बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की 11 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया। इस मौके पर पायलट ने कहा, संविधान सभा के प्रमुख अम्बेडकर ने देश के दलित तबकों को जो आरक्षण दिलाया वह असल में कोई गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम नहीं है। इसका एकमात्र उद्देश्य देश और समाज के गरीब तबकों और हर व्यक्ति को समानता के पायदान पर लाना है।*

# कांग्रेस आलाकमान जानता है, कौनसा फैसला कब और कैसे लेना है: सचिन पायलट

## पायलट ने कहा, ''मैंने राजस्थान के संदर्भ में अपने सुझाव दे दिए हैं, कुछ पर अमल हुआ, लेकिन कुछ पर अभी भी जरूरत है'

श्रीगंगानगर, 20 फरवरी (का.प्र.) । पूर्व उपमुख्यमंत्री व राजस्थान कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सचिन पायलट सोमवार को श्रीगंगानगर में डॉ. भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति का अनावरण करने के बाद मीडिया से रूबरू हुए। पायलट ने कहा कि, मैंने राजस्थान के संदर्भ में कांग्रेस आलाकमान को अपने सुझाव दे दिए हैं। आलाकमान को पता है कि कौन सा फैसला कब और कैसे लेना है। पायलट ने इस तरह से यह भी संकेत दे दिए हैं कि राजस्थान में समन्वय सही नहीं है। उन्होंने कहा कि, मेरे कुछ सुझावों पर अमल भी हुआ है, लेकिन कुछ पर अमल करने की अब भी जरूरत है।

पायलट ने पेपर लीक प्रकरण की पुनः चर्चा करते हुए कहा, राजस्थान में प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक की घटनाओं और ऐसे काम करने वाले मास्टरमाइंड पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। पहले भी मैंने इस बारे में आवाज उठाई है और अब फिर कह रहा हूं कि मास्टरमाइंड लोगों और अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि युवाओं के सपने चूर-चूर न हो।

इससे पहले मूर्ति अनावरण स्थल पर हुई सभा में पायलट ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और असदुद्दीन ओवैसी पर निशाना साधते हुए कहा कि फरवरी का महीना हर बार आता है, लेकिन इस बार यह महीना चुनावी साल में है। यही कारण है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दौसा जा रहे हैं और असदुद्दीन ओवैसी टोंक जा रहे हैं। यह दोनों नेता 4 साल तक गायब थे और अब जब चुनाव आ गया है तो सड़कों के उद्घाटन करने पहुंच रहे हैं। बड़े-बड़े भाषण दे रहे हैं, मजहब और धर्म की बात कर रहे हैं। पायलट ने कहा,

- **पायलट ने पेपर लीक करने वाले मास्टरमाइंड्स और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग पुनः उठाई।**
- **पायलट ने कहा कि, चुनावी साल में प्रधानमंत्री मोदी दौसा और असदुद्दीन ओवैसी टोंक जा रहे हैं। चुनाव से पहले दोनों नेता जैसे दिखाई नहीं देते थे, वैसे ही चुनाव बाद भी नज़र नहीं आएंगे।**

मैं दावा करता हूं कि जिस तरह से चुनाव से पहले दोनों नेता दिखाई नहीं दे रहे थे, चुनाव समाप्त हो जाएगा तो उसके बाद फिर दोनों नेता यहां से गायब हो जाएंगे। उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि, चुनावी साल है। हम सब सुख-दुख के साथी हैं और हमने बड़ी मेहनत से राजस्थान में सरकार बनाई। जबकि ये लोग दिल्ली में बैठकर राज करना चाहते हैं।

पिछली बार की इस बार भी श्रीगंगानगर में सचिन पायलट के दौरे की खास बात यह रही कि, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत खेमे के माने जाने वाले पूर्व सांसद शंकर पन्नू और श्रीगंगानगर से निर्दलीय विधायक राजकुमार गौड़ तथा कांग्रेस विधायक गुरमीत सिंह कुन्नर भी पायलट के साथ मंच पर नजर आए। इससे पहले सचिन पायलट के श्रीगंगानगर पहुंचने पर कांग्रेस नेता अशोक चांडक, नगर परिषद सभापति करुणा चांडक, विधायक राजकुमार गौड़, विधायक गुरमीत कुन्नर, दलित एक्शन कमेटी अध्यक्ष बंटी वाल्मीकि के नेतृत्व में स्वागत किया गया। इसके बाद अंबेडकर चौक पर डॉ. भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति का अनावरण हुआ।

# 'पिछड़े, दलित समाज को समानता के पायदान पर लाना है'

## पूर्व मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने श्रीगंगानगर में अम्बेडकर की प्रतिमा का अनावरण करते समय कहा

श्रीगंगानगर 20 फरवरी, (कासं)। सोमवार को श्रीगंगानगर में पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 11 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर उन्होंने जनसभा को भी संबोधित किया।

उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सचिन पायलट ने कहा कि, आरक्षण कोई गरीबी उन्मूलन कार्यकम नहीं है। संविधान निर्माता डॉ.भीमराव अम्बेडकर ने हमें यह व्यवस्था दी और इसका उद्देश्य है समाज के पिछड़े, दलित समाज के व्यक्ति को समानता के पायदान पर लाया जाए। उन्होंने कहा कि आज के दौर में भी हमारे सामने कई चुनौतियां हैं। हमें उन चुनौतियों का सामना करते हुए दलित समाज को आगे लाना होगा। उन्होंने कहा कि हर साल ही फरवरी आती है लेकिन इस साल की फरवरी में चुनावी वर्ष होने से नेता नजर आने लगे हैं। प्रधानमंत्री मोदी दौसा गए तो ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल मुस्लिमीन के असदुल्ला औवेसी टोंक पहुंचे गए।

- **कार्यक्रम में भारी तादाद में मौजूद जन समूह को संबोधित करते हुए पायलट ने कहा, आरक्षण कोई गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम नहीं है। यह व्यवस्था तो डॉ. अम्बेडकर ने दलितों व पिछड़ों को समानता दिलाने के लिए की थी।**

ये सब चुनावी साल के कारण हुआ है। उन्होंने कहा कि ये लोग पिछले चार साल कहां थे। ये लोग पहले जनता के बीच नहीं आये। अब चुनावी साल में उन्हें जनता की याद आई है। पायलट ने संबोधन में स्थानीय नेताओं की लिस्ट से नाम पढ़ते हुए चुटकी ली। उन्होंने कहा कि जो लिस्ट मुझे दी गई उसमें नगर परिषद सभापति करुणा चांडक का नाम नहीं था। इस पर उन्होंने कांग्रेस नेता अशोक चांडक से कहा कि भाई आप एक खास नाम भूल गए हैं, आपको शाम को घर भी जाना है। उल्लेखनीय है कि सभापति करुणा चांडक कांग्रेस नेता अशोक चांडक की धर्मपत्नी हैं।

इससे पहले सभा में दलित एक्शन कमेटी अध्यक्ष बंटी वाल्मीकि ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि कमेटी ने सभी के सहयोग से बाबा साहेब की प्रतिमा की स्थापना का यह प्रयास किया है।

सभा में मौजूद विधायक राजकुमार गौड़ ने शिक्षा पर बल देने की बात कहते हुए कहा कि शिक्षा की महत्ता समझते हुए महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल खोले गए हैं।

इसके साथ ही मेडिकल कॉलेज और नर्सिंग कॉलेज भी शुरू किए गए हैं। कांग्रेस नेता अशोक चांडक ने पायलट का स्वागत किया। जिला प्रमुख कुलदीप इंदौरा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में कई नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे। पूर्व जिला प्रमुख सीताराम मौर्य, प्रेम नायक सहित कई नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे।

## 'गोधरा कांड के ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

न्यायमूति पी.एस. नरसिम्हा एवं जे.बी. पारदीवाला की बैंच ने इसी केस के कई आरोपियों की जमानत याचिका की सुनवाई के कलए भी तीन सप्ताह बाद की तारीख दे दी। बैंच ने दोनों पक्षों के वकीलों से कहा कि वे एक समेकित चार्ट पेश करें, जिसमें पूरा विवरण हो, जैसे- उन्हें दी गई वास्तविक सजा तथा उनकी अब तक जेल में गुजरी अवधि।

गुजरात सरकार की तरफ से प्रस्तुत हुये सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बैंच को बताया, ''हम उन अभियुक्तों को मृत्युदंड देने का गंभीरतापूर्वक आग्रह करेंगे, जिनके मृत्युदंड (गुजरात उच्च न्यायालय द्वारा) उम्र कैद में बदल दिये गये थे। यह दुर्लभ केसों में एक ऐसा दुर्लभतम केस है, जिसमें 59 लोग, जिनमें महिलाएं एवं बच्चे भी शामिल थे, जीवित जला दिये गये थे।

विस्तृत विवरण देते हुये, लॉ ऑफिसर ने कहा कि ट्रायल कोर्ट ने 11 अभियुक्तों को मृत्युदंड दिया था तथा 20 अन्य को उम्र कैद की सजा दी थी।

मेहता ने कहा कि उच्च न्यायालय इस केस में कुल 31 अपराधियों की पुष्टि की थी तथा 11 अभियुक्तों के मृत्युदंड को उम्र कैद में बदल दिया था।

ज्ञातव्य है कि 27 फरवरी 2002 को, जब ट्रेन का एस-6 कोच गुजरात के गोधरा स्टेशन पर जलाया गया था, उसमें 59 लोग मारे गये थे तथा इस घटना के फलस्वरूप राज्य में दंगे भड़क गये थे।

# 'मु.मंत्री गहलोत ने साढे तीन मिनट में मुझे अभियुक्त बना दिया'

## केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह ने पत्रकारों से वार्ता में यह भी कहा कि, एस.ओ.जी. आज तक मुझे दोषी साबित नहीं कर पाई

जयपुर, 20 फरवरी । मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बयान पर पलटवार करते हुए केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने भाजपा मुख्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए कहा, साढ़े चार साल की जांच में एस.ओ.जी. (स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप) मुझे दोषी साबित नहीं कर पाई,जबकि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने साढ़े तीन मिनट में मुझे अभियुक्त बना दिया। उनके इसी मानसिक स्तर के कारण शायद कुछ लोग उन्हें जादूगर कहते हैं।

उन्होंने कहा कि, अभियुक्त कौन है इसको जरा ध्यान से देखना चाहिए। बाड़मेर के पचपदरा से चुनाव लड़ने की जुगत में रहे कांग्रेसी नेता का नाम भी टटोल लेना चाहिए। सी.एम. ने मेरी राजनीतिक हत्या करने का प्रयास किया। क्या इसे व्यक्तिगत दुश्मनी निकालने की कोशिश के रूप में देखा जाए ? क्या इसे अपने पुत्र की हार की खीज मिटाने के प्रयास के रूप में देखा जाए? उन्होंने कहा, क्या सी.एम. का यह बयान पुलिस को इशारा समझा जाए? राजस्थान के सी.एम. ने सिर्फ सार्वजनिक मंचों से कीचड़ उछालने का प्रयास किया है। एस.ओ.जी. का दुरुपयोग करके गजेंद्र सिंह को फंसाने का प्रयास किया जा रहा है। ज़ैड सिक्यूरिटी पर ग जेंद्र शेखावत ने कहा कि, सी.एम. ने इस सिक्यूरिटी को भी मुझ पर बोलने के लिए हथियार बनाया। मैंने केंद्र से सुरक्षा नहीं मांगी थी। पंजाब प्रभारी होने के नाते सुरक्षा के आकलन के बाद सिक्यूरिटी बढ़ाई गई। मुख्यमंत्री कहते हैं कि, एस.ओ.जी. की गिरफ्तारी से बचने के लिए मेरी सिक्यूरिटी बढ़ाई गई। मैं तो प्रदेश के हर हिस्से में जाता हूं, अगर चुनौती देकर कहता हूं। अगर किसी भी स्तर पर मैं दोषी पाया जाता हूं, तो एस.ओ.जी. सिर्फ मुझे बोल दे। मैं खुद सहर्ष के एस.ओ.जी. पास पहुंच जाऊंगा।

- **शेखावत ने कहा, सी.एम. ने हर स्तर पर व्यक्तिगत दुश्मनी निकालने की कोशिश की, क्या इसे अपने पुत्र की हार की खीज मिटाने के रूप में देखा जाए।**

शेखावत ने कहा कि, जनता के आशीर्वाद की जलन इस कदर नहीं होनी चाहिए कि, अगर आप जीत नहीं पाए तो लांछन लगाने में जुट जाएं। सैंकडों बादल भी अगर आ जाएं तो सूरज को उगने से नहीं रोक सकते। गहलोत के खिलाफ मानहानि का केस करने के सवाल पर शेखावत ने कहा कि, उन्होंने इसके लिए मुझे बहुत मौके दिए हैं। मैं उनके स्तर पर नहीं जाना चाहता। मैं अपने धैर्य की क्षमता परखने का प्रयास करूंगा।

# बाइडन ने यूक्रेन को दिया 500 मिलियन डॉलर का पैकेज

कीव, 20 फरवरी (वार्ता)। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन सोमवार को युद्ध प्रभावित यूक्रेन की राजधानी कीव पहुंचे। रूस के साथ पूर्वी यूरोपीय देश के सैन्य संघर्ष के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति की यूक्रेन की यह पहली यात्रा है। राष्ट्रपति बाइडन ने यूक्रेन के लिए 500 मिलियन डॉलर के पैकेज की घोषणा की।

बाइडन ने कीव पहुंचने पर कहा, एक साल बाद कीव और यूक्रेन खड़ा है। लोकतंत्र खड़ा है। व्हाइट हाउस ने एक बयान में कहा, आज, कीव में, मैं (बाइडन) यूक्रेन के लिए हमारे समर्थन पर विस्तृत चर्चा के लिए राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की और उनकी टीम से मिल रहा हूं। बयान में कहा गया है कि अमेरिका इस सप्ताह के अंत तक रूस और उसकी कंपनियों पर अतिरिक्त प्रतिबंधों को लगाने की घोषणा करेगा।

गौरतलब है कि यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर ज़ेलेंस्की ने 21 दिसंबर, 2022 को वाशिंगटन डी.सी. की ऐतिहासिक यात्रा के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति से मुलाकात की थी। रूस के साथ सैन्य संघर्ष शुरू होने के बाद यह ज़ेलेंस्की की फरवरी 2022 के बाद से पहली विदेश यात्रा थी। उन्होंने राष्ट्रपति जेलेंस्की से मुलाकात के बाद कहा कि यूक्रेन को जल्द ही नए हथियारों की सप्लाई होगी। हम पुतिन को गलत साबित करके रहेंगे।

# विपक्षी दलों में फूट की बात कहकर कुशवाहा ने नीतीश का साथ छोड़ा

## उपेन्द्र कुशवाहा ने जे.डी.यू से इस्तीफा दिया और नई पार्टी राष्ट्रीय लोक जनता दल बनाने की घोषणा की

पटना, 20 फरवरी (वार्ता)। बिहार में सत्तारूढ़ जनता दल यूनाइटेड (जदयू) संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने आज पार्टी से इस्तीफा दे दिया और नई पार्टी राष्ट्रीय लोक जनता दल (रालोजद) के गठन की घोषणा की।

कुशवाहा ने सोमवार को यहां संवाददाता सम्मेलन कर जद यू से इस्तीफा देने और नई पार्टी राष्ट्रीय लोक जनता दल के गठन की घोषणा की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार गलत रास्ते पर हैं और अब वह अपनी मर्जी से कोई भी फैसला पार्टी में नहीं ले पा रहे हैं, इसके कारण पार्टी बहुत कमजोर हो गई है। नीतीश कुमार पहले पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं से बात कर कोई फैसला लेते थे और उनका फैसला तब सही होता था लेकिन अब वह कुछ डरे हुए लोगों से घिरे रहते हैं, जो गलत सलाह देते हैं।

कुशवाहा ने कहा कि एक दो दिनों में वह बिहार विधान परिषद की सदस्यता से भी इस्तीफा दे देंगे। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार अपने घर को मजबूत करने के बजाय दूसरे के घर में उत्तराधिकारी ढूंढ रहे हैं। यदि वह अति पिछड़ा समाज से किसी को चुनते तो कोई दिक्कत नहीं होती। उन्होंने कहा,जेड उपेंद्र कुशवाहा पसंद नहीं थे तो कोई बात नहीं लेकिन परिवार के अंदर ही किसी को ढूंढते।'' कुशवाहा ने कहा कि जब उन्होंने पार्टी की दिन-प्रतिदिन हो रही कमजोर स्थिति को लेकर सवाल उठाया तब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उनसे पार्टी छोड़ कर जाने के लिए कह दिया। पत्रकारों ने जब उन्हें यह याद दिलाया कि उन्होंने ही कहा था कि वह बिना हिस्सा लिए पार्टी कैसे छोड़ सकते हैं इस पर कुशवाहा ने कहा,''नीतीश के पास अब बचा ही क्या है। उनके हाथ में शून्य है। उन्होंने पूरी पार्टी गिरवी रख दी है। मैं उनसे अब क्या हिस्सा मांगू।'' गौरतलब है कि उपेन्द्र कुशवाहा ने रविवार और सोमवार को जदयू के प्रमुख साथी और पूर्व में उनके साथ राष्ट्रीय लोक समता पार्टी (रालोसपा) में काम कर चुके सहयोगियों और महात्मा फुले समता परिषद के साथियों के साथ यहां सिन्हा लाइब्रेरी में बैठक की।

## मुम्बई की तर्ज पर दिल्ली में ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

गए संशोधनों से स्पष्ट है कि पुणे के रीजनल ट्रांसपोर्ट ऑफिस (आर.टी.ओ.) द्वारा 21 दिसम्बर को रद्द किए लायसैंस के मद्देनज़र सेवा समूह केन्द्र किसी वैध लायसैन्स के बिना सेवा संचालन नहीं कर सकता।

शीर्ष अदालत के निर्णय के अनुसरण में दिल्ली के परिवहन विभाग ने कहा था कि यह मोटर वीकल एक्ट 1988 का उल्लंघन है, जिसके कारण सेवा समूह केन्द्र टू-वहीलर्स का उपयोग करने पर 1 लाख रूपए के जुर्माने का पात्र होगा।

विभाग के एक सार्वजनिक नोटिस में कहा गया है कि ड्राइवर का लायसैंस तीन माह के लिए निलम्बित कर दिया जाएगा, पहली गलती पर सेवा समूह केन्द्र पर 5 हजार रूपए जुर्माना और दूसरी पर 10 हजार रूपए जुर्माना एवं एक साल तक की सजा हो सकती है।

महाराष्ट्र के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि रोपन ट्रांसपोर्टेशन सर्विस प्राइवेट लिमिटेड (रैपिडो), राज्य सरकार की 19 जनवरी को जारी अधिसूचना को चुनौती दे सकता है, जिसमें ''नॉर्न-ट्रांसपोर्ट व्हीकल'' को कार शेयरिंग से निषिद्ध किया गया है।

## तमिलनाडू ने ''नीट'' की वैधता को...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

मुद्दे को उठा रही है क्योंकि राज्य की लोक-भावनाएं नीट के विरोध में हैं तथा इसलिये द्रमुक को इसका राजनैतिक लाभ भी मिल सकता है। तमिलनाडु सरकार इसके जरिये केन्द्र सरकार को इस रूप में चित्रित करना चाहती है, जैसे कोई क्रूर सामंत तमिलनाडु को अपने तरीके से चलाने के लिये बाध्य कर रहा हो।

केन्द्र सरकार पूरे देश के सरकारी तथा प्राइवेट मैडिकल कॉलेजों में संचालित अन्डरग्रेजुएट मैडिकल कोर्सों, जैसे एम.बी.बी.एस. तथा बी.डी.एस., तथा पोस्ट ग्रेजुएट कोर्सों में प्रवेश के लिए नीट, जो प्री-मैडिकल प्रवेश परीक्षा है, का आयोजन करती है।

द्रमुक के नेतृत्व वाली तमिलनाडु सरकार ने संविधान के अनुच्छेद 131 के तहत दायर किये मुकदमे में आरोप लगाया है कि नीट से संघवाद की समवर्ती सूची का उल्लंघन हो रहा है क्योंकि इससे शिक्षा से संबंधित निर्णय लेने की राज्य की स्वायत्तता छीनी जा रही है।

वकील अमित आनन्द तिवारी के जरिये दायर की गई इस याचिका में कहा गया है कि 2020 में सर्वोच्च न्यायालय ने नीट की वैधता का समर्थन इन आधारों पर किया था कि यह अनुचित प्रचलनों को रोकने के लिये आवश्यक है, जैसे- उम्मीदवारों की पैसे देने की क्षमता (पेइंग कैपेसिटी) के आधार पर प्रवेश देना, कैपिटेशन फीस वसूल करना, बड़े पैमाने पर घपले, विद्यार्थियों का शोषण, लाभार्जन तथा व्यवसायीकरण।

याचिका कहती है कि इस प्रकार के आधार सरकारी सीटों पर प्रवेश के मामले में लागू नहीं होते तथा उस फैसले की तार्किकता केवल प्राइवेट कॉलेजों की सीटों पर ही लागू होती है।

याचिका आगे कहती है कि नीट की पुष्टि करने वाला फैसला किसी राज्य को सरकारी सीटों पर प्रवेश के मामले में बाध्य नहीं करता।

तमिलनाडु सरकार ने डिग्री की माँग करते हुये कहा है कि ''नैशनल मैडिकल फॉर इंडियन सिस्टम ऑफ मैडिसिन एक्ट, 2020, नैशनल कमीशन ऑफ होम्योपैथी एक्ट, 2020, पोस्ट ग्रेजुएट मैडिकल एजुकेशन रेग्युलेशंस, 2000 के नियम 9 तथा 9ए, बी.डी.एस. कोर्स रेग्यूलेशंस, 2007 के नियम 1(2), 1(5) तथा द्वितीय संविधान के अनुच्छेद 14 का तथा संघवाद का उल्लंघन करते हैं तथा इसलिये इसे (नीट) को रद्द कर दिया जाना चाहिये।''

# क्रिकेट की पिच पर जमेगी भारत और ऑस्ट्रेलिया की दोस्ती

नई दिल्ली, 20 फरवरी। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और आस्ट्रेलिया के उनके समकक्ष एंथनी अल्बनीज मिलकर क्रिकेट मैच देखने की योजना बना रहे हैं। यह मैच भारत और आस्ट्रेलिया के बीच ही होना है। यह टैस्ट क्रिकेट मैच अहमदाबाद में 9 से 13 मार्च के बीच होना है। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री व्यापार, निवेश और महत्वपूर्ण खनिजों सहित कई क्षेत्रों में समग्र द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अगले महीने की शुरुआत में भारत का अपना पहला दौरा करने वाले हैं। उनके दौरे की योजना से वाकिफ सूत्रों ने सोमवार को कहा कि अल्बनीज के 8 मार्च के आसपास यात्रा शुरू करने की उम्मीद है।

- **प्र.मंत्री मोदी और उनके ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष एंथनी अल्बनीज़ अहमदाबाद में एक साथ क्रिकेट मैच देखने की योजना बना रहे हैं**

जानकारों के मुताबिक, अल्बनीज और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चौथा क्रिकेट टैस्ट मैच देखने के लिए अहमदाबाद की यात्रा कर सकते हैं। पिछले साल मई में प्रधानमंत्री बनने के बाद अल्बनीज की यह पहली भारत यात्रा होगी। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री की भारत यात्रा की तैयारी के लिए पिछले हफ्ते ऑस्ट्रेलिया का दौरा किया था। अभी दौरे की कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है।

## अमेरिका के राष्ट्रपति बाइडन ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

पश्चिमी देशों की एकता में दरार निर्मित करना था। यूरोपीय देशों के प्रति आकर्षण प्रकट रूप से यहां चीन के मार्केट का विस्तार और चीन की कंपनियों को इन देशों में ऑपरेट करने के अवसर प्रदान करवाना है।

यूरोपीय देशों के साथ काम करने का प्रण और उन्हें अन्य प्रलोभन देने की चीन की नीति का कोई विशेष प्रभाव नहीं पड़ा है, बल्कि लगता है कि यूरोप के कूटनीतिक चीन की चालों को लेकर और आंशकित हो गए हैं।

यूरोपीयन कमीशन की वर्तमान अध्यक्ष उर्सला वॉन दे लेडन ने यह टिप्पणी करते हुए चीन के इरादों के प्रति असंतोष व्यक्त किया है कि चीन को अपने सकारात्मक रवैये को लेकर और प्रमाण देने की आवश्यकता है।

यानि कि यूरोपीयन कमीशन चीन के इरादों को लेकर प्रश्न कर रहा है, ताकि यह वास्तव में सिद्ध हो सके कि वह शांति के उद्देश्य को लेकर काम कर रहा है। तथापि यह बात अन्तर्राष्ट्रीय मसलों पर चीन के स्वयं के उद्देश्यों और उसके स्वाभाविक गुणों के विपरीत है। चीन को उम्मीद थी कि यूक्रेन पर रूस एक त्वरित एवं निर्णायक विजय प्राप्त लेगा और उससे यह सिद्धांत भी प्रतिपादित हो जाएगा कि ''जिसकी लाठी उसकी भैंस'' और यह भी सशस्त्र हस्तक्षेप बातचीत से परे जाकर कोई भी समाधान निकाल सकता है। चीन अपने सभी पड़ोसी देशों की इच्छा के विपरीत अन्तर्राष्ट्रीय संबंधों में दृष्टिकोण को लगातार आगे बढ़ा रहा है।

वह अन्तर्राष्ट्रीय विधि एवं नियमों का खुला उल्लंघन कर दक्षिण चीन सागर के किनारे वाले देशों के व्यापक इकोनॉमिक ज़ोन्स को हथियाना चाहता है। वह ताइवान पर भी हमला करने की फिराक में है, लेकिन क्या इसमें कानूनों और समझौते के विवरण उसकी राह में आड़े नहीं आएंगे। यदि चीन इस बार भी कुछ कह रहा है तो इसका मतलब है कि वह वो नहीं कर रहा है जो प्रायः वह कहता है, अर्थात आग में घी डालने का काम।

## दिल्ली धर्म संसद ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

फॉरेन्सिक लैब में भेज दिये गये थे तथा उनकी रिपोर्ट अभी प्रतिक्षित है।

सर्वोच्च न्यायालय उस याचिका की सुनवाई कर रहा था जिसमें दिल्ली पुलिस के खिलाफ अदालत की अवमानना की कार्यवाही की माँग की गई है क्योंकि इस घटना को लेकर दिल्ली पुलिस कथित तौर पर निष्क्रिय रही है। याचिकाकर्ता तुषार गांधी ने कहा कि पुलिस की यह निष्क्रियता इस अदालत द्वारा तहसीन पूनावाला केस मे दी गई गाइडलाइनों का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि उक्त गाइडलाइनों में बताया गया था कि इस प्रकार के मामलों से किस तरह निबटा जाना चाहिए।

पिछले महीने इस याचिका की सुनवाई करते हुये, सर्वोच्च न्यायालय ने पुलिस से कहा था कि वह अदालत को जाँच के नतीजों से अवगत कराये। अदालत ने यह भी पूछा था कि इस मामले की एफ.आई.आर. पाँच महीने के बाद क्यों दर्ज की गई थी।

## महाधिवेशन से तीन दिन पहले ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

है। हम नहीं डरेंगे, हम नहीं झुकेंगे।'' रमेश ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा की सफलता के बाद हाथ से हाथ जोड़ो अभियान और अब 85वां महाधिवेशन जिसमें करीब 15 हजार प्रतिनिधियों के भाग लेने की उम्मीद है और उसमें भारतीय राजनीति में आमूल-चूल परिवर्तन करने के लिए छह प्रस्ताव पारित किए जाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि ''हमने इस सरकार को हिलाकर रख दिया है।''

उन्होंने सरकार की निराशा को रेखांकित करते हुए कहा कि ''हम चौदह दिनों से सरकार से तीन प्रश्न प्रत्येक दिन पूछ रहे हैं। हमने प्रधानमंत्री से सीधे प्रश्न किया है कि उन्होंने गौतम अडानी की मदद किस तरह से की है और भारत के लोगों के साथ यह महाअपराध कैसे किया। रमेश ने कहा कि ''प्रधानमंत्री वैसे ही बिल्कुल चुप हैं, जैसे वे चीन की घुसपैठ पर चुप्पी साधे हुए हैं। यद्यपि वे अडानी महा घोटाले को लेकर खामोश हैं, लेकिन उन्होंने कांग्रेस पार्टी के विरूद्ध ई.डी. की कार्यवाही करवा दी है।''

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को जहां ई.डी. की कार्रवाई करवानी चाहिए वे वहां नहीं करवाते। वे लोग जिनके खिलाफ पूर्व में ई.डी. की कार्रवाई की गई, वे लोग भाजपा में शामिल होने के बाद दूध के धुले बन गए हैं तथा उनके लिए अच्छा-अच्छा कहा जा रहा है और वे निर्दोष बन चुके हैं। रमेश ने कहा- लेकिन हमारे कांग्रेस अध्यक्ष एवं राज्यसभा में विपक्ष के नेता ने भाजपा को वॉशिंग मशीन की संज्ञा दी थी किन्तु उनकी इस बात को बाद में सदन की कार्यवाही से हटा दिया गया। कांग्रेस नेता ने जोर देकर कहा कि ''मैं नहीं जानता कि रेड्स कब तक चलेंगी, लेकिन हम तैयार हैं। हमारे अधिकांश नेता 23, 24 25 और 26 फरवरी को रायपुर में होंगे। हमारा महाधिवेशन आयोजित होगा।''

उन्होंने कहा कि इन रेड्स ने हमारा दृढ़ निश्चय बढ़ाया है। यदि ऐसा है तो इन रेड्स ने हमें प्रधानमंत्री और उनकी प्रतिशोधात्मक थर्ड ग्रेड पॉलीटिक्स के विरूद्ध और आक्रामक होने के लिए एक बूस्टर डोज़ दी है।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि कुछ विधायकों और कांग्रेस नेताओं से संबंधित परिसरों सहित एक दर्जन से अधिक ठिकानों की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि ई.डी. उन लोगों की जांच कर रही है जो वर्तमान सरकार के कार्यकाल के दौरान कथित रूप से किए गए कोल लैवी स्कैम के लाभार्थी रहे हैं। एजेंसी का आरोप है कि ई.डी. की जांच एक महाघोटाले से संबंधित है, जिसमें छत्तीसगढ़ में परिवहन होकर आने वाले प्रत्येक एक टन कोयले के लिए एक गुट द्वारा 25 रूपए प्रतिटन अवैध रूप से वसूला जा रहा है। इस गुट में वरिष्ठ नौकरशाह, व्यापारी, राजनेता और दलाल शामिल हैं।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908